सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 07 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 7, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

शेयर बाजार ने लगाया 1,258 अंकों का गोता

कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,258 अंक का गोता लगा गया। एनएसई निफ्टी भी लुढ़क कर 23,700 अंक के नीचे आ गया। } 14

भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को बढ़ायेंगे आगे

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने में अपने समकक्ष सुलिवन के व्यक्तिगत योगदान के लिए उनकी सराहना की। } 16

जल्द ही भारत में दौड़ेगी पहली बुलेट ट्रेन

मोदी ने देशभर से हाई स्पीड ट्रेनों की बढ़ती मांग व रेल क्षेत्र में हुए बदलाव को किया रेखांकित

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर से हाई स्पीड ट्रेनों की बढ़ती मांग और अपनी सरकार के तहत रेल के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नए जम्मू रेलवे डिवीजन के उद्घाटन सहित रेल से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि पिछले दशक में रेलवे में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। इस दौरान मोदी ने तेलंगाना में चारलापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का भी उद्घाटन किया और पूर्वी तटीय रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने हाल ही में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन के परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि 50 से अधिक मार्गों पर 136 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। उन्होंने कहा वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

पिछले कुछ दिनों में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने नए साल में संपर्क के मामले में भी तेज रफ्तार बनाए रखी है। उन्होंने कहा मैंने कल दिल्ली-एनसीआर में नमो भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

कौम को जिंदगी देता है शहीद का बलिदान : योगी

सीएम ने गिनाईं यूपी की उपलब्धियां, बोले-तंत्र वही है, बस बदला है सरकार का चेहरा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शहीद का बलिदान कौम की जिंदगी होती है। देश, धर्म के लिए बलिदान होने वाली लंबी श्रृंखला सदैव से समाज को नया जीवन देती रही है। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर पीएम मोदी ने आगामी 25 वर्ष का लक्ष्य रखते हुए कहा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। उन्होंने पंच प्रण की बात कही। इसमें मुख्यतः गुलामी के अंशों को सर्वथा समाप्त करना, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति, सुरक्षा बलों के जवानों का सम्मान करना है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोमवार को एक निजी होटल में आयोजित शौर्य सम्मान-2025 कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों सहित उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

सीएम ने कहा कि जवान सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किए बिना देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। इस समय भी जब माइनस 20,25,10 तापमान है, तब देश की सीमाओं पर भारत मां के जवान दिन रात खड़े होकर, पुलिस बल के जवान निरंतर पेट्रोलिंग में रहकर आमजन के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करते हैं। यदि समाज आर्मी, पैरामिलिट्री, पुलिस बल के जवानों का सम्मान नहीं करेगा या शहीद परिवारों के बारे में नहीं सोचेगा तो इसका मतलब हम राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। सीएम ने कहा कि 1965-1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए युद्ध में भागीदार, शहीदों के परिजनों, भारतीय सेना के जवानों, देश के अंदर हुए विभिन्न ऑपरेशन में भाग लेने वाले स्मृतिशेष जवानों के परिजनों का यहां सम्मान हुआ। सुरक्षा के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। स्वतंत्रता का अहसास हो, लेकिन हमारी स्वतंत्रता दूसरे की स्वतंत्रता में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान दिया, उसके अनुसार सुरक्षा की पहली शर्त सुशासन है। सुशासन की स्थापना के लिए जो जवान दिन रात लगे रहते हैं, उन्हें सम्मान देना राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन जैसा है। सीएम ने 2017 के पहले और अब के उत्तर प्रदेश का अंतर बताया। बोले कि 2017 के पहले कोई सुरक्षित नहीं था। नौजवान के भविष्य से खिलवाड़ होता था। उनके पास नौकरी व रोजगार नहीं ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

ट्रूडो ने कनाडा के पीएम पद से दिया इस्तीफा

टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो लिबरल पार्टी में आंतरिक असंतोष और मतदाताओं के बीच लोकप्रियता में कमी आने के कारण प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, उन्होंने पार्टी के नेता पद से भी इस्तीफा दे दिया है। जस्टिन ट्रूडो नया नेता चुने जाने तक पद पर बने रहेंगे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि लिबरल पार्टी का नया नेता चुने जाने तक, 53 वर्षीय ट्रूडो प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। हालांकि, तत्काल यह स्पष्ट होने की संभावना नहीं है कि नया प्रधानमंत्री चुने जाने के लिए देशव्यापी चुनाव कब आयोजित किये जायेंगे।

एनडीआरएफ ने गंगा में डूब रहे नौ को बचाया

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ मेले के दौरान मेला क्षेत्र में तैनात राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवानों ने सोमवार को सतर्कता और कुशलता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए गंगा नदी में डूब रहे एक ही परिवार के नौ सदस्यों को बचाया लिया। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा सोमवार को अरैल घाट का दौरा करने पहुंचे थे, तभी उन्होंने देखा कि नाव में सवार नौ लोग तेज धारा में अनियंत्रित होकर फंस गए थे और वे मदद के लिए शोर मचा रहे थे। उन्होंने बताया कि बीच धारा में फंसे लोगों की पुकार सुनकर शर्मा ने तुरंत एनडीआरएफ की टीम को नदी में उतरने और परिवार को सुरक्षित बचाने का निर्देश दिया।

नक्सली हमले में नौ जवान शहीद

छत्तीसगढ़ : बारूदी सुरंग में विस्फोट कर सुरक्षाकर्मियों के वाहन को बनाया निशाना ❍ धमाके से पेड़ के ऊपर मिले वाहने के टुकड़े

एजेंसी

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को नक्सलियों ने एक वाहन को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर उड़ा दिया, जिसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवान और एक चालक की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पिछले दो वर्षों में राज्य में सुरक्षा बलों पर माओवादियों का यह सबसे बड़ा हमला है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि कुटरू थाना क्षेत्र के अंबेली गांव के पास दोपहर करीब 2.15 बजे नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर एक वाहन को उड़ा दिया। यह घटना तब हुई जब दंतेवाड़ा जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान नक्सल विरोधी अभियान के बाद अपनी एसयूवी कार से लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि सभी आठ डीआरजी जवानों और वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है और इसमें ज्यादातर स्थानीय आदिवासियों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भर्ती किया जाता है। आईजी ने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और शवों को बाहर निकाला जा रहा है। सुंदरराज ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है।

आईजी ने कहा कि ये डीआरजी जवान नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर की सीमाओं पर सुरक्षा कर्मियों की संयुक्त टीमों द्वारा तीन दिनों तक चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान में शामिल थे। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक चले अभियान में पांच नक्सली मारे गए और डीआरजी का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया। अधिकारी ने बताया कि अभियान के बाद दंतेवाड़ा से डीआरजी के जवान अपने बेस पर लौट रहे थे, तभी कुटरू इलाके में यह हमला हुआ। जिस इलाके में विस्फोट हुआ वह राजधानी रायपुर से करीब 400 किलोमीटर दूर है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल में एक बड़ा गड्ढा हो गया है, जो 10 फुट से ज्यादा गहरा है। उनके मुताबिक, हमले में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा वाहन का एक हिस्सा पास के एक पेड़ पर भी लटका हुआ... शेष पृष्ठ 14 पर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प जताते हुए सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सल हमले में मारे गए जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को छत्तीसगढ़ नक्सली हमले में नौ लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया और कहा कि देश नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए कृत संकल्प है।

1991 के उपासना स्थल कानून को लेकर कोर्ट से हस्तक्षेप का अनुरोध

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय संत समिति नामक हिंदू संगठन ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर 1991 के उपासना स्थल कानून के प्रावधानों की वैधता के खिलाफ दायर मामलों में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। इस कानून में 15 अगस्त 1947 के समय के धार्मिक स्वरूप को बरकरार रखने को कहा गया है।

वकील अतुलेश कुमार के माध्यम से दायर संगठन की याचिका में 1991 के अधिनियम की धारा तीन और चार को चुनौती दी गई है। दलील दी गई है कि इन धाराओं से समानता के अधिकार एवं धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता सहित कई मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। उपासना स्थल कानून किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक स्वरूप को उसी रूप में बनाए रखने का प्रावधान करता है जैसा वह 15 अगस्त 1947 को था। हालांकि, अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद से संबंधित विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने 12 दिसंबर, 2024 को अगले निर्देश तक सभी अदालतों को नए मुकदमों पर सुनवाई और ...शेष पृष्ठ 14 पर

देश में नये वायरस ने दी दस्तक

कर्नाटक, तमिलनाडु व गुजरात में मिले पांच मामले, नड्डा ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में सोमवार को पांच शिशुओं में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण की पुष्टि हुई, जो भारत में इस वायरस से संक्रमण के पहले दर्ज मामले हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि वह श्वसन संबंधी बीमारियों में किसी भी संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले सामने आने के बाद सोमवार को कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है और देश में किसी भी सामान्य श्वसन वायरस रोगजनक में कोई वृद्धि नहीं देखी गई है। नड्डा ने एक वीडियो संदेश में कहा कि चीन में एचएमपीवी की हालिया खबरों के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्रालय, आईसीएमआर, देश की शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान संस्था और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) चीन और अन्य पड़ोसी देशों में स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। एचएमपीवी वैश्विक स्तर पर श्वसन संबंधी बीमारी पैदा करने वाला ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीबीआई पोर्टल भारतपोल की शुरुआत करेंगे अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को सीबीआई द्वारा विकसित पोर्टल भारतपोल की शुरुआत करेंगे। इससे राज्यों के पुलिस बल और अन्य केंद्रीय कानून लागू करने वाली एजेंसियों को इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पुलिस की मदद के लिए वास्तविक समय में सूचना साझा करने की सुविधा मिलेगी। नया अत्याधुनिक ऑनलाइन मंच भारतपोल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बलों और केंद्रीय एजेंसियों को विदेश में छिपे भगोड़े व्यक्तियों या अन्य मामलों के बारे में इंटरपोल से सूचना मांगने के लिए अपने अनुरोध भेजने की सुविधा देगा। गृह मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि साइबर अपराध, वित्तीय अपराध, ऑनलाइन माध्यम से कट्टरपंथ को बढ़ावा, संगठित ...शेष पृष्ठ 14 पर

पीएम मोदी से सीएम धामी ने की भेंट

धामी ने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए किया आमंत्रित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को मलारी (चमोली) की शॉल और नारायण आश्रम की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास में प्रधानमंत्री के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम चरण पर तेजी से काम चल रहा है। टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना का सर्वे का कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की स्वीकृति और परियोजना का पूर्ण वित्तीय व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में प्रस्तावित बुनियादी विकास कार्यों के लिए ऋषिकेश के पुराने रेल स्टेशन को बंद करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 18.06 डिसे.

न्यूनतम : 08.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- सुरक्षित महाकुम्भ के लिए 70 जिलों की फोर्स तैनात (पृष्ठ-02)
- यूपी में पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में बूम (पृष्ठ-02)
- रिजर्व बैंक ने किया आठ टन सोने की खरीद (पृष्ठ-14)
- पामतेल खेती के लक्ष्यों को प्राथमिकता दें राज्य (पृष्ठ-14)
- तमिलनाडु के राज्यपाल ने नहीं पढ़ा अभिभाषण (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

सरकार द्वारा आयात शुल्क में बढ़ोतरी के चलते वनस्पति तेल की कीमत में 16 प्रतिशत की हुई वृद्धि

आलू-टमाटर की ऊंची कीमतों से महंगी हुई घर की थाली

एजेंसी

मुंबई। टमाटर और आलू जैसी रसोई के आम इस्तेमाल वाली खाद्य वस्तुओं के महंगा होने से दिसंबर में घर का बना खाना महंगा हो गया। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

साख निर्धारक (रेटिंग) एजेंसी, क्रिसिल की एक इकाई की रिपोर्ट में कहा गया है कि शाकाहारी थाली तैयार करने की औसत लागत दिसंबर में छह प्रतिशत बढ़कर 31.6 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 29.7 रुपये प्लेट थी। हालांकि, यह कीमत नवंबर महीने की 32.7 रुपये की दर से कम है। रोटी, चावल, दर रिपोर्ट में, जो आम आदमी के भोजन पर खर्च का आकलन करती है, में क्रिसिल ने पाया कि मांसाहारी थाली की लागत दिसंबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत और मासिक आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 63.3 रुपये हो गई। खाद्य पदार्थों के महंगे होने के कारणों की व्याख्या करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर में टमाटर की कीमतें 24 प्रतिशत बढ़कर 47 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि आलू 50 प्रतिशत बढ़कर 36 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। रिपोर्ट कहती है कि सरकार द्वारा आयात शुल्क में बढ़ोतरी के कारण वनस्पति तेल की कीमत में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे आम आदमी के लिए परेशानी बढ़ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना परिप्रेक्ष्य से, एलपीजी ईंधन की दरों में 11 प्रतिशत की गिरावट ने उच्च लागत के प्रभाव को कम करने में मदद की है। मांसाहारी थाली के मामले में, ब्रॉयलर की कीमत में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका समग्र भोजन लागत की गणना में 50 प्रतिशत भार होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पॉल्ट्री की कीमतों में उछाल पूर्व के निचले आधार की वजह से है। नवंबर की तुलना में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से ताजा आपूर्ति के बीच टमाटर की कीमतों में 12 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे शाकाहारी थाली की लागत तीन प्रतिशत कम करने में मदद मिली। इसमें कहा गया है कि प्याज की कीमतों में 12 प्रतिशत और आलू की कीमतों में दो प्रतिशत की गिरावट ने नवंबर और दिसंबर के बीच कीमतों ...शेष पृष्ठ 14 पर

दबंगों ने महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के रामपुर बांगर गांव में इंसानियत को शर्मसार और मानवता को तार-तार करने वाली घटना सामने आई है। घटना 2 जनवरी की है जब एक दलित महिला के परिवार वालों ने अल्पसंख्यक परिवार के एक युवक पर महिला को भगाने के आरोप में युवक के परिवार की महिलाओं के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दी। आरोप है कि महिला के दबंग घर वालों ने लड़के की मां और चाची को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया गया।

❍ पीड़िता के बेटे पर विवाहिता को भगाने का आरोप

गौरतलब है कि कुशीनगर जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक दलित महिला की शादी गोरखपुर के गुलहरिया थाना क्षेत्र में हुई थी। बताया जाता है कि 31 दिसम्बर को वह महिला अपने ससुराल से गायब हो गई। इसके बाद ससुराल वालों ने संबंधित थाने में महिला की गुमशुदगी दर्ज करायी। सूत्र बताते हैं कि जब इसकी जानकारी लड़की के मायके वालों को हुई तो वह लापता लड़की की तलाश में जुट गए। इस दौरान महिला गांव के ही एक अल्पसंख्यक समुदाय के घर मिली। इसके बाद महिला के घर वाले युवक के घर पहुंच ...शेष पृष्ठ 14 पर

सुरक्षित महाकुम्भ के लिए 70 से अधिक जिलों की फोर्स तैनात

सीएम योगी के निर्देश पर शस्त्रागार के साथ भंडार गृह और गणना कार्यालय तैयार, आठ आठ घंटे की शिफ्ट में काम कर रहे जवान, डिजिटल अटेंडेंस का कर रहे पालन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/महाकुम्भनगर। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 70 से अधिक जिलों की फोर्स तैनात कर दी गई है। इसके तहत 15 हजार सिविल पुलिस के जवान महाकुम्भनगर के चप्पे चप्पे पर नजर रखेंगे। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 400 महिला सुरक्षा कर्मी भी तैनात की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस लाइन में इन जवानों के रुकने और खाने पीने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पुलिस लाइन में ही शस्त्रागार के साथ भंडार गृह और गणना कार्यालय भी तैयार कर लिया गया है।

- सभी जिलों से आने वाले जवानों को 3 पुलिस लाइन में दी जा रही रुकने और खाने पीने की सुविधा
- पुलिसकर्मियों के लिए चाय, कॉफी से लेकर स्वच्छ भोजन की पूरी व्यवस्था
- महिला पुलिस कर्मियों के लिए अलग व्यवस्था, मेस और कैंटीन की भी मिल रही सुविधा

8-8 घंटे की लगायी गयी शिफ्ट : महाकुम्भ मेला के लिए विभिन्न जिलों से आए सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य का विशेष इंतजाम किया गया है। पुलिस लाइन की सेंट्रल कैंटीन में सुरक्षा कर्मियों की हाइजीन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जहां पर चाय कॉफी से लेकर स्वच्छ भोजन तक की पूरी व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक, महाकुम्भनगर विलास यादव ने बताया कि यहां पर आठ आठ घंटे की शिफ्ट में जवान काम कर रहे हैं। इस तरह से इनकी अलग अलग तीन तीन शिफ्ट लगाई जा रही हैं।

एप के जरिये सेकेंडों में आ जाता है सुरक्षा कर्मी का पूरा ब्यौरा : डिजिटल महाकुम्भ के दृष्टिगत मेले में तैनात सभी पुलिस कर्मियों का पूरा डेटा एक ऐप के माध्यम से सुरक्षित रखा गया है। ऐप के जरिए सुरक्षा कर्मी का चेहरा स्कैन करते ही पता चल जाता है कि उसका नाम क्या है और वह किस जनपद से भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, सभी पुलिस कर्मियों की डिजिटल अटेंडेंस भी कराई जा रही है।

जवानों की देखरेख के लिए चिकित्सालय, तीन स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात : महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के साथ साथ जवानों के भी स्वास्थ्य की देखरेख की व्यवस्था की जा रही है। यहां पुलिस लाइन में स्वास्थ्य व्यवस्था के तहत जवानों की देखरेख के लिए चिकित्सालय बनाया गया है।

जिसमें बाकायदा तीन स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात कर दिए गए हैं। हर 10 दिन पर जवानों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए शिविर भी लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही साथ इस अस्पताल में जरूरी जांच की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं, महाकुम्भ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में भी यहां के सुरक्षा कर्मियों की जांच और उपचार की पूरी व्यवस्था की गई है।

महिला पुलिस कर्मियों की अलग व्यवस्था : महिलाओं के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन में अलग से महिला पुलिस कॉलोनी बसाई गई है, जिसमें 400 महिला सुरक्षा कर्मियों को रोक गया है। इनके लिए मेस और कैंटीन की अलग से व्यवस्था है।

महाकुम्भ के लिए अद्भुत कलाकृतियों से सजे प्रयागराज के रेलवे स्टेशन

लखनऊ/महाकुम्भनगर। महाकुम्भ 2025 की तैयारियों को डबल इंजन की सरकार भव्य स्वरूप दे रही है। खासतौर पर पूरे शहर का सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे प्रयागराज का कायाकल्प स्पष्ट रूप से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी नजर आ रहा है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे भी प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निखारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पेंट माई सिटी अभियान के तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है।

प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित करा रहीं दीवारें : प्रयागराज के रेलवे स्टेशन जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी रेलवे स्टेशन, रामबाग रेलवे स्टेशन, छिवकी रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन महाकुम्भ के दृष्टिगत भारत की कला और संस्कृति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। इन स्टेशनों की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं को चित्रित करने वाली भव्य और आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई हैं। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये कलाकृतियां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराती हैं।

- प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निभा रहा भारतीय रेलवे
- पेंट माई सिटी अभियान के तहत सभी रेलवे स्टेशनों को अद्भुत केंद्रों में किया गया परिवर्तित

कलाकृतियां श्रद्धालुओं को करेंगी आकर्षित : रेलवे की यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी दशाती है। इन कलाकृतियों में ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को दिखाया गया है, जो प्रयागराज के आध्यात्मिक स्वरूप को और भी उजागर करते हैं। ये कलाकृतियां महाकुम्भ 2025 के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

महाकुम्भ में जल संरक्षण का संदेश देंगी जल सहेलियां, साझा करेंगी अनुभव

लखनऊ। महाकुम्भ में न सिर्फ आध्यात्म और परंपराओं का संगम हो रहा है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेशों के प्रसार के लिए भी यहां मंच सज रहे हैं। मकर संक्रांति के स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र में जल संरक्षण का संदेश देने और इससे जुड़े मसलों पर चर्चा के लिए देश के कई सामाजिक, गैर सरकारी संगठनों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम रही संस्थाओं का संगम होगा। जल संरक्षण के क्षेत्र में काम कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली बुंदेलखंड की जल सहेलियां भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपने अनुभव साझा करेंगी। जल संरक्षण के क्षेत्र में समूह बनाकर कार्य कर रहीं जल सहेलियों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में सराहना कर चुके हैं। जल संरक्षण के क्षेत्र में इनके योगदान के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इन जल सहेलियों को सम्मानित कर चुके हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई जिलों में इन जल सहेलियों ने जल संरक्षण और जागरूकता के क्षेत्र में कार्य किए हैं। महाकुंभ में जल संरक्षण पर होने वाली चर्चा में एक ओर ये महिलाएं अपने अनुभव साझा करेंगी तो दूसरी ओर देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे प्रयासों से भी अवगत होंगी। जल जन जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ संजय सिंह ने बताया कि मकर संक्रांति के स्नान के बाद महाकुम्भ में जल संरक्षण पर चर्चा के लिए जल संरक्षण कार्यकताओं और संगठनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे लोग अपने अनुभव साझा करेंगे। बुंदेलखंड की जल सहेलियां भी इस आयोजन में हिस्सा लेने महाकुम्भ पहुंचेंगी।

- सामाजिक संगठनों और गैर सरकारी संस्थाओं के साथ भागीदारी करेंगी जल सहेलियां

सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास दे रहा प्रेरणा : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है। कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं।

- गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया: सीएम
- श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। सीएम योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

सीएम ने कहा कि वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ। सीएम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं...' गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। सीएम ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छूआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने 'सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे' का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की विधर्मी ताकतों को रास्ते से हटने के लिए कहा। सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं गुरु नानक देव, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोबिंद सिंह महाराज तक ने जो परंपरा डाली, उनका गौरवशाली इतिहास प्रेरणा प्रदान कर रहा है। सीएम ने सभी से कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज के विचित्र नाटक का अध्ययन कीजिए, पता चलेगा कि वे दिव्य महापुरुष थे, जो पूर्व जन्म और उन स्थितियों के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े होते हैं। सीएम ने कहा कि आज का प्रकाश पर्व उसी प्रेरणा का दिवस है, जहां सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान व कृतित्व से नई प्रेरणा प्राप्त होती है।

लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर सिंह महाराज गुरु गोबिंद सिंह को बाल्यकाल में लाकर यहियागंज गुरुद्वारे में रुके थे। इतनी ऐतिहासिक परंपरा का संरक्षण करना, उसे बढ़ाकर भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व बनता है। सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष होने के कारण यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जैसे गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व को बड़े उत्साह से आयोजित किया गया था, इन आयोजनों को भी इसी तरह बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता है। यदि इन्हें उसी रूप में बढ़ाएंगे तो भावी पीढ़ी पर उपकार होगा और लोगों को इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी। खालसा पंथ, सिख गुरुओं के त्याग- बलिदान के बारे में प्रेरणा प्राप्त होगी। सीएम ने आह्वान किया कि सिख गुरुओं का बलिदान, उनकी प्रेरणा देश व समाज के लिए उपयोगी बनाने में हम सब अपना योगदान दे पाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, डॉ. हरजोत सिंह, सतनाम सिंह सोढ़ी, सरदार दलजीत सिंह, पार्षद राजू गांधी, सरदार त्रिलोचन सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार में कमीशनखोरी हो रही : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर कमीशनखोरी हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। हर स्तर पर लूट है। भाजपा सरकार में हर पद और हर पोजीशन की रेट तय है। हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। ऐसा कोई विभाग नहीं है, जहां लूट नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री जी योगी नहीं, भ्रष्ट हैं। भाजपा सरकार का नया परिचय भ्रष्टाचार और संगठित लूट हो गया है।

- सपा अध्यक्ष ने नेताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार ने गांवों और किसानों की उपेक्षा का लगाया आरोप

अखिलेश यादव नव वर्ष के अवसर पर सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में उत्तर प्रदेश सहित झारखंड, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान से आये पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर थे। उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर जनता के हित और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही शुभकामनाओं की सफल सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट की कमाई पर कब्जा करने की लड़ाई चल रही है। खुद भाजपा विधायक और नेता भ्रष्टाचार और लूट के आरोप लगा रहे है। इस सरकार के भ्रष्टाचार ने किसी को नहीं छोड़ा है। महिलायें, व्यापारी, किसान, नौजवान आम जनता सब त्रस्त हो चुके हैं। जनता में भाजपा को लेकर भारी नाराजगी है। भाजपा वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर पीडीए का वोट कटवा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश करती है। धांधली और षड्यंत्र कर चुनाव जीतना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांवों और किसानों की उपेक्षा की। गांवों के लिए कोई काम नहीं किया। समाजवादी सरकार में लोहिया ग्राम योजना के तहत हजारों गांवों में सड़क, पेयजल तथा अन्य सुविधाओं का विकास किया गया था, लेकिन भाजपा ने द्वेष के चलते गांवों के विकास की सभी योजनाओं को बंद कर दिया।

रालोद छोटे व्यापारियों के हित में आवाज बुलंद करता रहा : अनिल दुबे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद के प्रदेश कार्यालय में व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें व्यापारियों के समस्याओं व सरकार की व्यापारी हित में योजनाओं पर विशेष तौर पर चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे सम्मिलित हुए और उन्होंने कहा कि रालोद हमेशा से छोटे व्यापारियों के हित में आवाज बुलंद करता रहा है। एनडीए की सरकार ने अफसर शाही को खत्म करने का काम किया है। आज उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जा रही है, जिससे व्यापारियों को काफी राहत महसूस हो रही है और आगे भी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल व्यापारियों की समस्या मजबूती से सरकार के समक्ष उजागर कर रहे हैं और उनके समाधान के लिए यथासंभव प्रयास किया जा रहे हैं।

रालोद के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की आवास को कमजोर नहीं होने देंगे और आज सरकार द्वारा जिस तरीके से युवा व्यापारियों के हित में योजनायें चलायी जा रही हैं। स्वयं रोजगार के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। बैठक में निर्णय के बाद रोहित कुमार सिंह को रालोद के महानगर अध्यक्ष व्यापार नियुक्त किया गया। बैठक में अतिथि के तौर पर युवा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल व छात्र के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडे ने सहभागिता की व अपने विचार प्रकट किया। पार्टी के प्रदेश महामंत्री रजनीकांत मिश्रा, प्रीति श्रीवास्तव, प्रमोद शुक्ल कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम सिंह पटेल, नेता सम्राट सिंह चौहान, राम शंकर वर्मा, विपिन द्विवेदी, वास्तव प्रिंस कनौजिया, मनीष तिवारी, विशाल श्रीवास्तव आदि बैठक में उपस्थित रहे।

यूपी में पर्यटन के साथ हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भी बूम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटन के साथ हॉस्पिटैलिटी सेक्टर भी बूम पर है। हॉस्पिटैलिटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में लगातार रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के नाते स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक लाभान्वित राज्य है।

ग्लोबल हायरिंग इनडीड की एक रिपोर्ट के अनुसार 2023 में टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की रिक्तियों में 50 फीसद की वृद्धि देखी गई। अगले कुछ वर्षों तक इसमें 24 फीसद तक की और वृद्धि संभव है। इसका स्वाभाविक लाभ अयोध्या, वाराणसी, ब्रज और जेवर आदि और इनके आसपास के शहरों को मिलेगा। मसलन, राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने के बाद से ही अयोध्या हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का पसंदीदा स्थल बन कर उभरा है। कई नामचीन ब्रांड वहां होटल बनाने को लालायित हैं। ताज सहित दो दर्जन से अधिक होटलों के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। स्थानीय होटल भी अपनी क्षमता के अनुसार अपनी प्रॉपर्टी के विस्तार और बेहतरी में लगे हैं।

- हॉस्पिटैलिटी और इससे जुड़े सेक्टर्स में बढ़े रोजगार के अवसर
- पर्यटकों की बढ़ती संख्या के नाते यूपी सर्वाधिक लाभान्वित राज्य



अयोध्या तो इसका उदाहरण मात्र है। पर्यटकों की पसंद की अन्य जगहों पर भी कमोबेश यही स्थित है। एशिया का सबसे बड़ा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी तेजी से हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के पसंदीदा स्थल के रूप में उभरा है।

सीएम योगी की मंशा पर्यटन को जन उद्योग बनाने की : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा तो पर्यटन को स्थानीय लोगों से जोड़कर इसे जन उद्योग बनाने की है। इसीलिए वह प्रयागराज के महाकुंभ और मकर संक्रांति से लेकर करीब महीने भर तक गोरखनाथ मंदिर परिसर में चलने वाले खिचड़ी मेले तथा ऐसे ही अन्य अवसरों के लिए कह चुके हैं कि स्थानीय लोग पर्यटकों, श्रद्धालुओं की सेवा सत्कार से इसे ब्रांड बनाएं। सरकार अपनी ओर से इस बाबत जो संभव है, वह कर रही है।

इंडस्ट्री के लिए कुछ और छूट देने का विचार कर रही सरकार : प्रदेश में हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म के सेक्टर में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए योगी सरकार अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी सहित प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में होटल्स के निर्माण में कुछ और छूट देने की भी सोच रही है। जगह के मानकों को लेकर कुछ छूट दी भी गई है। होम स्टे को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

क्या कहते हैं इंडस्ट्री के लोग : आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में वैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी अच्छे होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फ्रंट ऑफिस, हाउस कीपिंग, फूड एंड बेवरेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं। अगर प्रॉपर्टी छोटी है तो कुछ विभाग न होने से सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या कुछ कम हो सकती है। पर, प्रति कमरा दो कर्मचारी तो होने ही चाहिए। इससे कम होने पर आप अपने ग्राहकों को संतोषजनक सेवा नहीं दे पाएंगे।

हॉस्पिटैलिटी के साथ इससे जुड़े सेक्टर्स की भी चांदी : पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने का लाभ होटल इंडस्ट्री के अलावा इससे जुड़े एविएशन, रेलवे, सड़क परिवहन निगम और लाजिस्टिक्स से जुड़े सेक्टर्स और स्थानीय लोगों को भी होगा। वहां के खास उत्पाद की खरीद होने पर स्थानीय कला या उत्पाद को व्यापक पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री की सबसे पसंदीदा योजना ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) की अपने आप ब्रांडिंग हो जाएगी।

अजय राय ने एडवोकेट अश्विनी को कांग्रेस की दिलायी सदस्यता

लखनऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नीतियों एवं उसकी समावेशी विचाराधारा में आस्था जताते हुए कानपुर निवासी एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिकवक्ता अश्वनी त्रिपाठी ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एडवोकेट अश्विनी त्रिपाठी के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अलीमुल्लाह खान, विजय पाण्डेय, डॉ. अमित कुमार राय आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने लापता छात्रा के अपहरण के दर्ज मुकदमें में आरोपित को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पुलिस छात्रा की बरामदगी पहले ही कर चुकी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की उन्नीस वर्षीया छात्रा तीन जनवरी को सुबह करीब आठ बजे सांगीपुर डिग्री कालेज परीक्षा देने निकली थी। उसके घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। पीड़ित छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि पूरे सरदार ननौती निवासी शिवा यादव पुत्र समर यादव ने उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया है और पांच लाख की फिरौती की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीती रविवार की सुबह लापता छात्रा को पुलिस ने ननौती के पास से बरामद किया था। इधर दरोगा कैलाश यादव ने फोर्स के साथ सोमवार सुबह करीब आठ बजे ननौती मोड़ के पास से आरोपी युवक शिवा यादव को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। एसओ राधेबाबू का कहना है कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी युवक की अमेठी जिले के गौरीगंज इलाके में दुर्घटना में मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। उदयपुर के मुबारकपुर गांव निवासी चालीस वर्षीय भूपेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र श्याम सुन्दर मिश्र रविवार की रात करीब नौ बजे बाइक से जनपद सुल्तानपुर से घर लौट रहा था। अमेठी जिले के दरपीपुर गौरीगंज के पास अज्ञात बाइक की टक्कर से सडक पर गिर गया। इसी बीच पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए गौरीगंज अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने भूपेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है।

तमंचे संग आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध तमन्चे के साथ धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार ने चेकिंग के दौरान सोमवार सुबह नया पुरवा बेलहा के पास से आरोपी पप्पू शाह पुत्र फुरखान शाह निवासी धारूपुर जलेशरगंज को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति गोवध अधिनियम व गैंगेस्टर के मुकदमे का भी आरोपी है। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

वांछित धराया, भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। फर्जी एसओजी अधिकारी बनकर लूट और जबरन वसूली करने के मुकदमें में वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। दरोगा दीपक कुमार यादव ने फोर्स के साथ वाहन चेकिंग अभियान के दौरान फर्जी एसओजी बनकर लूट, जबरन वसूली करने व धोखाधड़ी में दर्ज मुकदमें के आरोपी खालसा सादात, पण्डित का पुरवा निवासी सिद्धार्थ शुक्ल पुत्र संतोष शुक्ल को महिमापुर तिराहा के पास से धर दबोचा। दरोगा नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

बदमाशों ने युवक का छीना मोबाइल, दी धमकी

प्रतापगढ़। घर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन लिया और धमकी देते भाग निकले। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थानान्तर्गत नागापुर तिलौरी निवासी अजय कुमार कोरी पुत्र हंसराज कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार जनवरी की शाम करीब सात बजे वह अपनी साइकिल से सगरा सुंदरपुर बाजार से घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे जबरन रोक लिया और उसका मोबाइल छीन लिया। पीड़ित के शोर मचाने पर बदमाश जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

गन्ना किसानों का होगा नियमित भुगतान : आरपी शाही

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। सितम का हद से बढ़ जाना तबाही की निशानी है, बदलते हैं सभी के दिन पुरानी यह कहानी है। जी हां। यही कुछ होने वाला है बजाज हिन्दु स्थान शुगर लिमिटेड इकाई इटई मैदा उतरौला बलरामपुर से जुड़े गन्ना किसानों के साथ। इस शुगर मिल से जुड़े गन्ना किसान नियमित भुगतान के लिए वेहाल हैं। मामला दशकों से पुराना दस्तूर है कि गन्ना किसान अपना उपज विक्रीत के बाद भुगतान के लिए पपीहा की तरह बजाज चीनी मिल से आस लगाए रहते हैं। बजाज चीनी मिल के मंथर गति से चल रही भुगतान व्यवस्था किसानों के लिए अवसाद तथा पीड़ा का सबब है। चीनी मिल के पुनरो उत्थान के लिए मिल प्रबंध तंत्र ने मिल की बागडोर अर्थ व्यवस्था के चाणक्य आर. पी. शाही को कमान सौपी है। बतौर महाप्रबंधक श्री शाही नें दायित्वों की बागडोर संभाल लिया है। श्री शाही के शानदार प्रदर्शन से नियमित भुगतान को लेकर किसानो में नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है। श्री शाही किसानों के नियमित भुगतान को आगाज से अंजाम तक पहुंचाने के लिए पूर्ण मनोयोग से भगीर्थी प्रयास प्रारम्भ कर दिया है, जो अब गन्ना किसानों के सुखद सोपान से ज्यादा दूर नहीं। गन्ना किसानों के नियमित भुगतान जैसे ज्वलंत मुद्दों पर हमारे संवाददाता बी. एस. परिहार ने बजाज शुगर मिल के महाप्रबंधक आर. पी. शाही से सवाल किया। श्री शाही द्वारा हर सवाल पर अपनी बेबाक टिप्पणी दी जिसके प्रमुख अंश प्रस्तुत हैं।

आर पी. शाही : जीएम

प्रश्न। आपके बजाज चीनी मिल से जुड़े गन्ना किसानों का आरोप है कि उनके उपज विक्री का भुगतान मिल द्वारा नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है?

उत्तर। जी हां! सम्मानित गन्ना किसानों की पीड़ा जायज है. उन्हें उनके विक्रीत उपज का भुगतान नियमित नहीं हो पा रहा है। लेकिन ऐसा भी नहीं कि उन्हें भुगतान न मिल रहा हो।

प्रश्न। क्या यदि गन्ना किसान अपने विक्रीत उपज का भुगतान सालों तक ना पाए तो उसकी जीविका कैसी चलेगी? क्या इस पर आपका मिल प्रबंधन विचार नहीं कर पाता?

उत्तर। ऐसा नहीं है कि पिछले पूरे वर्ष का भुगतान नहीं किया गया है किसानों को पिछले वर्ष का भुगतान किया जा चुका है। हां आंशिक भुगतान अभी बकाया है जिसे शीघ्र पूरा कर दिया जाएगा!

प्रश्न। आप अपने को एक गन्ना किसान के कतार में खड़ा होकर एहसास करें कि आप गन्ना उपज के लिए खेत जुताई, उर्वरक डलाई, बीज, बुवाई, सिंचाई, दो- दो तीन -तीन बार गोड़ाई, कटाई, कीट नाशक दवा छिड़काई, उपज क्रय केंद्र तक ढूलाई, में नकद खर्च करें और इसके बावजूद भुगतान में वर्षो लग जाये तो आप अपने को कितना सहज महसूस करेंगे?

उत्तर मेरा कोई उद्योग कारखाने में प्रोटेक्शन नहीं हुआ है किसान परिवार का हूं धरती माता की सोंधी माटी से मेरा गहरा नाता है। बचपन में धरती मैया के आंचल में खेला हूँ. । घर घरौंदा बनाकरमाटी में लोटा हूँ। किसान भाइयों के विग्रह के सबब को भली बात समझता हूं। इस समस्या के पूर्ण समाधान हेतु मेरा सशक्त प्रयास जारी हैं, जिसके परिणाम आप सबको कुछ ही समय में ही दिखाई देंगे।

प्रश्न जनपद की अन्य चीनी मीलें गन्ना किसानों को उनके विक्रीत उपज का नियमित भुगतान कर रही है, लेकिन आपकी चीनी मिल इससे पीछे और इतर क्यों?

उत्तर जी हां !यह सच है लेकिन नियमित भुगतान क्यों नहीं हो पा रहा है इसके पीछे कुछ खास वजहें हैं।अन्य चीनी मिलों को बैंक द्वारा जो सी. सी. क्रेडिट कि सुविधाएं दी जा रही वह मेरे चीनी मिल को नहीं मिल पा रही है। बैंक से वह सुविधा मेरी भी चीनी मिल को जल्दी मिल जाएगी । इसका मेरे प्रबंध तंत्र द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है। जिसके परिणाम जल्दी आएंगे और हम शुमार हो जाएंगे उन्हीं चीनी मिलों के कतार में। फिर मेरे किसानों को नियमित भुगतान मिलेंगे।

प्रश्न क्या अनियमित भुगतान की वजह से आपकी चीनी मिल पर कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है?

उत्तर भुगतान की देरी से मिल पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। हमारी शुगर मिल के गन्ना पेराई की क्षमता प्रतिदिन 1लाख 20 हजार कुंतल की है इसके सापेक्ष मुझे 30हजार कुंतल ही गन्ना मिल पाता है। क्षेत्र के 55 हजार हेक्टरएरिया के सापेक्ष हमें 18 हजार हेक्टेयर एरिया ही मिल पा रहा है।

प्रश्न नियमित भुगतान के अभाव में किसान परेशान है, जिससे उनके हो रहे मोह भंग होने से आपके चीनी मिल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हाँ तो ऐसे में आपकी क्या रणनीति होगी? कि किसानों का नियमित भुगतान भी हो और किसान गन्ना खेती के छेत्रफल में विस्तार करे?

उत्तर मेरी पहली प्राथमिकता है कि गन्ना किसानों को उनके विक्रीत उपज का भुगतान नियमित हो। नियमित भुगतान के मुकम्मल व्यवस्था के परिणाम शीघ्रही दिखाई देगे। प्रबंध तंत्र से बात हो रही है। परिणाम सुखद आएंगे।हम किसानों के निरंतर नियमित संपर्क में है निः संदेह भविष्य में गन्ना उत्पादनमें आशातीत बढ़ोतरी होगी। फैक्ट्री मुनाफे में जाएगी। किसान खुशहाल होगा! गन्ना किसान पूरे शिदत से बजाज शुगर फैक्ट्री के प्रति समर्पित होगा। बस थोड़ा सा वक्त लगेगा। देखिएगा सुखद परिणाम सार्वजनिक होंगें।

बंधेंगे सेहरे- पीले होंगे बेटियों के हाथ चीनी मिल देगा पूरा साथ : शाही

बजाज हिंदु स्थान शुगर लिमिटेड इकाई इटई मैदा के नए निजाम आर. पी. शाही अपने गन्ना किसानों के लिए शानदार पारी का आगाज किया है। श्री शाही बड़े साफ गोई से कहते हैं कि उनकी चीनी मिल से जुड़ा हर गन्ना किसान उनका छोटा भाई है । बड़ा भाई। सखा है। परिवार है। किसान गन्ना की खेती इस लिए ज्यादा करता है कि उसकी बिक्री से एक मुश्त नकदी मिलती है। जिससे वह अपने छोटे बड़े काम निपटा लेता है। गन्ने से मिलने वाली एक मुश्त रकम के सहारे शादी ब्याह के रिश्ते भी तय होते हैं। तरूणों के सर सेहरे, महावर बेटियां भी अपने हाथ पीले होने की भी इसी रकम के नाज में अपने सपनें संजोते हैं। श्री शाही कहते हैं कि वह अपने गन्ना किसानों को बेटे और बेटियों की शादी तथा बीमारी के इलाज और बच्चों की फीस की वह मुकम्मल व्यवस्था अग्रिम पेमेंट करके करेंगे। वह विशेष परिस्थितियों में किसान को अग्रिम भुगतान करने की समुचित व्यवस्था करेंगे। श्री शाही कहते हैं कि यदि उनका कोई गन्ना किसानअथवा उसका परिजन गंभीर बीमारियों के इलाज में पैसा बाधक बनता है तो वह इसे दूर करेंगे। वशर्ते किसान को चिकित्सकों की राय तथा होने वाले खर्च का प्रमाणिक अभिलेख देना होगा। इसके बाद वह इलाज के लिए गन्ना किसान को अग्रिम भुगतान करने में किसी बाधा को बाधक नहीं बनने देंगे। शाही आगे कहते हैं कि बच्चों की शिक्षा देश के विकास उन्नति के रीढ़ की हड्डी के सामान होती है। ऐसी स्थिति में धन के अभाव में किसी किसान के पाल्यों की पढ़ाई बाधित नहीं होने दी जाएगी।

183 देशों के 33 लाख से ज्यादा लोगों ने खंगाली महाकुम्भ की वेबसाइट

महाकुम्भ नगर। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोगों में जिज्ञासा है जिसे शांत करने के लिए लोग इंटरनेट पर महाकुम्भ की वेबसाइट के जरिए इसके बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं। महाकुम्भ की वेबसाइट संभाल रही तकनीकी टीम के एक प्रतिनिधि के अनुसार चार जनवरी, 2025 तक 183 देशों के 33 लाख से ज्यादा लोगों ने महाकुम्भ की वेबसाइट पर आकर इस विषय में जानकारी हासिल की है। इन देशों में यूरोप, अमेरिका व अफ्रीका समेत सभी महाद्वीप के लोग शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि ये सभी लोग भारत समेत पूरी दुनिया के 183 देशों से हैं तथा इन 183 देशों में 6,206 शहरों से इस वेबसाइट पर लोग आए हैं और उन्होंने यहां काफी समय भी बिताया है। तकनीकी टीम के प्रतिनिधि के मुताबिक, वेबसाइट पर आने वाले शीर्ष पांच देशों में पहले नंबर पर भारत है, जबकि इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी से लाखों लोग प्रतिदिन इस वेबसाइट पर आकर महाकुम्भ के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं। तकनीकी टीम के अनुसार छह अक्टूबर, 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वेबसाइट का शुभारंभ किया था जिसके बाद से बड़ी संख्या में लोग इस वेबसाइट पर आ रहे हैं। महाकुम्भ के करीब आने के साथ इसे खंगालने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। टीम ने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार इस महाकुम्भ को डिजिटल महाकुम्भ के रूप में प्रस्तुत कर रही है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई डिजिटल मंच बनाए गए हैं और इसी में महाकुम्भ की आधिकारिक वेबसाइट भी है। इस वेबसाइट पर श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें कुम्भ से जुड़ी परंपराओं, कुम्भ की महत्ता, आध्यात्मिक गुरुओं के साथ-साथ कुम्भ पर किए गए अध्ययन की विस्तृत जानकारियां दी गई हैं। यही नहीं, महाकुम्भ के दौरान प्रमुख आकर्षण, प्रमुख स्नान पर्व, क्या करें-क्या नहीं करें और कलाकृतियों को विस्तार से बताया गया है।

सहपाठी को फंसाने के लिए उसका फर्जी इंस्टाग्राम एकाउंट बनाया, महाकुम्भ में विस्फोट की धमकी दी

महाकुम्भ नगर। मेला पुलिस ने महाकुम्भ मेले में बम धमाका करने की धमकी देने के आरोपी छात्र से पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि उसने अपने सहपाठी को फंसाने के लिए उसका फर्जी इंस्टाग्राम एकाउंट बनाया और महाकुम्भ में विस्फोट की धमकी का संदेश पोस्ट कर दिया। आरोपी छात्र को पुलिस ने शनिवार को बिहार के पूर्णिया में हिरासत में ले लिया और रविवार को उसे प्रयागराज लाकर पूछताछ की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कुम्भ) राजेश द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी किशोर कक्षा 11वीं का छात्र है और उसने किसी बात को लेकर अपने सहपाठी को फंसाने के लिए उसके नाम का फर्जी इंस्टाग्राम एकाउंट बनाकर यह धमकी भरा संदेश वायरल किया। उन्होंने बताया कि आरोपी छात्र ने अपने दोस्त के नाम पर फर्जी अकाउंट बनाकर उसके जरिए अपमानजनक और भड़काऊपोस्ट साझा की जिसमें महाकुम्भ में 1000 लोगों को मारने की धमकी दी गई थी। द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में मेला कोतवाली थाना में बीएनएस और आईटी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था और तीन टीमों को इस मामले की जांच में लगाया गया था। रविवार को आरोपी नाबालिग छात्र को संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

अधिवक्ता पर जानलेवा हमले को लेकर दर्जन भर से अधिक नामजद

आठ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़। अधिवक्ता एवं उसके परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमले को लेकर उदयपुर पुलिस ने दर्जन भर से अधिक नामजद तथा आठ अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड, दहशतगर्दी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं साथी पर हमले को लेकर अधिवक्ताओं मे भी आक्रोश देखा गया। थाना के कुम्भीआइमा के पूरे वंशा निवासी रामछबीले की पत्नी संगीता यादव पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार को वह तथा परिवार के सदस्य घर पर मौजूद थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव के राजकुमार पुत्र रामसरन, अशोक व सियाराम पुत्रगण पच्चूलाल, विनोद पुत्र राजनाथ, सुशील व सतीश पुत्रगण सियाराम, निर्मला पत्नी सियाराम, राजकुमारी पत्नी महिपाल, मधू पुत्री महिपाल, गीता पत्नी अशोक, रामसरन पुत्र दादादीन, आंचल पुत्री अशोक कुमार व आठ अज्ञात एकराय होकर लाठी डण्डा व धारदार हथियार तथा अवैध असलहे से लैस होकर दरवाजे पर आ धमके। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी पीडिता व परिवार के सदस्यो को गाली देने लगे।

आक्रामक हमलावर मना करने के बावजूद मारपीट करने लगे। पीड़िता के मुताबिक आरोपियों ने उसके पति रामछबीले को जान से मारने की नियति से सिर पर सब्बल से हमला कर दिया। बीचबचाव को रामछबीले ने प्रयास किया तो उनका हाथ टूट गया और बेहोश होकर गिर पड़े। पीड़िता के पति को बेहोशी की दशा में भी मारापीटा गया। जिससे उनका पैर भी टूट गया। आरोपियों के हमले मे पीडिता के ससुर रामदुलारे व आठ वर्षीय पुत्र अंकुश को भी गंभीर चोटें आयी हैं। इस बीच पीडिता शोर मचाते घर में घुस गयी तो आरोपियो ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान तोडफोड कर नष्ट कर दिये। दहशत फैलाने के लिए आरोपियो ने पीडित परिवार पर असलहा तान दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। हमले मे घायल रामछबीले तहसील में अधिवक्ता बताये जाते हैं।

साथी के साथ मारपीट की घटना सुन संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह के साथ बड़ी संख्या में वकील सांगीपुर अस्पताल पहुंचे। यहां से घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अधिवक्ताओं ने उदयपुर थाने पहुंचकर भी घटना को लेकर आक्रोश जताया। थानाध्यक्ष उदयपुर राधेबाबू का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है, जांचकर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

गुर्दा प्रत्यारोपण के नाम पर 13 लाख की ठगी, केस दर्ज

कौशांबी। जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक युवक से उसके बीमार भाई का गुर्दा प्रत्यारोपण कराने के नाम पर साढ़े 13 लाख रुपये से ज्यादा की कथित ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी दिनेश कुमार यादव ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके भाई राजेश कुमार के गुर्दे खराब थे तथा गुरुग्राम स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने गुर्दा प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी थी। इसी दौरान यादव का परिचय भदोही जनपद निवासी अजय कुमार से हुआ तथा यादव का आरोप है कि चार माह पहले अजय कुमार ने गुर्दा प्रत्यारोपण कराने के नाम पर कुल 30 लाख रुपये और अग्रिम भुगतान के रूप में 15 लाख रुपये की मांग की थी।

एएसपी के मुताबिक, यादव ने कर्ज लेकर 13 लाख 60 हज़ार रुपये अजय कुमार को ऑनलाइन भेज दिए जिसके बाद भी आरोपी अजय कुमार ने पीड़ित यादव के भाई के लिए गुर्दे की व्यवस्था नहीं की। उन्होंने बताया कि यादव की तहरीर पर आरोपी अजय कुमार व उसके तीन साथियों राजेश राम निहोर, तृप्ति भास्कर तथा प्रतिमा संकठा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

गंगा स्नान करते एक ही परिवार के चार लोग डूबे, एक की मौत, दो लापता

कौशांबी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र में गंगा स्नान के दौरान सोमवार को एक ही परिवार के चार लोग नदी में डूब गए जिनमें से एक की मौत हो गई और दूसरा अस्पताल में भर्ती है जबकि दो लापता हैं। पुलिस के मुताबिक, लापता व्यक्तियों की गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। अब तक तक उनका पता नहीं चला है। थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने बताया कि दारानगर निवासी जेके मिश्रा अपने परिवार के साथ 10 दिन पूर्व दिवंगत हुए अपने पिता मनमोहन मिश्रा का दसवां श्राद्ध करने थाना क्षेत्र के कड़ा घाट पर सोमवार को आए थे। जेके मिश्रा (50) के साथ उनके छोटे भाई जनार्दन मिश्रा (45), बेटे शिखर (28) और भतीजे ऋषभ मिश्रा (20) भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि मुंडन संस्कार करवाने के बाद चारों गंगा स्नान करने लगे और तभी स्नान करते समय गहरे पानी में जाने से चारों डूब गए। स्थानीय लोगों ने गोताखोरों की सहायता से जेके मिश्रा व उनके बेटे शिखर मिश्रा को नदी से बाहर निकाल लिया तथा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां इलाज के दौरान जेके मिश्रा की मौत हो गई। जनार्दन मिश्रा और उनके बेटे ऋषभ का पता नहीं चला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए।

पुलिसकर्मियों पर पथराव करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

संभल। संभल में पिछले वर्ष नवंबर माह में हुई हिंसा के दौरान पुलिसकर्मियों पर पथराव करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि 24 नवंबर को हुई हिंसा के दौरान दोपहर करीब 12 बजे जब पुलिस दंगाइयों को खदेड़ रही थी, तभी हिंदू पुरा खेड़ा इलाके में छत से एक महिला ने पुलिस टीम पर भारी पथराव किया था। इसके बाद एक वीडियो से उसकी पहचान हुई। कुमार ने बताया कि आरोपी महिला जिगरा (40) को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह महिला एक महीने से फरार थी। उसे पुलिस ने संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र में उसके एक रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी महिलाओं की भी पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि संभल हिंसा के सिलसिले में अब तक 54 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। संभल में 24 नवंबर, 2024 को भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए थे।

पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में हथिगंवा थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के तहत आने वाले बिहरिया अंडरपास धीमी गांव के निकट रविवार रात वाहनों की जांच के दौरान हुई मुठभेड़ में हिमांशु यादव घायल हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने बताया कि थाना हथिगंवा प्रभारी निरीक्षक नन्दलाल सिंह पुलिस बल के साथ बिहरिया अंडरपार धीमी गांव के निकट वाहनों की जांच कर रहे थे जिस दौरान, इन बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी गोलीबारी में बदमाश हिमांशु यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया, जबकि इसका साथी फरार होने में सफल रहा है। ६

मुजफ्फरनगर में किसान ने आत्महत्या की

मुजफ्फरनगर। जिले के तितावी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किसान ने सोमवार को कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मुकंदपुर गांव निवासी 45 वर्षीय किसान निरंकार के तौर पर हुई है। तितावी थाने के प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। एसएचओ ने बताया कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है तथा पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

यातायात नियमों को लेकर पुलिस सजग

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर चेकिंग अभियान/जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चेकिंग/ जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर चेकिंग के दौरान हेलमेट/ सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ई-चालान की कार्यवाही भी की गई।

परिवार परामर्श केंद्र में 02 पारिवारिक विवाद का हुआ सफल निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें 02 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी उ0नि0 विनिता चतुवेर्दी, महिला कां0ज्योति का सराहनीय योगदान रहा खुशनुमा साहिद अली थाना को0देहआत . कृपाराम सुनीता थाना उतरौला का सुलह समझौता हुआ।

डीएम के राडार पर आए तीन जनसेवा केंद्र संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति

बलरामपुर। डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में सोमवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार ने फॉर्मर रजिस्ट्री की स्थिति की समीक्षा की जिसमें देवीपाटन सीएससी जय प्रकाश, गैड़हवा मो मुशर्रफ तथा मनकौरा काशीराम सीएससी संचालक असगर हुसैन ब्लॉक तुलसीपुर एवं तहसील तुलसीपुर की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। एडीएम ने निर्देश के बावजूद प्रगति ना लाने वाले तीनों सीएससी संचालको के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति की है साथ ही जनपद के समस्त सीएससी संचालको को निर्देशित किया है कि फॉर्मर रजिस्ट्री शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसमे व्यक्तिगत रुचि लेते हुए प्रगति लाएँ अन्यथा कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर में अझारा व हण्डौर को मिला विजेता का खिताब

प्रतापगढ़। अझारा में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेण्ट में क्वाटर फाइनल के पहले मैच में हण्डौर इलेवन तथा दूसरे क्वार्टर फाइनल मे अझारा इलेवन ने विजेता का खिताब हासिल किया। पहला क्वार्टर फाइनल हण्डौर और शीतलमऊ की टीमों के बीच खेला गया। हण्डौर इलेवन ने निर्धारित दस ओवरो मे अटठानवें रन का स्कोर बनाया। टीम के बल्लेबाज अर्जुन उन्नीस गेदों में पैतीस रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शीतलमऊ की टीम दस ओवरो में तिरपन रन ही बना सकी। हण्डौर इलेवन के साहिल खान ने सत्रह रन और दो विकेट लेकर मैन आफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। दूसरा क्वार्टर फाइनल अझारा इलेवन और घुइसरनाथ इलेवन के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए घुइसरनाथ टीम निर्धारित दस ओवरो में मात्र तैतीस रन बनाकर आलआउट हो गयी। घुइसरनाथ के लक्ष्य का जबाब अझारा इलेवन ने चौथे ओवर में ही अडतीस रन बनाकर देते हुए मैच अपने नाम कर लिया। अझारा इलेवन की ओर से ललित पाण्डेय ने नाबाद बत्तीस रन बनाकर मैन आफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। अंपायर की भूमिका मे मनीष मिश्र, अधिवक्ता गिरिजाकांत द्विवेदी व चंचल मिश्र सराहे गये। आयोजन समिति के अजय मिश्र आशीष, पूर्व प्रधान विद्याशंकर मिश्र, नितिन मिश्र, प्रभाकर मिश्र ने खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया। इस मौके पर धीरू सरोज, रोशन सिंह, कुलदीप तिवारी, मुकेश तिवारी, ज्ञानप्रकाश तिवारी, सुधाकर मिश्र, अंजनी मिश्र, विमल मिश्र, पवन मिश्र, उमेश मिश्र, सतीश तिवारी, अभिषेक मिश्र, शिव मिश्र, ललित पाठक, प्रियम मिश्र आदि रहे।

वाहन की टक्कर से बालिका घायल, केस

प्रतापगढ़। लापरवाहीपूर्वक पैदल सडक पर निकली किशोरी के वाहन की टक्कर मे घायल होने को लेकर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर निवासी रामआसरे सरोज पुत्र स्व. बचई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्तीस दिसंबर की सुबह दस बजे उसकी बेटी बबिता पुराने घर जाने के लिए सडक पर निकली थी। इसी समय तीव्र गति से वाहन चलाते हुए अजय यादव पुत्र कन्हैया लाल ने बबिता को टक्कर मार दिया। घायल को परिजन इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। गंभीर दशा में प्रयागराज मेडिकल कालेज में घायल बबिता का इलाज जारी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अरूण सिंह ने बताया है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बजाज चीनी मिल में गन्ना वाहनों को किया गया दुर्घटना से बचाव के लिए कवच से सुसज्जित

बलरामपुर। घने कुहासों से दुर्घटना से बचाव के लिए बजाज शुगर मिल द्वारा अनुपम पहल करते हुए ट्रेक्टर ट्रालियो पर रेडियम पट्टी चिपकाई गई। बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लि0, इटई मैदा, उतरौला के मिल पर गन्ने से भरी ट्रालीयो पर जिन ट्रालियों पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बलरामपुर की उपस्थिति मे मिल के महाप्रबंधक गन्ना डा0आर0पी0शाही, बरिष्ठ प्रबन्धक एवं अपर प्रबन्धक गन्ना के संयुक्त तत्वावधान मे सड़क सुरक्षा/कुहासे मे बचाव के लिए रेडियम स्टीकर लगाया गया, उक्त अवसर पर भारी संख्या मे क

संक्षेप

बरला को हराकर पचौहा की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

उरुवा, गोरखपुर। स्वर्गीय रामकिशोर सिंह स्मारक जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल मुकाबला बरला व पचौहा के बीच खेला गया जिसमें पचौहा की टीम ने बरला को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सोमवार को श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर बरला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 49 रन बनाए जवाब में उतरी पचौहा की टीम ने तीन विकेट खोकर 3.5 ओवर में ही मैच जीत लिया मैन ऑफ द मैच पांच विकेट झटकने व 20 रन बनाने वाले प्रद्युम्न को चुना गया। मुख्य अतिथि मां लक्ष्मी इंडेन ग्रामीण वितरक उरुवा के प्रोपराइटर व भाजपा नेता संतलाल जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत कराई। अंपायर विनय चौहान, राहुल, कमेंट्रेटर शिवम, संजय व स्कोरर फारुख अली रहे इस दौरान प्रवीण सिंह, टुनटुन सिंह, इनेश, मनोज यादव, सौरभ सिंह, सूरजवीर, सचिन, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

सर्दी में जले अलाव

बकेवर, इटावा। लखना नगर अलाव जलवा रही नगर पंचायत और लेखपाल फोटो खींचकर दिखाकर तहसील की तरफ से अलाव जलवाना। लखना नगर पंचायत के सभासद दिनेश कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने लखना नगर पंचायत की तरफ से पुराना नहर पुल के पास सर्दी से बचाव के लिए लोगों के तापने के लिए लकड़ी डलवाकर अलाव जलवाये हैं और लखना नगर के लेखपाल दो दिन से आकर उक्त नगर पंचायत की तरफ से जलवाए गए उस अलाव के पास खड़े होकर सेल्फी फोटो खींचकर तहसील के अपने अधिकारियों को भेज कर तहसील की तरफ से अलाव जलवना दिखा रहे हैं। जब लेखपाल को इस बाबत टोका तो बताते हैं लेखपाल ने एक दो दिन में अलाव जलवाने की बात बोली। ऐसे ही कस्बा में उक्त लेखपाल अन्य कुछ स्थानों पर भी जलाते अलाव जलवाना दिखा रहे हैं। शिवकुमार दोहरे ने बताया हो कि 4-4 बार लेखपाल अपने आदमी को भेज कर फोटो लोकेशन ले कर शासन को भेजते है जब की अलाव के लिए लकड़ी नगर पंचायत सभा सद दिनेश कुशवाहा छैया ने डलवाई है।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शुभम गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता व इसकी पत्नी श्रीमती ब्यूटी गुप्ता पत्नी शुभम गुप्ता मेरे कहने सुनने में नहीं है और नशा करके मेरे वह अपनी मां के साथ मारपीट करता है को मैं अपनी चल अचल संपत्ति एवं परिवार से बेदखल कर रहा हूं उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य या लेनदेन के लिए यह स्वयं उत्तरदाई होंगे मेरा कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। संजय गुप्ता पुत्र पुरुषोत्तम गुप्ता 4/10/25 इस्माइल गंज साहबगंज थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या।

श्रेष्ठ दि फाइटर स्मृति पाठशाला में शिक्षा के फाइटर किए जा रहे तैयार

गरीब बच्चों का भविष्य संवार रहे समाजसेवी प्रवीन

आर एस मिश्र

गोला, गोरखपुर। कहा जाता है कि किसी समाज या घर में कोई व्यक्ति साक्षर या शिक्षित बन जाता है तो धीरे-धीरे उसकी बेहतरी की कवायद शुरू

हो जाती है। ऐसी ही सोच के साथ संचालित 'श्रेष्ठ दि फाइटर स्मृति पाठशाला' में गरीब व असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर शिक्षा के हथियार से लैस किया जा रहा है। जिससे बच्चे एक फाइटर की तरह शिक्षा के हथियार से लैस होकर जिंदगी के हर जंग को आसानी से जीत सके। श्रेष्ठ दि फाइटर स्मृति पाठशाला जनपद के दक्षिणांचल में उपनगर गोला अन्तर्गत गोपालपुर कस्बें में संचालित किया जाता है। गरीब, असहाय व वंचित बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाली संस्था श्रेष्ठ दि फाइटर स्मृति पाठशाला के संचालक समाजसेवी प्रवीन सिंह ने बताया कि अपने मासूम बेटे श्रेष्ठ की याद में गरीब व असहाय बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने के संकल्प के तहत स्मृति पाठशाला संचालित कर रहा हुं। जहां कुल 8 बच्चे व 18 बच्चियां निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रही है।

स्मृति पाठशाला के बच्चों के साथ मनायी श्रेष्ठ वीर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि

गोला, गोरखपुर। गोपालपुर कस्बा स्थित श्रेष्ठ दि फाइटर स्मृति पाठशाला में सोमवार को अपनी जिंदगी की आधी से अधिक उम्र जिंदगी से जंग लड़ने वाले श्रेष्ठ वीर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। जहां पाठशाला के बच्चों में स्टेशनरी, टॉफी-चॉकलेट व गर्म कपड़े वितरित किया गया। साथ ही श्रेष्ठ के पसंदीदा पकवानों के साथ बच्चों को सहभोज कराया गया। तो वही बच्चों ने भी गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जिंदगी से लड़ते हुए सफलता के मुकाम पर पहुंचने का संदेश दिया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में सर्व प्रथम विद्वानों की देखरेख में शाति पाठ एवं हवन-पूजन का आयोजन किया गया। जहां श्रेष्ठ के माता-पिता सीमा सिंह एवं समाजसेवी प्रवीन सिंह समेत पाठशाला के बच्चों एवं आगंतुक अतिथियों ने श्रेष्ठ के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इसके बाद बच्चों को श्रेष्ठ के पसंदीदा व्यंजनों के साथ सहभोज कराया गया। तदुपरांत बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दूबे, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम कसौधन, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय व सरयू रत्न विभूषित युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव ने श्रेष्ठ के पिता के साथ पाठशाला के बच्चों में स्टेशनरी, टॉफी-चॉकलेट व गर्म कपड़े वितरित किया।

बेटे की मौत के बाद टूट चुके माता-पिता बच्चों की खुशी में ढूंढने लगे अपनी खुशी

गोपालपुर निवासी समाजसेवी प्रवीन सिंह व उनकी पत्नी सीमा सिंह तीन साल पहले अपने 12 वर्षीय मासूम बेटे श्रेष्ठ वीर सिंह मौत के बाद पूरी तरह टूट चुका था। तब जाकर बेटे की स्मृतियों को सहेजने के लिए ही अन्य बच्चों की खुशी में अपनी खुशी ढूंढने लगा तो मन को शांति व सकून मिला। समाजसेवी प्रवीन सिंह ने बताया कि उनका मासूम बेटा श्रेष्ठ वीर सिंह दुर्लभ बीमारी से ग्रसित था। जब उन लोगों को इसकी जानकारी हुई तो यह उनके लिए किसी बज्रपात से कम नही था। बेटे को बचाने के लिए आठ सालों तक गोरखपुर से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक अस्पताल दर अस्पताल भटकता रहा। पीजीआई के आईसीयू में 35 दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझता रहा। लाखों खर्च करने के बाद भी जिसके शरीर से सांसों की डोर टूटने से धरती के भगवान भी नही रोक पाए थे। हसंते-खेलते जिंदगी से जूझने के उसके हौसले व जज्बे के कारण डाक्टरों ने जिसका नाम ₹श्रेष्ठ दि फाइटर₹ रख दिया था। वर्ष 2021 में बेटे श्रेष्ठ की मौत से टूटने के बाद बच्चों के बीच रहने मन को शांति मिलती थी। तब चंद्रांश फाउंडेशन के बच्चों के बीच जाकर उनका सहयोग करने लगा। फिर गांव पर ही श्रेष्ठ की याद में श्रेष्ठ दि फाइटर पाठशाला संचालित करने लगा। जहां गांव-क्षेत्र के गरीब व असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर उन्हे शिक्षा का फाइटर बनाया जा रहा। प्रवीन सिंह व सीमा सिंह ने कहा कि बच्चों के बीच में अपनी खुशी ढूंढता हुं।

दरगाह भोल शहीद का उर्स शानो शौकत के साथ सम्पन्न

इटावा। भोलन शहीद रहमतुल्लाहि अलैहि का उर्स अदवों अदाब और शानो शौकत के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें देशभर के श्रद्धालूजन एकत्रित हुए। मौलाना कमालुद्दीन अशरफी इमाम ईदगाह, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी, सरफराज अनवर कादरी ने सामूहिक रूप से मुल्क में अमनशांति के साथ उन्नति प्रगति की दुआएं की, इस उर्स की व्यवस्था में मरहूम हाजी अब्दुल मन्नान खान मंसूरी के परिजनों ने विशेष रूप से हिस्सा लिया इसमें अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी, दरगाह मुतावल्ली गुफरान मंसूरी आदि परिजनों के अलावा गद्दी नशीन मो. राशिद व अमर सिंह जाटव, छक्कू खां, सचिन का उर्स की व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहा। संचालन शायर रौनक अशरफी इटावी ने किया। मौलाना शराफत अशरफी, मौलाना फरहज जसवन्तनगर, हाफिज सरफराज कादरी, शाहबाज अनवर, डॉ. मोहम्मद अहमद, हाफिज उमर बरकाती ने अपने अपने कलाम पेश किए। उर्स मुबारक में इमाम संगठन के अध्यक्ष हाफिज कारी मोहम्मद अहमद चिश्ती, बाईके सफी, पत्रकार मसूद तैमूरी, खादिम अब्बास, मो. आमीन, इफ्तिखार मिर्जा, मुजफ्फर अली लड्डन, पत्रकार इंतजार अहमद, इदरीश, अजहर उद्दीन आदि उपस्थित रहे।

उद्योग प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक संपन्न

इकदिल, इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक इकदिल में संपन्न हुयी। अध्यक्षता दीवान चंद्र सोनी ने की। संचालन राजू राजपूत ने किया। व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष इकदिल रंजीत सिंह राठौर ने नगर इकाई के 31 सदस्यों की कार्यकारिणी का विस्तार किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, डॉ. एके शर्मा, वीके वर्मा, जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चैहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, डॉ.सुशील सम्राट, अभिषेक दीक्षित, वरिष्ठ जिला महामंत्री हरिगोपाल शुक्ला, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, नगर महिला अध्यक्ष कृष्णा राजपूत आदि उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष संतोष चैहान द्वारा बनाए गए जिला संगठन मंत्री अभिषेक गोयल एवं 31 सदस्यों की विधिवत घोषणा की गयी जिसमें नगर अध्यक्ष इकदिल रंजीत सिंह राठौर, नगर महामंत्री मोहम्मद शहजाद फारुकी, नगर कोषाध्यक्ष सत्यनारायण राठौर, उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी, नगर प्रसार मंत्री नवरत्न कठेरिया, नगर उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, विजय राजपूत, पप्पू गुप्ता, रामू सोनी, सुनील राजपूत सभासद मोहम्मद, पिंकू गोयल, मोहम्मद नदीम सभासद, मोहम्मद फिरोज अब्बासी सभासद, रामप्रबल शर्मा सभासद, शिवकुमार राजपूत, विनय राजपूत, गणेश राजपूत, महेश राजपूत, रघुवीर सहाय गुप्ता, राम औतार शर्मा सरमनी जैन रईस अहमद यासीन, अंसार अब्बासी, राजकुमार जैन, पिंटू सविता एवं जिला व नगर के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कस्बा के व्यापारीगण उपस्थित रहे।

सपा कार्यसमिति की मासिक बैठक सम्पन्न

इटावा। समाजवादी पार्टी जिला कार्य समिति की मासिक बैठक सोमवार को पार्टी कार्यालय पर प्रदीप शाक्य जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे संपन्न हुई, जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू ने प्रांतीय पार्टी से प्राप्त प्रपत्रों को पढ़कर सुनाया। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बैठक को संबोधित करते हुए जिला स्तर से नामित पदाधिकारियों को दिए गए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई, कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए स उन्होंने बताया कि 27 जनवरी से पीडीए कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में विस्तार से विचार रखते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की, उन्होंने विधानसभा स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय बैठकर नियमित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि बूथ प्रभारी पार्टी की रीड है, और उनके सम्मान में कहीं पर कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में पूर्व प्रत्याशी सदर सर्वेश शाक्य, विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र सिंह गौर, जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूत, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, रवींद्र शुक्ला चाचू, नवनीत पाल लालू, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, अनवार हुसैन, उत्तम सिंह प्रजापति, सिग्रेश यादव, वरिष्ठ सपा नेता उदयभान सिंह यादव, गुड्डू मंसूरी, प्रदेश सचिव क्रांतिप्रताप शाक्य, नगर अध्यक्ष जसवंतनगर राहुल गुप्ता, ब्रजवीर सिंह यादव लाला, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अभिनय यादव, विकास गुप्ता विक्की जिला प्रवक्ता, महिला सभा जिलाध्यक्ष सीमा यादव, जिला सचिव दीपी सिंह, अविनाश कुशवाहा, जिला सचिव जितेंद्र यादव मोना, जिला सचिव राकेश यादव, सत्यवती यादव, डा. संतोष राठौर, जिला सचिव देवेंद्र भदोरिया, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, प्रदीप सोनी, एडवोकेट राजू यादव, सर्वेश जोशी मौजूद रहे।

निषाद पार्टी ने निकाली राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में यात्रा

चौरीचौरा, गोरखपुर। निषाद पार्टीह्व द्वारा निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा 37 वें दिन गोरखपुर जनपद में यात्रा के दूसरे दिन एकला चौराहा चौराहा से प्रारंभ हुई। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई यात्रा का करजहा चौराहा मोतीराम अड्डा बरही बोहाबार चौरी चौरा सोनबरसा जगदीशपुर होते हुए कुसम्ही पहुंचा। जहां यात्रा का समापन किया गया।चौरी चौरा में विधायक ई सरवन निषाद द्वारा भव्य स्वागत किया गया

श्री निषाद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस ओर जवानी चलती हैं उस और जमाना चलता हैह्व को आधार मानते हुए निषाद/मछुआ समाज के युवाओं को अपने आरक्षण के मुद्दे पर आगे आकर निषाद पार्टी का साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मछुआ निषाद समाज का दुख उनका अपना दुख है के आधार ,पर वो काम करते हैं, किंतु वह मदद के नाम पर दिखावा और अखबारो की सुर्खिंयाँ बटोर कर समाज को छलना नहीं चाहते है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों गोरखपुर के निषाद ने बरसाती मेढक के तरह हत्याकांड के प्रकरण पर टूट पड़े।, कोई प्रशासन को डाँट रहा है।तो कोई मिलवाने के नाम पर सुर्खिंयाँ बटोरना चाह रहे थे।, उन्होंने कहा कि विगत दिनों गोरखपुर में हुए सभी प्रकरणों पर हुई कार्रवाई पर कहा कि कोई इस भूल में ना रहे कि उनकी वजह से ये तमाम मामलो की जो कार्रवाई हुई है, ।उनकी वजह से हुई है,। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा किसी को निषाद पार्टी और डॉ संजय पर संदेह है तो जाइए गोरखपुर के ज़िला आधिकारी पुलिस अधीक्षक और प्रमुख सचिव गृह, उत्तर प्रदेश और मा० मुख्यमंत्री जी के प्रमुख सचिव से क्या बात हुई है, पता कर लें,। उन्होंने निषाद समाज के गोरखपुर के नेताओ के लिए पुनः दोहराते हुए कहा कि श्रेय श्रेय के खेल में निषाद समाज का नुकसान मत कीजिए, ।वो अपील करते हैं आइए एक साथ-एक मुश्त होकर निषाद समाज के सभी मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाते हैं और आरक्षण मिल जाने तक एक साथ चलकर एक नजीर भी पेश करते है ।उक्त अवसर पर विनोद साहनी ,सुमित निषाद उमाशंकर निषाद प्रदीप अंजेश मौर्य,पिंटू,सुशील ,पन्नालाल विकास,सुनील निषाद,सूरज सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

आक्रोशित लोगों ने जगदीशपुर में लगाया जाम

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा क्षेत्र के बेलवा बाबू गांव की दो छात्राओं की रविवार को मैजिक से कुचलने के बाद एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई थी। सोमवार की शाम मृत छात्रा का पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने जगदीशपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर शव रखकर सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। बताते चलें चौरीचौरा थानाक्षेत्र के बेलवा बाबू गांव के शिवचरण चौधरी की बेटी 20 वर्षीय रिंकी अपनी चचेरी बहन 21वर्षीय संजना पुत्री हरिचरण के साथ जगदीशपुर स्थित नाथ चंद्रावत महाविद्यालय में परीक्षा देने जा रही थीं ।रविवार की सुबह करीब 10.30 बजे भटगांवा गांव के चौराहे पर पहुंची थीं। वहां एक मैजिक गाड़ी खड़ी थी ।जैसे ही छात्राएं आगे बढ़ीं ,मैजिक चल पड़ी ।जिसकी चपेट में आने से रिंकी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि संजना को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मंदिर पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

उदी, इटावा। थानां बढ़पुरा क्षेत्र इटावा-ग्वालियर मार्ग स्थित वाणिज्य कर कार्यालय भवन के समीप मंदिर पर एक अज्ञात 50-55 वर्षीय व्यक्ति के शव को पुलिस द्वारा बरामद किया गया। अज्ञात की अत्यधिक ठंड से मौत होना माना जा रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदी लेकर पहुंची जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया गया।

गुरु गोविन्द सिंह का पावन प्रकाश पर्व धूमधाम से मना

इटावा। गुरुतेग बहादुर साहिब में सरवंशदानी गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव मानस की जाति सबै एकै पहिचानबो के उदघोष के साथ श्रद्धा व हर्ष के साथ मनाया गया। गुरु गोविन्द सिंह के पावन प्रकाश पर्व की तैयारियाँ पिछले दस दिनों से चल रही थी, दस दिन से चल रही प्रभात फेरी जिसमें श्रद्धालू भक्तगण, स्त्री, बच्चे, बूढ़े व नौजवान गुरूवाणी का सबद वाहो-वाहो गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरु चेला, गायन करते हुये और ह्लबोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के साथ नगर की सड़कों पर निकल पड़ते थे। गुरूद्वारा में दस अखंड पाठ साहिब की श्रंखला प्रारम्भ हुई,जिसका समापन अर्धरात्रि में सबद कीर्तन व आरती के गायन के साथ पुष्पवर्षा करते हुये हुआ। प्रकाशोत्सव में सोमवार को सुबह से ही गुरूद्वारा में माथा टेकने के लिये स्त्री, बच्चे, बूढ़े व नौजवानों का तांता लगा रहा, सभी समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारा में आकर माथा टेका व अरदास की। गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरन पाल सिंह कालरा ने साहिबे कमाल गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर सभी को बधाई देते हुये कहा कि गुरू साहिब समाज सुधारक व सूरवीर योद्धा ही नहीं बल्कि उच्च कोटि के कवि भी थे, आपकी काव्यक अनुभूति दैवीय थी, आपके अन्दर दार्शनिक,काल्पनिक, अध्यात्मिक आदि सभी गुण मौजूद थे, गुरू महाराज के ह्रदय के अन्दर दबे, कुचले लोगों को ऊपर उठाने का महान जज्बा था। गुरु गोविंद सिंह में भक्ति, शक्ति,ज्ञान,वैराग्य, समाज का उत्थान और धर्म और राष्ट्र के नैतिक मूल्यों की रक्षा हेतु त्याग एवं बलिदान की मानसिकता से ओत-प्रोत अटूट निष्ठा तथा दृढ़ संकल्प की अद्भुत प्रधानता थी। गुरुद्वारा साहिब में रात्रि के दीवान में बच्चों के सवद गायन, भजन कीर्तन, कविताओं के गायन के साथ शुभारम्भ हुआ जो कि अर्धरात्रि तक चलता रहा। मुख्य ग्रन्थी भाई गुरदीप सिंह,उत्तम कौर,किशन सिंह व साथियों ने सबद कीर्तन करके संगत को निहाल किया। इस अवसर पर समस्त गुरूद्वारा कमेटी की तरफ से गुरूपर्व पर सभी को बधाई दी व अखंड पाठ साहिब की सेवा करने वाले परिवारों को सरोपा भेंट किया गया।

12 घंटे में हत्या का खुलासा, तीन गिरफ्तार

इटावा। 12 घंटे के अन्दर हत्या की घटना का खुलासा पुलिस द्वारा एक अभियुक्ता पत्नी सहित 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। उनके कब्जे से मोटर साइकिल, आलाकत्ल ईंट की गयी बरामद। तहसीलदार पुत्र रामपूते निवासी खेड़ापती मोहल्ला थाना इकदिल द्वारा थाना बढ़पुरा पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि 3 जनवरी को उसके पुत्र मनोज को राहुल व रोहित ने अपने साथ ले जाकर उसकी हत्या कर दी जिसका शव 4 जनवरी को यमुना पुल से 1 किलोमीटर मानिकपुर जाने वाले रास्ते पर मिला इसमें मेरी बहु द्वारा हत्या करवायी गयी शव को छिपाने के उद्देश्य से सड़क किनारे फेंक दिया गया।

सूचना पर तत्काल थाना बढ़पुरा पर मामला दर्ज किया गया। 5 जनवरी को समस्त न्यूज पेपर की पेपर कटिंग में खबर प्रकाशित की गयी थी जिस पर एसएसपी ने तत्काल क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर को घटना की सत्यता की जाँच हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर क्षेत्राधिकारी नागेन्द्र चैबे द्वारा थाना बढ़पुरा पुलिस टीम के साथ वादी पक्ष से पूछताछ की गयी थी जिससे उनके रिश्तेदार के संलिप्त होने की घटना सामने आयी थी उक्त संबंध में क्षेत्राधिकारी ने तत्परता दिखाते हुये घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। 6 जनवरी को थाना बढ़पुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना बढ़पुरा पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर अभियुक्ता सहित कुल 3 अभियुक्तों को यमुना पुल से 200 मीटर पहले बाइक सहित गिरफ्तार किया। 3 जनवरी की रात्रि को अपने भाई राहुल तथा मनोज की पत्नी के साथ षडयन्त्र करके मनोज को नुमाइश दिखाने के बहाने घर से बाहर ले गया और उसे शराब पिलायी जब वह नशे में हो गया तो उसके सिर पर ईंट से कई बार करके उसकी हत्या कर दी तथा शव को यमुना में बहाने के लिये मोटर साइकिल पर रखकर ले जा रहे थे तभी मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गयी जिससे उसका शव यमुना पुल से एक किलोमीटर मानिकपुर जाने वाले रास्ते पर गिर गया और हम लोग वहां से भाग गये। एसएसपी ने पकड़ने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रूपए का इनाम देकर पुरस्कृत किया।

सांसद रघुराज की जयंती पर ओपीडी रही निःशुल्क

इटावा। जनपद इटावा के लोकप्रिय सांसद रहे स्वर्गीय रघुराज सिंह चैधरी की 96वीं जयंती पर सोमवार को श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में ओपीडी निशुल्क राखी गई। कुल पचास मरीजों ने अपना परीक्षण कराया, इनमें छह लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए गए। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि चैधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे के आग्रह पर इटावा के लोकप्रिय सांसद रहे कीर्तिशेष चैधरी रघुराज सिंह जी के जन्मदिवस पर शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में सोमवार को उपचार हेतु आने वाले लोगों के लिए समस्त जांचों समेत ओपीडी निशुल्क रखी गई। चिकित्सालय के विशेषज्ञ डा. कार्तिकेय मोदी ने अपनी चिकित्सीय टीम के साथ भयंकर शीत के बाबजूद अस्पताल आए पचास लोगों का निशुल्क परीक्षण किया। इनमें छह मरीज ऑपरेशन हेतु चिन्हित हुए, जो चिकित्सालय में ही किए जाएंगे।

यूपीयूएमएस में तीन शिशु आहार कक्ष का शुभारंभ

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ओपीडी कक्ष के नजदीक तथा सुपर स्पेशलिटी ओपीडी व ट्रॉमा में प्रथम तल पर कुल तीन शिशु आहार कक्ष (ब्रेस्ट फीडिंग रूम) का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. पीके जैन ने फीता काटकर किया। कुलपति प्रो. डॉ. पीके जैन ने बताया कि ओपीडी में आने वाली महिलायें अब अपने नवजात तथा बच्चों को आसानी से निश्चिन्त होकर सुरक्षित माहौल में शिशु आहार कक्ष में स्तनपान करा सकती हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने बताया कि ऑरकस लाइफ साइंस के सौजन्य से विश्वविद्यालय को तीन ब्रेस्ट फीडिंग रूम प्रदान किए गए हैं। इन शिशु आहार कक्षों में कोई भी महिला अपने बच्चे को बिना किसी झिझक तथा डर के स्तनपान करा सकती है। शिशु एवं बाल रोग विभागध्यक्ष डॉ आई के शर्मा ने बताया कि पीडियाट्रिक विभाग में पहले से ही लैक्टेसन मैनेजमेंट यूनिट काम कर रहा है। ब्रेस्ट फीडिंग कक्ष बन जाने से विश्वविद्यालय में दिखाने आने वाली महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान के लिए एक जगह उपलब्ध होगी जहाँ वह अपने बच्चों को सुरक्षित तथा बिना झिझक के स्तनपान करा सकेंगी। इससे महिलाओं में शिशुओं के लिए स्तनपान को भी बढ़ावा मिलेगा। ओपीडी में दिखाने आई प्रीति ने बताया कि आज मैंने अपने बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग कक्ष में स्तनपान कराया। मुझे यह अच्छा लगा की कक्ष में मैं आराम से बैठक अपने बच्चे को बिल्कुल शांत और एकांत महौल में स्तनपान करा सकती हूँ।

कार्यालय ग्राम पंचायत बेथरा, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-06.01.2025

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेथरा, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 07.01.2025 से दिनांक 13.01.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बेथरा पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-13.01.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	प्राथमिक पाठशाला बेथरा में डेक्स बेंच आपूर्ति कार्य। 25 नग।	1.60 लाख।	डेक्स बेंच व आवश्कतानुसार अन्य सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- बेथरा, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत कुड़ीना विकास खंड फतेहपुर चौरासी उन्नाव

पत्रांकः मेमो/निविदा आमंत्रण/एसएलडब्लूएम/निर्मित कार्य/2024-25 दिनांक 06.01.2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फतेहपुर चौरासी वि.खं. की ग्राम पंचायत कुड़ीना में निम्नलिखित विकास कार्यों के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म सामग्री हेतु आवेदन कर सकती है। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 22.01.2025 को समय पूर्वान्ह 11 बजे तक ही है। निविदा उस दिन ग्राम पंचायत कार्यालय मे अपरान्ह 2 बजे खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रुपये में	वि. वर्ष	सामग्री आपूर्ति
1	ग्राम पंचायत कुडीना में आरआरसी सेंटर का निर्माण कार्य।	2,12000	2024-25	ईट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, पत्थर गिट्टी, मौरंग, ईट गिट्टी, सरिया आदि।

1 निधार्रित समय सीमा के पश्चात कोई निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2 निविदा पर किसी भी प्रकार की कटिंग व ओवर राइटिंग मान्य नही की जाएगी।
3 उपरोक्त कार्यों में कोई एक व सभी कार्यों को कराए जाने का अंतिम निर्णय धनराशि की उपलब्धता के आधार पर चयनित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4 बिना कोई कारण स्पष्ट किए किसी भी समय सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी व ग्राम पंचायत को निहित होगा।
5 कार्य को मानक के अनुसार कराना होगा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरतने व गडबडी होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी फर्म/निविदादाता की होगी। जिसकी वसूली फर्म से ही की जाएगी।

ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम प्रधान

संक्षेप

किशोरी भागने में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव पर रिश्तेदारी में आई किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कस्बा खुदागंज जिला शाहजहांपुर के एक पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया क्षेत्र के गांव में रिश्तेदारी में उसकी पुत्री रह रही थी। मौका पाकर गांव पिटरियाई थाना जैतीपुर जिला शाहजहांपुर निवासी विपेंद्र पुत्र देवेंद्र बहला फुसलाकर अपने साथ भगान ले गया है। अनहोनी की आशंका को लेकर पुलिस नाम पीड़ित की शिकायत पर नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

फांसी लगाकर विवाहिता ने दी जान

तिकुनिया खीरी। ग्राम पंचायत खमरिया कोइलार में विवाहिता राधिका 19 ने सुबह फांसी लगाकर जान दे दी है मृतका के पिता ने कोतवाली में अपनी बेटी के फांसी लगाकर जान देने की सूचना दी ,सूचना पर पुलिस नेशव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। कोतवाली इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने बताया ग्राम सिधौना निवासी संतोष कुमार ने प्रार्थना पत्र पर सूचना देकर बताया कि उनकी बेटी राधिका 19 ने फांसी लगाकर जान दे दी है उन्होंने अपनी बेटी का विवाह एक साल पहले ग्राम खमरिया कोइलार निवासी छोटेलाल के बेटे शारदा प्रसाद के साथ किया था ।ससुराल वालों ने मायके में सूचना दी कि उनकी बेटी ने फांसी लगाकर जान दे दी है जिसके चलते घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। फिलहाल विधिक कार्रवाई करते हुए मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा गया है। मृतका के चाचा रामस्वरूप ने बताया की सुबह 8 बजे उनका भतीजा शारदा प्रसाद मजदूरी करने गांव में गया था इस बीच करीब साढ़े 9 बजे भतीजे की पत्नी राधिका ने फांसी लगा ली जिसकी सूचना फौरन मायके वालों को दी गई। कोतवाली प्रभारी अमित सिंह भदोरिया ने बताया फांसी लगाने का कारण अज्ञात है इस बाबत कोई तहरीर नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

लाखों की नगदी सहित जेवर चोरी

शाहजहांपुर ।जनपद के थाना रोजा क्षेत्र में बंद पड़े एक मकान में चोरों ने धाबा बोल दिया। चोर नगदी समेत लाखों के जेवरात आदि चुरा ले गए। पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर मकान मालिक ने घर पहुंच कर फौरन ही पुलिस को सूचना दी। एसपी सिटी संजय कुमार ने रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी कई नमूने आदि लिए। एसपी सिटी संजय कुमार ने जल्द ही घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं. रोजा थाना क्षेत्र में स्थित कैलाश नगर कालोनी में चमन बर्फ खाने वाली गली में मकान मालिक मोहम्मद सईद के बन्द मकान में शनिवार की शाम चोरों ने धाबा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दे डाला.सईद अपने परिवार के साथ हरदोई में अपनी ससुराल गए हुए थे। सोमवार सुबह पड़ोसियों से पता चला कि उनके मकान में चोरी हो गई है। वह फौरन ही ससुराल से निकल घर पहुचे देखा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। कमरे के भी ताले टूटे हुए थे,सारा समान बिखरा हुआ था। अलमारी में रखा सारा समान गायब था। चोर उनकी एक लाख की नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात आदि चुरा ले गए।

डीएम-एसपी ने प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारे में टेका मत्था

लखीमपुर खीरी। सोमवार को श्री गुरूगोविन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश उत्सव पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने हाथीपुर स्थिति गुरूद्धारा श्री गुरू सिंह सभा पहुंचकर मत्था टेका और जिले की प्रगति, उन्नति एवं लोककल्याण के लिए अरदास की। इस दौरान उन्हें सरोपा भेंट किया गया।

इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरू गोविन्द सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएँ हमें जीवन में करुणा, विनम्रता और समरसता का संदेश देती हैं। उन्होनें कहा कि गुरू गोविन्द सिंह के त्याग बलिदान और देश के लिए समर्पण से प्रेरणा ले और उनके बताए रास्ते पर चले। सिख समाज वीरता और मेहनत का पर्याय है। उन्होनें देश को समृद्ध बनाने में बड़ा योगदान दिया है। डीएम ने सभी को प्रकाशपर्व की बधाई देते हुए कहा कि वाहेगुरु जी की कृपा से सभी जनपदवासियों के घरों में सुख एवं शांति बनी रहे। वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह !

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि आपके बीच आकर सुखद अनुभूति हो रही है। गुरु गोविंद सिंह जी महराज के प्रकाश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने जनपदवासियों के मंगल व कल्याण के लिए कामना की। इस मौके पर सरदार कुलवंत सिंह खैरा, गुरजीत सिंह जुनैजा, पाल सिंह, जरनैल सिंह, हरजिंदर सिंह, रणजीत सिंह, शीतल सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसानों को प्रेरित कर रहे एसडीएम

पिपरिया धनी, खीरी। पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोमवार को एसडीएम मोहम्मदी डॉ अवनीश कुमार ने क्षेत्र के किसानों के बीच जाकर उन्हे फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया।

सोमवार को एसडीएम डॉ0 अवनीश कुमार ने क्षेत्र के रेहरिया, मझिगवां, पिपरिया धनी आदि सेंन्टरो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि सीएससी का चयन जिस पंचायत के लिए किया गया हैं वह उस स्थान के बजाय दूसरे स्थान पर संचालित हैं। जिससे किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पा रही हैं। एसडीएम ने गलत स्थान पर संचालित सीएससी आईडी निरस्त करने, सभी सीएससी को प्राथमिकता पर काम रात तक करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि किसान अपनी भूमि की किसान आईडी बनवाएं। जिससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। लेखपाल दीपक वर्मा ने किसानों को बढ़ चढ़कर फार्मर आईडी बनवाने के लिए जागरूक किया। फार्मर आईडी बनवाने के लिए समाजसेवी पलविंदर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव, लेखपाल दीपक वर्मा, शाहिद विष्णु यादव आदि मौजूद रहे।

डीएम ने चोटिल बच्चे का इलाज कराने के दिये निर्देश

लखीमपुर-खीरी। खेलते समय गेंद से 9 वर्षीय नारायण पुत्र साधुराम को आंख में चोट लगने और पैसे के अभाव में आंख का इलाज न करा पाने की सूचना प्रसारित हुई, सूचना का संज्ञान लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह को चोटिल बच्चे का समुचित इलाज कराने हेतु निर्देशित किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार सुनील कुमार और उनकी पूरी राजस्व टीम चोटिल बच्चे को जिला चिकित्सालय ओयल लेकर पहुंची, जहां नेत्र रोग विशेषज्ञ ने समुचित इलाज करते हुए जरूरी औषधीय प्रदान की। चिकित्सक के अनुसार बच्चे की स्थिति सामान्य है, कोई भी गंभीर चोट नहीं है। तहसील प्रशासन ने चोटिल बच्चे को गर्म कपड़े, कंबल, खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की। इलाज के उपरांत अधिकारियों की टीम ने बच्चें को उसके घर पहुंचाया और परिवार को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

यज्ञशाला का निर्माण पूरा, कलश यात्रा आज



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के कनिष्ठ विभाग में 7 से 13 जनवरी तक होने वाले श्री महालक्ष्मी महायज्ञ अनुष्ठान के लिए यज्ञशाल का निर्माण पूरा हो चुका है। आज प्रात 10 बजे से आचार्य शिवेंद्र मिश्रा कात्यायन के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसकी तैयारियों का दौर सोमवार को चलता रहा। इसके उपरान्त 10 से 13 जनवरी तक दिन रात यज्ञ एवं अनुष्ठान जारी रहेगा। इस मौके उमेश मिश्रा, आनन्द त्रिवेदी, विजय बाजपेई, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, कपिल मिश्रा, सचिन मिश्रा, पंकज बाजपेई, मनोज अवस्थी, लवकुश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

दो दिवसीय मनरेगा महामेला 27 से

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ का दो दिवसीय महामेला 27 और 28 जनवरी को सुबह 10 बजे होगा। भगवान विश्वकर्मा का हवन पूजन करने के बाद मेला आरंभ किया जाएगा। समापन 28 जनवरी को सांय 5 बजे किया जाएगा। मेले का आयोजन ग्राम सकेथू में किया जाएगा। मुख्य अतिथि सरदार इंद्रजीत सिंह विश्वकर्मा प्रपोत्र पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह होंगे। मेले में देश के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, 14करोड़ किसानों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा, अधिवक्तों, पत्रकार बंधुओं, अति पिछड़े अति दलित, आदिवासी सहित करीब पचास ऐसी जातियां जो कि अलग थलग पड़ी है। बेरोजगार युवाओं की दीन दशा पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। 60 वर्ष से ऊपर आयु के मिस्त्री को प्रतिमाह 3 हजार रुपए पेंशन देने, सभी ग्रामों में जो अंबेडकर पार्क की जगह छोड़ी गई है। उन पार्कों में अंबेडकर की मूर्ति लगवाने, मजदूर मिस्त्रियों, तीन एकड़ से कम जोतकारों को अंत्योदय कार्ड दिलवाने, पत्रकार बंधुओं, अधिवक्तों को पांच हजार रुपए भत्ता दिलाने, भारत के 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों, सभासदों को सांसद विधायको की तर्ज पर भत्ता व निधि दिलाने, भारत की गरीबी व बेरोजगारी जड़ से खत्म करने के लिय 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन 28 जनवरी को जिला अधिकारी के माध्यम से भारत के मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़, भारत सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को सौंपा जाएगा।

लकड़कट्टों के हौसले बुलंद

लखीमपुर खीरी। खीरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लकड़कट्टों के हौसले बुलंद है। चोरी से काटे गये आम के प्रतिबंधित हरे भरे पेड़। बिना परमिट के पेड़ काटना बंद नही हो पा रहे है। लकड़कट्टे ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं की चोरी से भी पेड़ काटना प्रारंभ कर चुके हैं।

राजकुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम सरखनपुर के खेत में लगे आम के पेड़ को ठेकेदार ने साफ कर दिये। ठेकेदारो ने चोरी से हरे भरे पेड़ काट दिये आम के प्रतिबंधित पेड़ भी काटे गये। सूत्रों बताते है कि ठेकेदारों के द्वारा स्थानीय पुलिस की मिली भगत से प्रतिबंधित पेड़ काटे जा रहे है। पीड़ित ने कस्बा खीरी चौकी पर शिकायती पत्र देकर पेड़ काटने वाले ठेकेदारो पर कार्यवाही की मांग है।

मनुष्य को धन व बल का अहंकार नहीं करना चाहिएः शास्त्री

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) इंसान को कभी धन और बल पर घमंड नहीं करना चाहिए। क्योंकि घमंड से बने बनाए काम बिगड़ जाते हैं। एक न एक दिन घमंड चकनाचूर हो जाता है। संसार में वह हंसी का पात्र बनाता है। इसलिए परमात्मा में लीन रहकर सामान्य जीवन जीना चाहिए। उक्त उद्गार कथावाचक पंडित हरिकृष्ण शास्त्री ने स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में व्यक्त किए।

श्री शास्त्री ने कहा लाभ, हानि, जीवन मरण, यश अपयश सब कुछ नारायण के हाथ में है। मनुष्य उसके दिशा निदेशों का पालन करते हुआ अपनी जीवन लीला पूर्ण करता है। प्रभु की असीम कृपा से ही इस संस्मरण मनुष्य को धन, यश तथा मान सम्मान मिलता है। इसे पाने के बाद अभिमान से बचना चाहिए क्योंकि अभिमानी का अभिमान नष्ट करने प्रभु स्वयं आते रहे हैं। उन्होंने दुर्योधन, राजा कंश राजा इंद्र का उदाहरण देते हुए उनके अभिमान नष्ट करने संक्षिप्त वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राज इंद्र को भी अभिमान था और उनकी पूजा न करके ग्वाल बालों से गोवर्धन पर्वत की पूजा कराकर भगवान कृष्ण ने उनके अभिमान को तोड़ने का काम किया था। मौजूद लोगों को श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में पूतना वध, माखन चोरी, कलिया दाह रास लीला का रोमांचक वर्णन करते श्री शास्त्री ने कहा घर के सभी बच्चे भगवान का ही स्वरूप होते हैं। उनको भरपूर प्यार व शिष्टाचार देना चाहिए। उन्होंने सभी संगृहीत आश्रम के दायित्वों के निर्वहन हेतु समाज में आर्थिक लाभ के कार्य करने के साथ ही परमार्थ के कार्य भी करते रहना चाहिए। गोवर्धन पूजा को लेकर विद्यालय द्वारा 56 प्रकार भोग प्रसाद बनवाया गया। आरती के बाद कढ़ी चावल में 56 भोग का भी वितरण किया गया। संगीतमई कथा में दीनानाथ झा, नीरज शास्त्री, राम किशन गोस्वामी ने कथा में सहयोग किया। इस मौके पर नपा अध्यक्ष विजय शुक्ल, अवनीश मिश्रा, रविन्द्र कटियार, ओमप्रकाश शुक्ल विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिबाला रावड़ा, उषा रावड़ा, अंजू रावड़ा, ओम प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद थे।

गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण का ध्वस्तीकरण देख सहमे लोग

सोमवार को मलबा हटाए जाने का काम तेजी से किया गया। साथ ही सोमवार को ध्वस्तीकरण का अधूरा काम पूरा किया गया। मंगलवार को डल्लू राम धर्मशाला का निरीक्षण किया जाएगा।
विनोद कुमार गुप्ता
उप जिलाधिकारी गोला गोकर्णनाथ

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण को लेकर जिला पंचायत की भूमि पर निर्मित तीन भवनों को रविवार की देर शाम और शेष बचे बबली देवी के एक भवन और दुकान को सोमवार की शाम को ध्वस्त कर दिया गया।

उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता आज डल्लू राम धर्मशाला का निरीक्षण कर ध्वस्तीकरण की रूपरेखा तैयार करेगें। इस धर्मशाला में तीन परिवार रह रहे हैं और लगभग एक दर्जन से अधिक दुकानदार अपना व्यवसाय कर रहे हैं। सोमवार को पूरे दिन कारिडोर परिसर से मलबा हटाए जाने का काम तेजी से किया जाता रहा। दो दिसंबर को प्रशासन के द्वारा जिला पंचायत की 13, नगर पालिका के 7 दुकानों सहित अंगद धर्मशाला, फरुर्खाबाद धर्मशाला पर मार्किंग की गई थी। इसके बाद चार मकान, 7 धर्मशाला अंगद, बरेली, महादेवा, फरुर्खाबाद, गोस्वामी, मालपुर और हंसराम मूलचंद धर्मशाला, सात भवन, जिला पंचायत द्वारा निर्मित 13 दुकानें, नगर पालिका की सात दुकानें, शौचालय, पार्वती सत्संग भवन, मेला प्रशासनिक कार्यालय और अम्बेडकर पार्क के निकट बना सुलभ शौचालय ध्वस्त किया जा चुका है। डल्लू राम धर्मशाला में बने मंदिर का सुंदरीकरण कराया जाएगा। सोमवार की देर शाम बेघर हुए लोग अपना आशियाना उजड़ते हुए देखते नजर आए। श्री हंस राम मूलचंद अग्निहोत्री धर्मशाला की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर जबरदस्ती बिना बताए धर्मशाला को ध्वस्त करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा गाटा संख्या बदलकर धर्मशाला को नजूल की भूमि में बदल दिया गया। जिससे वह लोग मुआवजा से वंचित रह गए। इसी के साथ धर्मशाला को ध्वस्त करने के धर्मशाला पीछे बने उपदेश वाजपेयी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी प्रशासनिक अधिकारियों ने मरम्मत करने की बात कहीं थी। लेकिन अभी तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिसके कारण परिवार को क्षतिग्रस्त भवन में रहना पड़ रहा हैं। नगर पालिका के सभासद राजेश अवस्थी ने प्रशासन से पौराणिक शिव मंदिर कारिडोर निर्माण के समय लोगों के उजड़ रहे आशियाना को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि बेघर हुए लोगों को उनके हिसाब से भवन आवंटित कर उन्हें बसाए।

लव जिहाद को लेकर हिन्दू युवा संगठन ने किया पुतला दहन

शाहजहांपुर/ जनपद में लव जिहाद की लगातार बढ़ रही घटनाओं को लेकर हिंदू युवा संगठन के कार्यकताओं ने पुतला दहन कर नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है।

कलेक्ट्रेट गेट पर हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिले में लगातार हो रही लव जिहाद की घटनाओं को लेकर जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन करने के बाद अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए जिले के तिलहर थाना क्षेत्र की एक हिन्दू बालिका को समुदाय विशेष का युवक साथ ले गया एवं रोजा थाना क्षेत्र में भी एक विशेष समुदाय के युवक द्वारा एक बालिका को अपने साथ ले गया है इसके मामले दर्ज होने के बावजूद अभी तक दोनों बालिकाओं की बरामद नहीं हो सकी है। दोनों बालिकाओं के परिजन लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसी को लेकर हिंदू युवा संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने राजेश अवस्थी के नेतृत्व में जिला प्रशासन का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की और चेतावनी देते हुए सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बालिकाओं को बरामद करने की मांग उठाई साथ ही बालिकाओं की बरामदगी ना होने पर उग्र आंदोलन की धमकी दी है।

ट्राली से टकराई बस ,कई घायल

शाहजहांपुर/ जनपद में खुटार थाना क्षेत्र के तिकुनिया चौराहे पर घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें ईंट से भरी ट्राली और सवारियों से भरी बस के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। इस हादसे के दौरान बस में सवार

लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए, जिन्हें तत्काल खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद खुटार थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बस को क्रेन की मदद से साइड में करवाया. बस नेपाल से चंडीगढ़ जा रही थी, लेकिन घने कोहरे के कारण यह हादसा हो गया। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर घायलों को खुटार के सीएचसी में भर्ती करवाया है जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ऊनी वस्त्र और कम्बल का किया वितरण

जौनपुर। जेसीआई के अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मौसम अनुरूप ऊनी वस्त्र और कम्बल वितरण के कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सरैया धमार्पुर में किया गया ।मुख्य अतिथि सर्जन डॉ. विकास यादव ने बताया कि जरूरतमन्दों को ऊनी वस्त्र और कम्बल वितरित कर जेसीआई संस्था बहुत ही पुनीत कार्य कर रही है। असहायों की मदद करना सच्ची सेवा होती है। इस दौरान डा. विकास यादव ने उपस्थित लोगों को ठण्ड से बचने के कई तरीके बताएं।मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने गरीबों की सेवा को सच्ची सेवा बताया । संचालन उपाध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया। संतोष अग्रहरि, शिव राय, विजय शंकर राय, नीरज राय, श्रीचंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

युवक ने बचायी दूसरे युवक की जान

दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन ने किया सम्मानित

पलियाकलां-खीरी। बलराम पुत्र शम्भू दयाल उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी बासुकपुर, थाना-मैलानी, जनपद-खीरी अपने बहनोई राजपाल निवासी कटैया, थाना-भीरा के यहाँ सरसों की फसल को बचाने का कार्य करने आया था। वह 05 जनवरी 2025 की सायं में किशनपुर वन्य जीव विहार, मैलानी-खीरी की किशनपुर रेंज के कटैया स्थित जंगल से लगे खेत में सरसों को बचाने का कार्य कर रहा था। उसी समय जंगल से निकले बाघ द्वारा उस पर आक्रमण करने का प्रयास किया गया। उसी समय उधर से निकल रहे नन्हें पुत्र लालजी निवासी ग्राम कटैया, थाना-भीरा, जिला-खीरी की नजर बलराम की तरफ पड़ी। बिना डरे वहां से भागने के बजाए नन्हें द्वारा हल्ला मचाया जाने लगा। शोर के कारण बाघ वापस गन्ने में चला गया। इस प्रकार नन्हें की सूझबूझ एवं निडरता के कारण बलराम पर आया खतरा टल गया। हालांकि बाघ के आक्रमण करने के प्रयास में बलराम के हाँथ व पैर में पंजे के निशान लग गए। इस कारण बलराम बुरी तरह से भयभीत हो गया। जानकारी प्राप्त होते ही किशनपुर रेंज स्टाफ संक्षम स्तर को सूचना देते हुए तत्काल प्रभाव से घटना स्थल पर पहुँचकर ग्रामीणों की मदद से बलराम को प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र बिजुआ ले जाया गया। प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत चिकित्सकों द्वारा बलराम को सुरक्षित बताया गया।

घायल बलराम की नन्हें द्वारा अपनी सूझबूझ एवं निडरता से बचाव किए जाने के कारण नन्हें को दुधवा पार्क प्रशासन के सक्षम उच्च स्तर के निर्देशन में धर्मेन्द्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक, किशनपुर द्वारा कंबल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि जंगल से सटे क्षेत्र के खेतों में ग्रामीण समूह में जाएं विशेषकर सायं एवं प्रातः काल में तथा सावधानी बरतें, जिससे कि इस प्रकार की घटनाएं घटित न होने पाएं। यह जानकारी उपनिदेशक दुधवा पार्क डा रंगा राजू टी ने दी।

बाइक को बचाने के चक्कर में भैंसों से भरी पिकअप खाई में गिरी

जिला संवाददाता(vol)

निगोही शाहजहांपुर निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम गन पतपुर के निकट बाइक को बचाने से हुआ हादसा पुवाया से निगोही को आ रही थी पिकअप निगोही की तरफ से बाइक सवार आ रहा था बाइक सवार ने बिना इंडिकेटर दिए बाइक को मोड़ दिया जिसके कारण पिकप का ड्राइवर घबरा गया और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में 10 पीट गहरी खाई में पिकप गिरी जाके पिकप में चार भैंस और चालक सहित भैंस मालिक बैठा था चालक आजम खां और महबूब पुत्र चांद खा को काफी गहरी चोटें आई हैं दोनो युवकों का निगोही सीएचसी पर इलाज चल रहा है दोनो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दिव्यांगों ने अधिकारियों पर लगाया समस्याओं की अनदेखी का आरोप

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) भारतीय दिव्यांग यूनियन ने समस्याओ को लेकर बैठक की और डीएम को ज्ञापन भेजकर निराकरण कराने की मांग की है। निराकरण न होने की दशा में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि दिव्यांगजनों ने 11 दिसंबर को डीएम से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा था। डीएम ने चार सदस्यीय कमेटी बनाकर समस्याओं को दूर कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन आश्वासन के बाद भी किसी ने दिव्यांग जनों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। सोमवार को ब्लॉक परिसर में महा समस्या बैठक कर अधिकारियों का ध्यान खींचने के लिए विज्ञापन रजिस्टर्ड डाक द्वारा डीएम को भेजा गया है। उनकी मांग है कि भारतीय दिव्यांग अधिनियम-2016 का पालन करना सुनिश्चित किया जाये, पीड़ित व्यक्ति की संबंधित थाना में रिपोर्ट दर्ज करते समय भारतीय दिव्यांग अधिनियम की धाराओं को सम्मिलित किया जाये। जितने भी अंतोदय राशन कार्ड बने हैं उनकी जांच करा कर अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त किए जाएं। सभी दिव्यांगों का अन्तोदय श्रेणी का राशन कार्ड बनाया जाए ताकि दिव्यांगों का भरण-पोषण हो सके। दिव्यांगों को प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना का लाभ दिया जाये। जिससे वह स्वःरोजगार कर अपना जीवन यापन कर सके। गोला में पीडब्लूडी कार्यालय के पास बने कांशीराम आवास कालोनी में खाली पड़े आवासों को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगों को आबंटित किया जाये, तहसील गोला में मण्डी समिति, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, तहसील परिसर, चैराहा, सरकारी संस्थान जैसे स्कूल, बैंक, थाना आदि के फुटपाथ पर दिव्यांगों को रोजगार करने को खोखा रखने की अनुमति प्रदान की जाये।

इस मौके पर संजेश कुमार, अमित कुमार, राजेश मौर्य, विजयपाल, लालचंद , तिलक राम, नरेंद्र, रियाजउद्दीन आदि दिव्यांग जन मौजूद थे।

संक्षेप

पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

मीरजापुर। थाना लालगंज क्षेत्र में लालगंज-दीपनगर मार्ग पर खजूरी गांव के सामने चाची की तेरहवीं में आए मेहमान को बाजार छोड़कर घर लौट रहा बाइक सवार भतीजा पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि पवारी कला गांव निवासी अमित सिंह 40 वर्ष की चाची नौलखी देवी 70 वर्ष की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उनकी तेरहवीं में मेहमान आए थे। रात में अमित सिंह एक मेहमान को छोड़ने के लिए बाइक से लालगंज बाजार गए थे। घर लौटते समय खजूरी गांव के सामने अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गए। सूचना पहुंचे परिजन और पुलिस उन्हें इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अमित दो भाइयों में बड़े थे। वे खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनसे तीन पुत्रियां खुशी, मनु, माही और एक पुत्र राज हैं। पिता की मौत से बच्चे रो-रोकर बेहाल हैं। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि हादसे में मौत होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

विवाहित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के कोलहटा कमाल गांव में बीती रात एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह लोगों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मायके पक्ष को सूचना दी। कोलहटा कमाल गांव निवासी 35 वर्षीय अनुप्रिया मौर्या पत्नी मोनू मौर्य के दो बच्चे हैं। परिजनों का कहना है कि रविवार की रात को अनुप्रिया भोजन कर अपने कमरे में सोने के लिए चली गयी। रात में कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह काफी देर बाद भी जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिवार के लोग उसे बुलाने के लिए गए। आवाज देने के बाद भी जब अंदर से कोई हरकत नहीं हुआ तो सशंकित होकर परिजनों ने खिड़की से अंदर झांका। कमरे में अनुप्रिया का शव फंदे से लटका देख परिजनों ने शोर मचाया। शोर सुनकर अगल-बगल के लोग भी आ गए। पड़ोसियों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाइक के टक्कर से अधेड़ की मौत

आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के भीमाकोल गांव में रविवार की देर शाम को बाइक के टक्कर से अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की घटना से परिवार में कोहराम मच गया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भीमाकोल गांव निवासी 55 वर्षीय बहादुर निषाद पुत्र नरेश निषाद रविवार की देर शाम को करीब सात बजे गांव में कहीं से होकर पैदल अपने घर जा रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने पीछे से बहादुर को टक्कर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से परिवार के लोग बहादुर को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उनकी मौके पर ही मौत हो गयी।

6 आरोपी, 6 गोली और पुरानी रंजिश ने ले ली 4 की जान

- बरगवां सामूहिक आंधी हत्याकांड पर पुलिस ने किया खुलासा
- एक नाबालिग समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली(सोनभद्र)। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ोखर में हुए सामूहिक आंधी हत्याकांड का 48 घंटे के भीतर सिंगरौली पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक सभागार में प्रेस वार्ता कर रीवा जोन के उपमहानिरीक्षक साकेत प्रकाश पांडे ने पत्रकारों को बताया की 2 व्यक्तियों से आपसी रंजिश के कारण इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

उन्होंने बताया कि इस हत्या का मास्टरमाइंड जयंत नेहरू के पास रहने वाला राजा रावत था, जिसने अपने 5 साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस ने 48 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें पांच आरोपियों की गिरफ्तारी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से की गई, वहीं एक आरोपी को आज दोपहर बनारस से गिरफ्तार कर लाया जा रहा है। गौरतलब है कि बीते शनिवार थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ोखर में हरीप्रसाद प्रजापति के निवास स्थित सेप्टिक टैंक के अंदर चार लोगों के शव मिले थे। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए हत्या का प्रकरण में अपराध क्रमांक 16/25 धारा 103(1) 331, 328, 238, 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना शुरू कर दी थी।

3 को मारी गोली, एक पर धारदार हथियार से किया वार

आरोपी राजा रावत घटना की रात पूरी तैयारी से हत्या करने निकला था। उसने मृतकों को पहले पार्टी की सामग्री मुहैया कराई और कुछ देर उनके साथ बीतने के बाद वह अपने साथियों को लेने निकल पड़ा। लौटने पर उसने पहले सुरेश पर दो गोली चलाई, जिससे वह वहीं ढेर हो गया। गोली की आवाज सुनकर करण आया तो करण साहू के सिर पर भी एक गोली मारी गई। इसके बाद राकेश सिंह पर तीन गोली मारकर उसे ढेर कर दिया गया। आरोपियों ने इसके बाद जोगेंद्र महतो का गला दबाकर उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर उसे भी मौत की नींद सुला दिया। इसके बाद सभी के शवों को घर के बाहर स्थित सेप्टिक टैंक में फेंक फरार हो गए।

पहली बार हुआ शवों का सीटी स्कैन

सिंगरौली जिले में इस प्रकार सामूहिक हत्या का मामला पहले कभी नहीं आया था। पुलिस भी इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बरतने को तैयार नहीं थी। एक और जहां आरोपियों के धर पकड़ के लिए एसआईटी गठित कर पुलिस अधिकारियों के निशानदेही पर जगह-जगह छापेमारी की जा रही थी। वही साइबर एक्सपर्ट अपने स्तर पर आरोपियों को ट्रेस करने में जुटे थे। इस दौरान बरगवां निरीक्षक अपनी टीम के साथ शवों के पीएम के लिए दिन भर मुख्यालय में डटे रहे और पोस्टमार्टम के बाद शवों का सिटी स्कैन कराया गया। सीटी स्कैन में यह बात सामने आई की 2 व्यक्तियों के शरीर में बुलेट फांसी हुई है, वही सुरेश को लगने वाली गोलियां उसके शरीर को आर पार कर निकल गई थी।

पुरानी रंजिश में गई सभी की जान

पत्रकारों को संबोधित करते हुए डीआईजी श्री पांडे ने बताया कि आरोपी राजा रावत कि मृतक जोगिंदर महतो समेत सुरेश से जमीन के कब्जे और मकान बनाने को लेकर पुरानी रंजिश थी। साथ ही तीनों गुस्सैल प्रवृत्ति के थे। और यही कारण था हत्या का और सबूत मिटाने को लेकर अन्य लोगों की हत्या की गई।

इनकी हुई गिरफ्तारी

इस मामले में आरोपी राजा रावत पिता अमर रावत उम्र 25 वर्ष निवासी नेहरू गेट के पास समेत बुद्धसेन साकेत पिता रामदेव साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी सिंगाही ग्राम सोलन चैकी गोरबी थाना मोरवा, हरिश्चंद्र साकेत उर्फ शुभम उर्फ छोटू पिता रामधनी साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी बरहटी थाना बरगवां, रोहित साकेत पिता रामबिचारे साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी नेहरू गेट गर्दा बस्ती चैकी जयंत व एक विधि विरुद्ध बालक की गिरफ्तारी हुई है। वहीं फरार आरोपी नीरज साकेत पिता महेंद्र साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी जयंत को सोमवार दोपहर वाराणसी से गिरफ्तार कर लिया गया।

सफाई न होने से बजबजा रहीं नालियां

आजमगढ़। शहर के मड़या मोहल्ले मल्लाह बस्ती में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई नहीं होने से नालियां जाम है और गंदगी से बजबजा रही है। सफाईकर्मी सफाई के लिए नहीं आते हैं। गंदगी से संक्रामक बीमारी फैलने की हमेशा आशंका बनी रहती है। इसकी शिकायत मोहल्ले वासियों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन से की, लेकिन नपा प्रशासन उदासीनत बना हुआ है। जिससे मोहल्ले वासियों में आक्रोश व्याप्त है। मड़या मोहल्ला के मल्लाह बस्ती में काफी अरसे से नाली और गलियों की सफाई के लिए नगर पालिका के कोई सफाई कर्मी नहीं आते हैं। जिससे सफाई न होने ने गलियों में कूड़े- कचरे से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं नालियां जाम होने से बजबजा रही है। लोगों के घरों का गंदा पानी नहीं निकल पा रहा है। नालियों में रूके गंदे पानी से संक्रामक बीमारी फैलने की हमेशा आशंका बनी रहती है। वहीं नालियों और कूड़े की ढेर से उठ रही बदबू से लोगों का रहना दुश्वार हो गया है। मोहल्ले के सोनू, रामनाथ, गुड्डू ने बताया कि सफाई के लिए सफाईकर्मी मोहल्ले में नहीं आते है। नगर पालिका के जिम्मेदारों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे काफी दिक्कत हो रही है।

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से बदला शव

मीरजापुर।स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से दुर्घटना में मृत दो शवों की अदला बदली हो गई। उक्त लापरवाही से जहां एक परिजन द्वारा दो शवों का अन्त्येष्टि करना पड़ा वहीं दूसरे परिजन द्वारा शव का राख लेकर धीरज धरना पड़ा। बताते हैं कि पड़री थाना क्षेत्र के पुतरिहा में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी जिससे बाइक सवार गुलेश कुमार बिंद की गिरकर मृत्यु हो गई, इसी अमित कुमार निवासी सिंगरौली, जिनका ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु चुनार स्जाथित पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया, जहां स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से पड़री निवासी गुलेश कुमार बिंद के परिजनों को अमित का शव दे दिया गया। परिजनों ने गुलेश कुमार बिंद का शव समझकर उसे घर ले जाकर उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया और त्रिरात्रि करने जा रहे थे लेकिन जब इसका पता परिजनों को हुआ तो वह लोग भी बहुत दुःखी हुए और फिर से गुलेश कुमार बिंद के परिजन गुलेश का शव ले जाकर दाह संस्कार किया। वहीं दूसरा मृतक अमित सिंगरौली जिनका ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गई थी,जब उसके परिजनों को अमित का शव नहीं मिला तो हंगामा करने लगे तब किसी तरह इसकी पूरी जानकारी हुई तो मृतक अमित सिंगरौली निवासी के परिजनों ने दुःखी मन से अमित के शव का राख लेकर घर वापस चले गए। बड़ी बात तो यह है कि आखिर इतनी बड़ी गलती हुई किससे और कार्यवाही क्या किया गया? इसकी जानकारी प्रेस नोट के जरिए संबंधित अधिकारी ने क्यों नहीं दिया?

युवक की नहर में गिरकर मौत

जौनपुर। जिल के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी एक युवक रात तेरहवीं का भोज खाकर वापस अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में बरचैली सरौली नहर में गिर पड़े, देर रात्रि तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने थाने में घटना की सूचना दी, सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खोजबीन करवाया नहर के आगे जाल लगवाया गया परंतु शव नही मिला, अथक प्रयास के बाद भोर में नहर से शव बरामद हुआ, ग्रामीणों के सहयोग से शव को नहर में से बाहर निकलवाकर आवश्यक लिखा पढ़ी की, इस संबंध में पुलिस ने बताया की 30 वर्षीय आशुतोष तिवारी पुत्र अखिलेश चंद्र तिवारी गांव से निमंत्रण में शामिल होने के बाद अपने घर जा रहा था, रास्ते में मिर्गी आने के कारण साइकिल सहित नहर में गिर गया था, सूचना मिलने ही मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया गया और परिवारजन को सौंप दिया गया, परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

एक मुश्त योजना का उठायें लाभ

आजमगढ़। मुबारकपुर विद्युत सब स्टेशन पर एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए कैंप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए बिजली अधिकारियों द्वारा 20 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। एसडीओ मुबारकपुर अभिषेक राय ने बताया है कि बकाया बिल जमा करने के लिए लगातार उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है और उनसे बकाया बिजली बिल जमा कराया जा रहा है।

महाकुंभ की तैयारी को लेकर रेलवे पशासन सतर्क

जौनपुर। आगामी 13 जनवरी से शुरू हो रहे हैं महाकुंभ की तैयारी को लेकर रेलवे प्रशासन भी अब अलर्ट हैं। प्रयागराज जाने वाली सभी स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जफराबाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा की जिम्मेदारी जीआरपी पुलिस व आरपीएफ पुलिस की रहेगी। रेलवे स्टेशन पर पुलिस के द्वारा प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। एसपी जीआरपी के निर्देश पर

जाफराबाद जीआरपी के एसओ अपने पुलिस टीम के साथ चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया हैं। पुलिस दोनों अभी तो से पूछताछ भी की। जफराबाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस के द्वारा प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति पकड़े गए। जिनसे पुलिस के द्वारा पूछताछ की गई। पुलिस के जवानो के द्वारा स्थानीय लोगों को बताया गया कि रेल लाइन सुरक्षा व्यवस्था को भंग करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जाफराबाद जीआरपी प्रभारी विनोद कुमार सोनकर ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध दिखाई दिए। जिन्हें पकड़ कर पूछताछ की गई। वही रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को भी कहा गया है कि गया कि अगर रेल लाइन के सुरक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

जौनपुर। अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा सिद्धार्थ उपवन में आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य संकीर्तन यात्रा के साथ हुआ। नगर की सड़कों पर भक्तों ने हरि नाम संकीर्तन करते हुए पहुंचे। कथा व्यास कमल लोचन ने कहा, मानव समाज में असमानता ईश्वरविहीन सभ्यता में सिद्धांतों की कमी के कारण है। ईश्वर या सर्वशक्तिमान एक है, जिससे सब कुछ निकलता है, जिसके द्वारा सब कुछ बनाए रखा जाता है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। भौतिक विज्ञान ने सृष्टि के अंतिम स्रोत को खोजने का बहुत अपर्याप्त प्रयास किया है, लेकिन यह एक तथ्य है कि हर चीज का एक अंतिम स्रोत है। इस अंतिम स्रोत को सुंदर भागवतम , या श्रीमद-भागवतम में तर्कसंगत और आधिकारिक रूप से समझाया गया है । कहा श्रीमद्भागवतम्न केवल सभी चीजों के परम स्रोत को जानने के लिए बल्कि उनके साथ हमारे संबंध को जानने और इस पूर्ण ज्ञान के आधार पर मानव समाज की पूर्णता के प्रति हमारे कर्तव्य को जानने के लिए भी दिव्य विज्ञान है। यह संस्कृत भाषा में शक्तिशाली पठन सामग्री है, और अब इसे अंग्रेजी में विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया है ताकि केवल सावधानीपूर्वक पढ़ने से ही कोई व्यक्ति ईश्वर को पूरी तरह से जान सके, इतना कि पाठक नास्तिकों के हमले से खुद को बचाने के लिए पर्याप्त रूप से शिक्षित हो जाएगा। इसके अलावा, पाठक दूसरों को ईश्वर को एक ठोस सिद्धांत के रूप में स्वीकार करने के लिए प्रेरित करने में सक्षम होगा।

नदी के घाटों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें: डीएम

जौनपुर । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा गोमती घाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर गुटखा बेचने वाले दुकानदारों का गुटखा जब्त कराते हुए उसे नष्ट कराया तथा उन दुकानदारों को जब्त गुटखा की कीमत की धनराशि देते हुए कहा कि इस धनराशि से वे कोई अन्य खाद्य सामग्री बेचे तथा पावन गोमती नदी की पवित्रता को बनाएं रखें। उन्होंने उपस्थित सभी से अपील किया कि नदी के घाट पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ तथा पॉलिथीन का प्रयोग न करें तथा घाट को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि घाट पर मादक पदार्थों का प्रयोग करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके पश्चात उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण भी किया। उपजिलाधिकारी सदर सहित स्थानीय निवासी तथा अन्य उपस्थित रहे।

प्रतियोगी परीक्षाओं के सॉल्वर गैंग के 4 अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद की शहर कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त कारवाई में प्रतियोगी परीक्षाओं के साल्वर गैंग के वांछित 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 1 अदद अर्टिका कार, 6 मोबाईल, 1 कूटरचित आधार कार्ड विशाल कुमार, 3 एडमिट कार्ड, 1 प्रश्न पुस्तिका बरामद किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि केन्द्राध्यक्ष शिब्ली नेशनल डिग्री कालेज आजमगढ़ द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर शिब्ली नेशनल कालेज परीक्षा केन्द्र में ;यूपीसीसीएससीआर 2024-25 की परीक्षा संचालित की जा रही थी जिसमें 04 जनवरी को को प्रथम पाली की परीक्षा में कक्ष संख्या 103 में अनूप सागर पुत्र वीरेन्द्र कुमार ग्राम मऊपारा, देवकली गाजीपुर सामिलित हुआ, उक्त अभ्यर्थी का आधार वेरिफिकेशन प्रक्रिया में केवाईसी अपडेट न हो पाने के कारण डाटा का मिलान नहीं हो पा रहा था, संदेहवश जब पूछा गया तो पहले स्वीकार करने से मना कर दिया एवं स्वयं को अनूप सागर पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार बताया परन्तु जब परीक्षा केन्द्र पर तैनात पुलिस बल की सहायता से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उक्त सम्मिलित अभ्यर्थी ने अपना सही नाम विकास कुमार पुत्र राम आसरे प्रसाद निवासी असनिया कुआं, थाना कदम कुआं, पटना, बिहार बताया। अनूप सागर पुत्र वीरेन्द्र कुमार के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा में सम्मलित विकास कुमार पुत्र राम आसरे प्रसाद ने यह भी बताया कि कुछ पैसों के बदले उसने यह काम किया है। इस मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त रामप्रवेश यादव पुत्र सर्वराज यादव नि० चिताबन पट्टी थाना जमानिया जनपद गाजीपुर ने बताया कि दुर्गेश तिवारी बिहार के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के स्थान पर बैठने हेतु साल्वर की व्यवस्था कराता हूँ जिसमें विक्की कुमार की सहायता से परीक्षार्थियों के आधार कार्ड में फोटो परिवर्तित कराकर साल्वर को बैठने के लिए भेजता हूँ। राम प्रवेश यादव ने यह भी बताया कि वर्ष 2021 के पूर्व से ही नौकरी दिलाने के लिए लोगों को फंसाता था और उनसे डील करके उनके स्थान पर साल्वर को बैठाकर परीक्षा दिलवाता था। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के स्थान पर साल्वर बैठाकर फर्जी तरीके से नौकरी दिलाने का कार्य हम सभी लोग मिल करते हैं। हमारा एक संगठित गिरोह है। अपने संगठित गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर पूर्व से ही फर्जी तरीके से प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षार्थी के स्थान पर साल्वर को बैठाकर यह कार्य हम सभी मिल कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में परीक्षार्थी के स्थान पर साल्वर को बैठाने के नाम पर लगभग 10 लाख रूपए में डील तय होती थी। इसमें से 2 लाख रूपए परीक्षा देने से पहले तथा शेष रूपए परीक्षा देने के बाद लिए जाते थे। उक्त कार्य में दुर्गेश तिवारी मुख्य भूमिका अदा करते थे। दुर्गेश तिवारी बिहार से साल्वर व फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने हेतु साल्वर की व्यवस्था करते हैं। उत्तर प्रदेश में मैं, सुनील कन्नौजिया, बबलू यादव, श्रवण कुमार यादव, सूर्यकान्त कुशवाहा उर्फ पिन्टू प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने के लिए परीक्षार्थियों/कन्डीडेट की तलाश कर उनके साथ डील कर दुर्गेश तिवारी के साथ मिलकर योजना बनाकर फर्जी तरीके से परीक्षार्थियों के स्थान पर साल्वर बैठाने का कार्य किया जाता है। 4 जनवरी को इस मामले में साल्वर विकास कुमार उर्फ राकेश कुमार तथा पांच जनवरी को परीक्षार्थी अनुप सागर पुत्र विरेन्द्र कुमार एवं 6 जनवरी को रामप्रवेश यादव पुत्र सर्वराज यादव नि० चितावन पट्टी थाना जमानिया जनपद गाजीपुर, सुनील कन्नौजिया पुत्र राजनाथ कन्नौजिया चैकिया थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर, अंकित गुमा पुत्र चन्द्रशेखर प्रसाद इस्लामपुर थाना इस्लामपुर नालन्दा बिहार (साल्वर), अमित कुमार कन्नौजिया पुत्र मुंशीराम डोरा थाना सादात जनपद गाजीपुर (परीक्षार्थी) को गिरफ्तार किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट ने 22 अभियुक्तों को किया जिला बदर

मीरजापुर । जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन ने अपने न्यायालय में विभिन्न अपराधो में संलिप्त अभियुक्तो को दोषी ठहराते हुये 22 अभियुक्तो के विरूद्ध आदेश पारित करते हुये सभी को 06 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया।

जिनको जिला बदर किया गया है उनमें रमेश सिंह पटेल उर्फ सुक्खू पुत्र बद्री पटेल, निवासी पूर्वी पटिहटा, थाना अहरौरा, आकिब अंसारी पुत्र इस्लाम अंसारी, निवासी चेतगंज, इमामबाड़ा, थाना कोतवाली कटरा, नीरज गुप्ता उर्फ छोटई पुत्र छोटू साहू निवासी संगमोहाल रेलवे फाटक पुल के नीचे थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर, मो० फिरोज पुत्र इदरीश, निवासी धनैता, थाना कछवां, द्वारिका प्रसाद बिन्द पुत्र सियाराम बिन्द, निवासी पति का पुरा नरोईया, थाना जिगना, विकास पुत्र बबन्दर निवासी भीटी थाना राजगढ़, गणेश विश्वकर्मा उर्फ अनूप विश्वकर्मा पुत्र रामेश्वर निवासी बड़ी माता इमली महादेव थाना कोतवाली शहर, ओमप्रकाश पटेल पुत्र शिवअचल पटेल निवासी गड़बड़ा थाना लालगंज, मन्टू उर्फ आमिर सुहैल पुत्र एजाज अहमद निवासी नई बाजार पोस्ट आफिस के बगल में थाना अहरौरा, राजाराम हरिजन पुत्र लालबहादुर निवासी महुवारी कलां, डिहवा थाना विन्ध्याचल, अरविन्द कुमार पुत्र बचनु, निवासी मटिहानी, थाना मड़िहान, आकाश उर्फ विक्की पुत्र रामधनी, निवासी पतलुकिया, थाना चुनार, प्रियांशु सिंह उर्फ सूरज सिंह पुत्र कोमल सिंह, निवासी बरजी मुकुन्दपुर, थाना पड़री, सुरेन्द्र पटेल पुत्र बालगोविन्द पटेल निवासी ग्राम खैरा कलां थाना लालगंज, कल्लू शर्मा उर्फ चंचल पुत्र दीनानाथ निवासी ग्राम पचेंगड़ा, थाना अदलहाट, राजेन्द्र कुमार पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम खुलुआ थाना चील्ह, सियाराम उर्फ लवकुश पुत्र अवधु निवासी बभनी थपनवा थाना मड़िहान, मोनू साहनी पुत्र स्व0 मेदी साहनी निवासी बालू घाट थाना चुनार, दिलीप कुमार पुत्र स्व0 सीताराम निवासी ग्राम सोनपुर थाना अहरौरा, सतीश कुमार पुत्र पप्पू हरिजन, निवासी पथरहा, थाना पड़री, राकेश कुमार पुत्र कल्लू उर्फ रामचन्द्र, निवासी रेक्सा कलां, थाना मड़िहान, एवं मन्नू उर्फ शशिकान्त पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी शाहपुर चौसा, थाना कोतवाली देहात, शामिल है।

एनटीपीसी कर्मचारी की छत से गिरकर मौत, परिजनों में मातम

बीजपुर(सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत डोडहर गाँव मे रविवार की रात अपने घर की छत पर कार्य के दौरान फिसल कर नीचे गिरने से एनटीपीसी के युवा कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गयी।घटना के बाद परिजन तत्काल परियोजना के धन्वंतरि चिकित्सालय ले गए जहाँ डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि सतीश चन्द्र पुत्र स्व.वशिष्ठ जायसवाल उम्र 43 निवासी डोडहर रविवार की देर रात अपने घर की छत पर परिवार संग बैठा था इसी दौरान किसी काम से सतीश उठा और छत के ऊपर से फिसल कर नीचे गिर गया जिससे उसके सिर पर गम्भीर चोट आ गयी आनन फानन में परिजन तत्काल धन्वन्तरि अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने जांच बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही घर मे कोहराम मच गया।बताया गया कि सतीश चंद्र 2017 से एनटीपीसी रिहन्द परियोजना के ऑपरेशन विभाग में जूनियर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। सतीश कुल 6 भाई थे जिसमें वह सबसे छोटा था उसके दो बच्चे है बड़ी लड़की संजना 15 वर्ष तथा पुत्र आर्यन 9 वर्ष आवासीय परिसर के एक विद्यालय में अध्ययनरत है। सतीश जायसवाल के असामयिक मौत की खबर से उसके इष्ट मित्रों सहित परिजनों को झकझोर के रख दिया है उसके हँसमुख मिजाज और मिलनसार व्यवहार की चारो तरफ चर्चा रही बच्चों और पत्नी का रो रो बुराहाल है।प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धि सीएचसी भेज दिया गया हैं।

सिंचाई करने निकले दंपति गायब

जौनपुर। जिल के खुटहन थाना क्षेत्र के विशुनपुर ग्राम पंचायत स्थित मलूकपुर गांव में रविवार की भोर खेत की सिंचाई करने गए दलित दंपति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। देर शाम तक उनको घर न लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। खेत में फावड़ा, साइकिल और चप्पल पड़ा मिला। आस पास तलाश के बाद देर रात दर्जनों ग्रामीण थाने पर पहुंच गए। दंपति के लापता होने की खबर लगते ही थाने पर सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान व एसपी सिटी अरविंद वर्मा पहुंच गए। परिजनों ने हत्या का अंदेशा जाहिर करते हुए अज्ञात के नाम तहरीर दिया है। रात में ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

मामले में पुलिस गांव में दंपति से पुरानी रंजिश से लेकर विभिन्न दृष्टिकोणों से घटना की छानबीन कर रही है। उक्त गांव निवासी 62 वर्षीय राम चरित्तर वर्षों पूर्व से गांव के ही धर्मवीर सिंह का खेत बंटाई पर जोतते बोते चले आ रहे हैं। इस वर्ष भी खेत में गेहूं की फसल बोई गई है।जिसकी सिंचाई के लिए वह अपनी 58 वर्षीय पत्नी किस्मत्ती के साथ रविवार की सुबह लगभग 6 बजे खेत में गए थे। शाम तक वापस नहीं लौटे तो परिवार के लोग खोजते हुए खेत

में गए। वहां उनका कुछ पता न चलने पर अगल बगल के खेतों में भी काफी दूर तक खोजबीन किए। खेत में राम चरित्तर का चप्पल फावड़ा और साइकिल खड़ी मिली। किंतु उन दोनों का कहीं पता नहीं चला। दंपति को अचानक गायब हो जाने की खबर गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई। घटना से आक्रोशित दर्जनों ग्रामीण देर रात लगभग साढ़े दस बजे थाने पर जमा हो गए। एसपी सिटी व क्षेत्राधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच टार्च की रोशनी में घटनास्थल का निरीक्षण किए। आश्वासन दिया कि बहुत जल्द घटना का पदार्फाश कर दिया जायेगा।

गांजा व टाटा मैजिक के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर ।अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना अदलहाट पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए

55 लाख के अवैध गांजा व तस्करी में प्रयुक्त टाटा मैजिक के साथ दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। बताते हैं कि सोमवार को मुखबीर के सूचना के आधार थाना अदलहाट पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग कर टाटा मैजिक में सवार दो व्यक्तियों को पकड़ा गया । पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में अपना नाम-पता सोनू कुमार यादव पुत्र धर्मपाल यादव निवासी शान्तिनगर मौलाबाद थाना टाउन जनपद भोजपुर बिहार व मनीष प्रजापति पुत्र श्यामराज प्रजापति निवासी निरीया पोस्ट धरवार थाना करछना जनपद प्रयागराज बताया गया । पुलिस टीम द्वारा टाटा मैजिक की तलाशी ली गयी तो मैजिक में छिपाकर रखा हुआ कुल 115 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसका अनुमानित कीमत 55 लख रुपए बताया जाता है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अदलहाट पर मु0अ0सं0-04/ 2025 धारा 8/ 20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त टाटा मैजिक वाहन संख्या जे एच 05 सी क्यू 6566 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया । पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे उड़ीसा से टाटा मैजिक में पीछे कैबिन बनाकर उसी में छिपाकर गांजा लादकर औरंगाबाद बिहार ले जा रहे थे । जहां से मांग के अनुसार सप्लाई करते हैं । जिससे प्राप्त पैसे को आपस में बांटकर भौतिक सुख-सुविधाओं का लाभ लेते है ।

सपा कार्यकर्ता हत्याकांड में तीन गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना कटरा कोतवाली पुलिस ने सपा कार्यकर्ता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या के मामले में रोडवेज के पास से तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोप

संक्षेप

विद्युत समस्याओं को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

कुशीनगर। विद्युत की समस्याओं को लेकर सपा पदाधिकारी और कार्यकताओं ने राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव के नेतृत्व में विद्युत वितरण खण्ड कसया का घेराव किया। यहां अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंप विद्युत समस्याओ के समाधान की मांग की।सोमवार को सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता विद्युत वितरण खण्ड कसया कार्यालय पर नारे बाजी करते हुए पहुंचे और धरने पर बैठ गए।सपा नेता राजेश प्रताप राव ने कहा कि विद्युत कटौती, लो बोल्टेज, जर्जर तार ट्रांसफार्मर ठीक नहीं होने से उपभोक्ता त्रस्त हैं। जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी ने कहा कि आमजन के हक के लिए सपा पूरे देश में संघर्ष कर रही है।नेताओं ने कहा कि अगर विद्युत समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। सपा नेताओं ने अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि कुशीनगर विधानसभा से संबंधित बिजली विभाग के विभिन्न फीडरों कुबेरस्थान, कसया, साखोपार, सोहसा मठिया, पडरौना, रामकोला टेकुआटार, गोपालगढ़, कुशीनगर, रामाभार में उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होती है। लेकिन विद्युत समस्याओं से उपभोक्ता परेशान हैं। करहिया हजारी पट्टी में बिजली विभाग की लापरवाही से स्वर्गीय हरेंद्र यादव के परिवार को अभी तक नहीं मिले आर्थिक सहायता को अभिलंब दिलाया जाय। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने किया। इस दौरान सिकन्दर आलम, वाजिद अली, पुरन्दर प्रताप यादव, जाहिद अंसारी,नवी हसन बाबू अमेरिकन खरवार मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्मारक संरक्षण कानून की धज्जियां उड़ी, हो गए अवैध निर्माण

जिला संवाददाता(vol)



कुशीनगर। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध स्थली कुशीनगर में राष्ट्रीय स्मारकों के संरक्षण के लिए बने स्मारक संरक्षण कानून की धज्जियां उड़ाने में कोई कोस कसर नहीं छोड़ी गई है।इस कड़े कानून के बाद भी वर्जित क्षेत्र के दायरे में रसूखदारों के प्रभाव से दर्जनों निर्माण कार्य हो गए हैं, और आगे भी चल रहे है। कहना ना होगा कि कही ना कही राष्ट्रीय स्मारक संरक्षण कानून का समुचित पालन कराने में विभाग के जिम्मेदार लापरवाह बने हुए है।गौरतलब हो कि बुद्ध स्थली

● सभी निर्माणों को रोकने के लिए पुरातत्व विभाग ने भेजा नोटिस

कुशीनगर में तीन स्थल राष्ट्रीय स्मारक घोषित हैं। जिनमें बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली का मुख्य मंदिर व परिसर, अंतिम उपदेश स्थल माथा कुंवर और मुकुट बंधन चैत्य जिसे रामाभार स्तूप भी कहा जाता है। संरक्षण कानून 1992 लागू होने के बाद बिना एनओसी दर्जनो निर्माण अवैध रूप से कराए गए है।इनमें म्यांमार मंदिर में छांता जी जेडी महा चैत्य, चाइना मंदिर का अतिथि गृह, बौद्ध परिपथ, तिब्बत मंदिर का मंदिर, भवन, चहारदीवारी, पथिक निवास का सुदृढ़ीकरण, इंटरनेशनल गेस्ट हाउस, फास्ट फूड सेंटर, पार्किंग के कमरे, प्रसाधन आदि सहित अन्य बने हैं। अभी हाल ही में पुरातत्व विभाग के ठीक सामने सोविज नियर शाप, सूचना केंद्र स्थापित कर दिया गया है। आगे बुद्धा मार्ग पर रामाभार स्तूप के समीप सिद्धार्थ गेस्ट हाउस, श्रीलंका मंदिर का पूर्ण निर्माण हुआ है, तो वही विभिन्न मॉनेस्ट्रियों ने भी अपने विहारों का निर्माण करा लिया है।इन सभी निमार्णों को रोकने के लिए स्थानीय पुरातत्व विभाग के द्वारा नोटिस कर अपनी जिम्मेदारी का इतिश्री कर लिया जाता है।

जिसके चलते उसका कार्यवाही का कोई खास असर निमार्णों कार्यों पर नहीं होता दिखाई दिया, और सारे निर्माण पूर्ण हो गए। बताते चले कि देश में राष्ट्रीय स्मारकों के संरक्षण को लेकर कानून बने हुए हैं। जिसके तहत स्मारक की परिधि के 100 मीटर के भीतर कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। यह पूरी तरह से निषेध क्षेत्र है, इसके बाद 200 मीटर की परिधि में मरम्मत और निर्माण कार्य सक्षम अधिकारी के आदेश से ही कराए जा सकते हैं।

विभाग के नोटिस का क्या है खेल

पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्मारक के वर्जित क्षेत्र के दायरे में आ रहे सभी निमार्णों को लेकर नोटिस की कार्यवाही की गई। लेकिन विभाग के जिम्मेदारों द्वारा प्रभावित कार्यवाही न किए जाने से सारे निर्माण कार्य पूर्ण हो गए। चर्चा-ए-सरे आम है कि स्थानीय पुरातत्व विभाग के जिम्मेदार इसलिए अवैध निमार्णों को लेकर नोटिस की कार्यवाही कर इतिश्री कर लिया जाता है, ताकि विभागीय कार्यवाही के दायरे से जिम्मेदार बच सके।

चर्चा यह भी है कि विभाग के जिम्मेदारों के साठगांठ से अवैध निर्माण कराने वाले अपना निर्माण करा लेते है। विभाग द्वारा उन्हें बताया भी जाता है कि आपके अवैध निर्माण कार्य को लेकर विभाग से नोटिस भेजी गई है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो जांच के बाद ही पुष्ट होगा, लेकिन विभाग द्वारा बार-बार नोटिस भेजने के बाद भी राष्ट्रीय स्मारकों के वर्जित क्षेत्र में निर्माण कार्य करा लिया जाना, कही न कही जिम्मेदारों की जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

क्या कहता है अधिनियम

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने राष्ट्रीय धरोहर घोषित स्मारकों पर चेतावनी बोर्ड लगाया है। जिसमें प्राचीन स्मारक, पुरातात्विक स्थल व अवशेष अधिनियम 1958 (1958 के 24) के अंतर्गत राष्ट्रीय स्मारक घोषित स्थल को यदि कोई क्षति पहुंचाता, नष्ट करता विलग करता अथवा परिवर्तित करता, कुरूप करता, खतरे में डालता पाया जाता है तो उसे इस अपकृत्य के लिए प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल एवं अवशेष (संशोधन तथा विधि मान्य करण) अधिनियम, 2010 के अन्तर्गत दो (2) वर्ष तक का कारावास या एक लाख तक जुमार्ना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। नियम 1059 के उप नियम 32 तथा 1992 में जारी की गई।

अधिसूचना के अंतर्गत संरक्षित सीमा के 100 मीटर के भीतर का क्षेत्र निषिद्ध घोषित है। जिसमें किसी भी प्रकार का निर्माण, खनन आदि की अनुमति नहीं है।इसके आगे का 200 मीटर क्षेत्र विनियमित घोषित है। जहां सक्षम अधिकारी की अनुमति से निर्माण, मरमत आदि कार्य कराए जा सकते हैं।

स्थानीय पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षक सहायक अधिकारी बोले

पुरातत्व सर्वेक्षण संरक्षक सहायक अधिकारी कुशीनगर सद्दाबा खान ने कहा कि राष्ट्रीय स्मारकों के वर्णित क्षेत्रों में अवैध निर्माण कार्यों को लेकर विभाग द्वारा नोटिस की कार्यवाही की जाती है, थाना व अन्य प्रशासनिक आमले को भी पत्र व्यवहार से अवगत कराया जाता, इसके बावजूद भी निर्माण कार्य करा लिए जाते है।

चूंकि विभाग के पास कोई फोर्स नहीं है, जिसको लेकर वह मौके पर जाकर अवैध निर्माण कार्य को रोका जा सके, या प्रभावी कार्यवाही कराई जा सके।

भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन 9 को

देवरिया। भाजपा संगठन चुनाव के निमित्त जिलाध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए 9 जनवरी को देवरिया क्लब में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी । उक्त बातें शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिला चुनाव अधिकारी बालेंदु मणि त्रिपाठी और भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहीं । श्री मणि ने बताया कि जिलाध्यक्ष पद के लिए होने वाले नामांकन में पूर्व और वर्तमान सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, सभी मंडलों के अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे । उन्होंने बताया कि जिला पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व सांसद लल्लू सिंह की देख रेख में नामांकन की सभी प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी । उन्होंने कहा कि जिनको भी नामांकन करना है वो निश्चित समयांतराल के भीतर ही अपना नामांकन पत्र जमा करेंगे, अन्यथा नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

कुशीनगर। जिले के कसया कस्बे सपहा मार्ग भरौली के सामने स्थित नंदनी पैथालॉजी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपये के समान की चोरी कर ले गए।जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के वार्ड नम्बर 25 गायत्री पुरम (बेलवा दुर्गा राय) निवासी अरविंद कुमार गुप्ता पुत्र राम अवध गुप्ता ने बताया कि भरौली में नंदनी पैथालॉजी के नाम से उनकी दुकान है। बीते 05 जनवरी की रात्रि में पैथालॉजी में अज्ञात चोरों ने चोरी कर उठा ले गए है। गुप्ता की सूचना पर पहुंची 112 नम्बर डायल पुलिस ने चोरी की घटना की जानकारी ली। पुलिस को दी गई तहरीर में गुप्ता ने कहा कि अज्ञात चोरों द्वारा पैथालॉजी का ताला तोड़कर सीबीसी मशीन, एनकाईजर मशीन, कम्प्यूटर, प्रिंटर, अन्य सामग्री सहित कागजात की चोरी कर ली गई है।

छत्तीसगढ़ के पत्रकार की हत्या को लेकर पत्रकारों ने जताया शोक

देवरिया। देश में हो रहे हैं पत्रकारों के उत्पीड़न, हत्या को लेकर देवरिया जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के तत्वाधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर रोष जताया गया और 2 मिनट मौन रहकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस दौरान पत्रकार महेंद्र त्रिपाठी, राकेश धर द्विवेदी, घनश्याम मिश्र त्रिपुरेश पति त्रिपाठी, विनोद धर द्विवेदी, कौशल त्रिपाठी, नवीन सिंह बघेल, अमरीश मणि, मनोज शुक्ला, कमलाकर मिश्रा, मनीष मिश्रा, कुमार रंजन, शैलेश मिश्रा, संदीप तिवारी, अमित मणि त्रिपाठी, अजरेश कुमार, सुधीर कुमार पांडेय, संदीप पांडेय, प्रदीप श्रीवास्तव समेत तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत, चालक की मौत, पांच गंभीर घायल

कुशीनगर। जिले के कसया थाना क्षेत्र के अभिनायकपुर में सोमवार को एनएच-28 पर बने कट पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सीएचसी कसया पहुंचाया। वही शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राज मार्ग-28 अभिनयकपुर के सामने सोमवार दोपहर लगभग 01 बजे के करीब ई-रिक्शा एनएच के बने कट से यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान फाजिलनगर से कसया की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के चलते ई-रिक्शा सड़क पर ही पलट गई। इस दौरान ई-रिक्शा चालक कपिलदेव सिंह पुत्र श्रीराम सिंह उम्र 52 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रिक्शे में सवार चार में से तीन व बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सीएचसी कसया में चल रहा है।

सभी थानों द्वारा मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत की गयी चेकिंग

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थ की बिक्री/तस्करी करने वालों पर कार्यवाही हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर आज सुबह 5. से 7 बजे तक मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान के तहत कुल 38 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 442 व्यक्तियों व 285 वाहनों की चेकिंग की गयी और नियमों का पालन न करने वाले 13 वाहनों का ई-चालान भी किया गया ।

किसानों के धरना स्थल झोपड़ी जली

कुशीनगर। विगत दो दशक तक बहु चर्चित मैत्रेय परियोजना के लिये भूमि अधिग्रहण के खिलाफ धरना को लेकर भूमि बचाओ संघर्ष सामिति द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत कसया देवरिया मार्ग पर स्थित सिसवा महन्थ चौराहे पर बनाये गए कार्यालय का झोपडी जलकर राख हो गया।सोमवार की सुबह किसानों जब चौराहे पर आए तो पता चला। मौके पर किसानों की भारी भीड़ लग गयी। संघर्ष सामिति के अध्यक्ष गोबर्द्धन प्रसाद गोंड़ की सूचना पर मुकामी थाने से पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। श्री गोंड़ ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा धरना स्थल की पलानी में आग लगा दिया गया। जिससे छज्जे का पालीथिन और चौकी जल गया। इससे पूर्व भी धरना स्थल का बैनर व पलानी का पालीथिन काट दिया गया था। जिसकी सूचना पर पुलिस आयी थी। इस दौरान किसान केदार सिंह, वशिष्ट यादव, उमेश कुशवाहा, अजय सिंह, जयराम सिंह, संजय सिंह, राजन गोंड़, महेश पासवान, रमेश सिंह, सनौवर अंसारी, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

मारपीट और छेड़छाड़ करने वाले चार लोगों पर मुकदमा

बहेड़ी, बरेली। घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकतें करने वाले आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला का आरोप है कि उसके गांव के रहने वाले गुंडे एवं आपराधिक किस्म के सचिन और राहुल पुत्रगण खूबकरन लाल, भूपेन्द्र पुत्र चम्पत लाल और हेमेन्द्र पुत्र इन्छा राम आये दिन उसका रास्ता रोककर अश्लील फब्तियां कसते हैं। जब उसने और उसके पति ने इस बात की शिकायत गांव के अन्य लोगों से की तो उक्त लोग रंजिश मानने लगे।

महिला का कहना है कि इसी रंजिश के चलते पिछले साल 12 दिसंबर की शाम जब उसका पति घर पर नहीं था, तभी उक्त लोग अपने हाथों में लाठी डंडे और अवैध तमंचे लेकर घर में घुस आए और कहा कि आज तुझे मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। तभी राहुल और भूपेन्द्र ने उसको बुरा काम करने की नीयत से दबोच लिया। शोर मचाने पर उसकी बेटियां आ गईं, जिनको सचिन और हेमेन्द्र ने बुरी नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने लगे। पुत्रियों की चीख पुकार की आवाज सुनकर उसकी देवरानी व अन्य लोग आ गए। उन लोगों ने उसके गले से सोने की चैन छीन ली और जान से मारने की नियत से उसका गला दबाया। बेटियों के साथ भी मारपीट की। बाद में हंगामा मचने पर वह सब तमंचा लहराते हुए और धमकी देते हुए भाग गए।कहीं सुनवाई न होने पर महिला ने न्यायालय का रुख किया। अदालत के आदेश पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ बहेड़ी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फुटबॉल: पेनाल्टी शूट में पथरदेवा ने लखनऊ को दी शिकस्त

देवरिया। बैतालपुर नगर पंचायत के पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे फूलमती देवी की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल सोमवार को लखनऊ और पथरदेवा के बीच खेला गया। जिसमें पथरदेवा की टीम ने लखनऊ को पेनाल्टी शूट में तीन गोल से हराकर कर फाइनल में मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की कर ली'

खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व कुशीनगर से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिंटू, विशिष्ट अतिथि सपा नेता बाँके लाल यादव और राधेश्याम राय प्रधान द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। हाई बोलटेज मैच में पथरदेवा और लखनऊ की टीम एक गोल के लिए कड़ी मशक्त करती रही ' पहले हाफ तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी ' दूसरे हाफ में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर पाई। निर्णायक मंडल ने पेनाल्टी शूट कराने का निर्णय लिया। जिसमें पथरदेवा ने लखनऊ को 3-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश कर लिया ' खेल के उद्घोषक कृतनाथ मणि उर्फ संत जी तथा निर्णायक की भूमिका मंजेश ने निभाई।

इस दौरान सुयश मणि त्रिपाठी, राकेश मणि, गदाधर मणि, भूपेंद्र मणि, सूर्यप्रकाश मणि, दिलीप कुमार, प्रवीण दुबे, पूच्चू द्विवेदी, अमरचंद गोंड़, तारकेश्वर जायसवाल, राजकुमार मोदनवाल, सोनू गोंड, अवनीद्र श्रीवास्तव, राकेश मणि, सोनू प्रजापति, राधेश्याम राय, गुल्लू मणि, विरेन्द्र मोदनवाल, संजय जायसवाल, विनोद मणि, भरत पाण्डेय, जेपी जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, सुरेंद्र मणि त्रिपाठी, भरत मणि त्रिपाठी, अजय मणि त्रिपाठी, उमेशधर द्विवेदी, अजय मणि त्रिपाठी, नवीन मणि त्रिपाठी, श्रीप्रवेश मणि त्रिपाठी, अशोक मल्ल, विनय पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

मानसिक और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए गठित कमेटी के सदस्यो के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

देवरिया । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली,उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के निदेर्शानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वाधान में जनपद न्यायालय परिसर में स्थित वीडियो कान्फ्रेसिंग भवन में विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय (एल0एम0यू0एम0) के सदस्यो के 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह द्वारा शुभारम्भ किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा कार्यक्रम में विधिक सेवा ईकाई मनोन्याय (एल0एम0यू0एम0) स्कीम के अन्तर्गत गठित कमेटी में विभिन्न सरकारी संस्थाओं व गैर सरकारी संस्थाओं के रिसोर्स पर्सन द्वारा प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें सम्बन्धित को मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक तथा उनके लाभ दिलाने हेतु प्रेरित किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना, 2024, संरचना का संक्षिप्त अवलोकन एवं प्रमुख विशेषताए के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सचिव के द्वारा लघु चलचित्र के द्वारा नालसा की थीमह्न नालसा है साथ तुम्हारे सॉन्ग प्रचालित कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को अभिभूत किया गया। बाल संरक्षण अधिकारी, बाल संरक्षण इकाई, जय प्रकाश तिवारी द्वारा बताया गया कि मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के संदर्भ में कानूनी और नीतिगत ढाँचे, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन 2008, विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 के बारें में विस्तार से बताया गया। जिला मेडिकल कॉलेज, देवरिया के चिकित्सक/प्रवक्ता डा0 अम्बू पाण्डेय द्वारा मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के अधिकार और हकदारियां, कानूनी सेवा संस्थानों और प्रदाताओं द्वारा कानूनी हस्तक्षेप की आवश्यकता के बारें में विस्तार से बताया गया। एम0आर0 हेतु विशेष प्रशिक्षक सत्य प्रकाश सिंह व श्री रामप्रसाद पाठक द्वारा भिखारी गृह, महिला संरक्षण गृह, बाल देखभाल संस्थानों व सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने में कानूनी सहायता और अन्य संस्थानों में कानूनी सेवाएं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मनोपरामर्शदाता जिला चिकित्सालय देवरिया श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा बताया गयान्यायालयों में कानूनी सेवाएं, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशनों आदि पर कानूनी सेवाएं के बारे में विस्तार से बताया गया।

23वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ. उदय नारायन द्विवेदी

कुशीनगर। फाजिलनगर विकासखंड के धनहां स्थित श्रीमती सावित्री देवी महिला महाविद्यालय में प्रख्यात समाज सेवी एवं चिकित्सक रहे स्व. डा. उदयनारायन द्विवेदी की तेईसवीं पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों जरुरतमंदों और गरीबों में कम्बल वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि कुशीनगर के सांसद विजय दूबे ने कहा कि जीवन मे किये गये सामाजिक कार्यो के बदौलत व्यक्ति मरने के बाद भी समाज मे अपने कृतियों के चलते जिंदा रहते हैं. उन्होंने कहा कि पिता की स्मृति में क्षेत्र के जरुरतमंदो में इस ठंढ में स्व. डा.द्विवेदी के पुत्र द्वय पंकज व दीपक द्वारा कम्बल ओढ़ाना पुण्य का कार्य है. दूरभाष पर क्षेत्रीय सांसद शशांक मणि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि माता पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करना हर पुत्र का धर्म है। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि स्वर्गीय डा.द्विवेदी की कृतियां अमर हैं । उनके स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा हर बर्ष इस ठंड में जरुरतमंदों में कम्बल वितरण करना पुण्य कार्य है। रामकोला के विधायक विनय प्रकाश गौड़ नें कहा कि धन्यवाद का पात्र है द्विवेदी परिवार जो इस ठिठुरन में समाज के अंतिम कतार पर खड़े लोगों को कम्बल ओढ़ा रहा है। हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पडरौना के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि पिता की याद में कम्बल वितरण का यह कारवां चलता रहे, ताकि सबको प्रेरणा मिले क्योंकि यहां समाज में अंतिम कतार पर खड़े लोगों की सुधि ली जा रही है। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय डा.उदयनारायन द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय तथा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, गौरव जायसवाल, चंद्रप्रकाश यादव चमन, अमिताभ मिश्र, राणा प्रताप मिश्र, मनीष तिवारी, डा.संजय मणि, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह, नंदलाल विद्रोही, संतोष गुप्त संगम आदि नें भी सम्बोधित किया। स्व.डा.द्विवेदी के पुत्रद्वय हिरण्यगर्भ द्विवेदी पंकज व ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक नें अतिथियों का स्वागत करते हुए भरोसा दिलाया कि पिताजी द्वारा दी गई सीख उनके लिए ऊर्जा का स्त्रोत है और जरुरतमंदों कंबल वितरण के साथ ही अन्य सेवाकार्य का सिलसिला चलता रहेग। संचालन कवि संगीताचार्य मनंजय तिवारी निर्मल नें किया।

आपराधिक एवं महिला अपराध के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित होगा वादी दिवस

देवरिया । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा आपराधिक घटनाओं (मारपीट, हत्या के प्रयास,चैन स्नैचिंग, चोरी आदि) व महिला सम्बन्धी अपराध(अपहरण, छेड़छाड़, पाक्सो एवं बलात्कार) के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को थाना स्तर पर व चतुर्थरविवार को जनपद स्तर पर वादी दिवस का आयोजन किया जाएगा । वादी दिवस प्रातः 12 बजे से 14 बजे तक व पुनः 15. बजे से 16. बजे तक आयोजित किया जाएगा ।

जनपद में शरीर सम्बन्धी अपराध (साधारण मारपीट, गम्भीर चोट, हत्या के प्रयास), सम्पत्ति सम्बन्धी अपराध (चैन स्नैचिंग, लूट, नकबजनी, चोरी, वाहन चोरी) एवं महिला सम्बन्धी अपराध (अपहरण, छेड़छाड़, पाक्सों एवं बलात्कार) की नियमित समीक्षा एवं शीघ्र निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को प्रत्येक थानें पर वादी दिवस का आयोजन किया जाएगा।थाना स्तर पर वादी दिवस के अवसर पर बुलाए जाने वाले वादियों को थाना प्रभारियों द्वारा वादी दिवस से 03 दिवस पूर्व वादी दिवस पर आने हेतु सूचित किया जाएगा, ताकि सम्बन्धित आवेदक को यह जानकारी हो सके कि उनके द्वारा पंजीकृत कराए गए मुकदमें की समीक्षा हेतु सम्बन्धित को थानें पर बुलाया जा रहा है।.पिछले 06 माह से लम्बित विवेचनाओं के वादी ।सनसनीखेज अपराध जो अनावरण हेतु शेष ,.विगत एक माह में पजीकृत शरीर सम्बन्धी अपराध जैसे- साधारण मारपीट, गम्भीर चोट, हत्या के प्रयास आदि।.विगत एक माह में पंजीकृत संपत्ति सम्बन्धी अपराध जैसे- चैन स्नैचिंग, लूट, नकबजनी, चोरी, वाहन चोरी आदि व विगत एक माह में पंजीकृत महिला सम्बन्धी अपराध जैसे अपहरण, छेड़छाड़, पाक्सों एवं बलात्कार आदि के वादी को थाने पर नहीं बुलाया जाएगा परन्तु मुकदमों की समीक्षा की जाएगी।इसी प्रकार विगत एक माह में आइजीआरएस संदर्भों में चिन्हित प्रकरणों के वादी ऐसे मुकदमें जो जिनकी विवेचना 03 से 08 माह तक की अवधि से लम्बित है, उनके वादियों क्षेत्राधिकारी अवश्य वादी दिवस पर मिलकर समाधान करेंगे। ऐसे मुकदमें जिनकी विवेचना 06 माह से 01 वर्ष तक लम्बित है उसकी समीक्षा अपर पुलिस अधीक्षक स्वयं करेंगे ।*जनपद स्तर पर वादी दिवस का आयोजनः-*

वृद्धाश्रम में कम्बल व भोजन वितरण

ललितपुर। रामनगर स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन आश्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं.अशोक पटैरिया बटटू दादा द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में वृद्धजनों को निरूशुल्क कंबल वितरण कर भोजन प्रसाद वितरण कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा, पार्षद मनमोहन चैबे, विलास पटेरिया, अनिल पटेरिया, रोहित पटेरिया, इं.अंकित नायक, बृजकिशोर शुक्ला, प्रमोद श्रीवास्तव, राधे गोस्वामी, आदर्श रावत, रोहित तोमर, उमेश पाल, सुमित जायसवाल, शुभम सुडेले, दीपक राठौर, ब्रजेश पाल, नीलेश तिवारी, सहित दर्जनों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम समापन पर में इं.रोहित पटेरिया ने सभी का आभार जताया।

धमकाने और मारपीट का आरोप

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम खजरा निवासी अनन्तराम कुशवाहा पुत्र भुज्जू कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 2 दिसम्बर 2023 को जब तालबेहट ग्राम न्यायालय में तारीख पर गया हुआ था। जहां ग्राम खजरा निवासी विनोद व बृजेश पुत्रगण उमराव, नेतराम पुत्र शिवलाल आये और विचाराधीन मामले में राजीनामा करने के लिए धमकाने लगे। आरोप है कि उक्त धमकाते हुये वहां से चले गये। आरोप है कि तारीख के बाद जब वह अपने घर जा रहा था, तभी शाम करीब 4.20 बजे बांसी हाई-वे पुल के पास उक्त लोगों ने उसे रास्ते में रोककर गालियां देते हुये मारपीट कर दी, लेकिन लोगों ने बीच-बचाव किया। बताया कि अगले दिन 3 दिसम्बर को उक्त लोगों ने लाडकुंवर द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें मारपीट का स्थान नहीं खोला गया ।

भिक्खू नंदरतन सद्धम्मजयोतिकाधज सम्मान से होंगे सम्मानित

कुशीनगर। बुद्ध स्थली स्थित श्रीलंका बुद्ध बिहार के प्रमुख भन्ते डा.नंदरतन महाथेरो को म्यांमार सरकार ने देश के प्रतिष्ठित पुरस्कार 'सद्धम्मजयोतिकाधज' से सम्मानित करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार म्यांमार सरकार के धार्मिक मामलों और संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाएगा।

उक्त जानकारी बुद्ध बिहार के प्रमुख डा. रतन ने दी है। म्यांमार सरकार द्वारा यह सम्मान

बुद्ध धर्म के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से डॉक्टरेट भिक्खू डॉ नंदरतन श्रीलंका बुद्ध बिहार कुशीनगर के अधिपति है और 'अशोक वेलफेयर सोसाइटी' के माध्यम से समाज में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है।

पाली सोसायटी ऑफ इंडिया के सचिव के रूप में पाली भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया है। पाली भाषा में प्रकाशित होने वाली देश की एकमात्र पत्रिका 'पालि पटिपदा' के संपादक है। डा. नँद रतन पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के चेयरमैन रह चुके हैं। म्यांमार का प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर अध्यक्ष भिक्षु संघ कुशीनगर अग्ग महा पण्डित भदंत ज्ञानेश्वर महाथेरा, भंते नन्दका, भन्ते शील प्रकाश, भन्ते कुन्चुक लामा, भन्ते लामा कर्मा कुंगा शेन फेन, भंते सागर, भंते गहपति, भंते अशोक, भंते आलोक, भंते तेजेंद्र, भन्ते विनय, ने आदि बधाई देते हुए खुशी व्यक्त किया है। डॉ नंदरतन महाथेरो ने बताया कि धम्म के प्रचार प्रसार हेतु किए कार्यों को प्रतिष्ठा मिली है।

संक्षेप

देवरानी ने जेठानी का ओठ काटा

पाटन, उन्नाव। पारिवारिक मामले को लेकर हुए विवाद के बाद हुई मारपीट के दौरान देवरानी ने जेठानी का दांत से ओंठ काट लिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर लिया। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर की नीशा देवी पत्नी प्रेम शंकर यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत दिवस पारिवारिक मामले को लेकर देवरानी व जेठानी के मध्य गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान झल्लाई देवरानी ने जेठानी का ओंठ काट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में आरोपी देवरानी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

शिव शोभा यात्रा समिति की बैठक संपन्न

उन्नाव। रविवार को विशाल शिव शोभा यात्रा समिति की बैठक विकासखण्ड नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम अजगैन के हनुमान मंदिर बाजार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड संयोजक राकेश राजपूत ने की। विशाल शिव शोभा यात्रा समिति के संयोजक चंद्र प्रकाश गुप्ता ने उक्त उद्गार व्यक्त किये कि 26 फरवरी 2025 को निकलने वाली विशाल शिव शोभा यात्रा में विकासखण्ड नवाबगंज से इस वर्ष अधिक से अधिक झांकियां ट्रैक्टर ट्राली का लक्ष्य रखा गया है, यह संकल्प दिलाया। शिव शोभा यात्रा सनातन धर्म में शक्ति एवं भक्ति का एक मंत्र एवं शस्त्र है, हिन्दू समाज को जोड़ने का। अक्सर यह प्रश्न उठाया जाता है कि गीता क्यों पढ़नी चाहिए। इसका उत्तर हां या ना में नहीं हो सकता। इसलिए पढ़नी चाहिए कि व्यक्ति के हृदय में अन्तरयामी परमात्मा कृष्ण विराजमान है यह संबोधित किया। बैठक को गिरजेश्वरानन्द महाराज ने भी संबोधित किया एवं संचालन रेखा शुक्ला ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अरुण प्रकाश चैहान ह्यमुन्नाह्न, सुरेश मिश्रा, मुकेश रावत, गोविंद राजपूत, पवन कुमार, मदन मिस्त्री, राजेश कुमार, बबलू राजपूत, रामनरेश यादव, बिहारी राजपूत, रामू यादव, दिनेश बाबा, बाबूलाल चैरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

मेडिकल के छात्र की मार्ग दुर्घटना में मौत

हरगांव/सीतापुर। लखीमपुर जनपद के थाना हैदराबाद के सहुआपुर निवासी दिनेश वर्मा का पुत्र अर्पित वर्मा उम्र लगभग 23 वर्ष लखनऊ स्थित रामेश्वरम फामेर्सी कालेज से बी फार्मा कर रहा था। वह अपने दोस्त दीपांशू त्रिवेदी 21 वर्ष पुत्र विनोद त्रिवेदी निवासी ग्राम ममरी थाना हैदराबाद जनपद लखीमपुर के साथ लखनऊ सोमवार सुबह बाइक से वापस लखनऊ जा रहा था। जैसे ही यह दोनों लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर (हरगांव) निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात बस दोनों को रौंदती हुई चली गई। जिसमें अर्पित वर्मा की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा दीपांशू त्रिवेदी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाय। जहाँ पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक अर्पित के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया।

कुत्ते ने दो को किया जख्मी

सीतापुर। थाना सदरपुर अंतर्गत एक ग्राम में सोमवार को पागल कुत्ते का कहर देखने को मिला। जहां उसने दो लोगों को कास्ट कर घायल कर दिया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुसेदाबाद गांव की रहने वालीं 18 वर्षीय किरन देवी पुत्री सोनासर और विमल कुमार पुत्र हिंगा लाल उम्र लगभग 12 वर्ष को पागल कुत्ते ने काट कर जख्मी कर दिया। जिन्हे परिजनों द्वारा आनन फानन में अपने निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहला पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें सीतापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

अवैध शस्त्र के साथ अंतर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। थानगांव थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी की और चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरेंद्रपुर लालपुर निवासी अनिकेत उर्फ छोटू पुत्र पिंकू चैहान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अभ्यस्त एवम् अंतर्जनपदीय अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी लूटध्चोरीध्नकबजनीध्हत्या आदि जैसे विभिन्न आपराधिक कृत्यों में करीब चार दर्जन अभियोग जनपद सीतापुर सहित बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, संतकबीरनगर, खीरी आदि जनपदों में पंजीकृत हैं। पुलिस ने अनिकेत उर्फ छोटू के खिलाफ थानगांव थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इसके बाद चालान काटकर उसे न्यायालय में पेश किया है।

अज्ञात हमलावर ने अधेड़ को हमला कर किया घायल

महमूदाबाद/सीतापुर। सदरपुर क्षेत्र में घर से बाहर मवेशियों को बचाने के लिए टीनशेट के नीचे सो रहे व्यक्ति को अज्ञात हमलावर ने बांके से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों को आता देख हमलावर मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीररूप से घायल को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस मामले की जांच करते हुए घटना को संदिग्ध बता रही ळें सदरपुर के पट्टीपुरवा के अनीश खां (50) पुत्र अलीजान रविवार की रात खाना खाने के बाद मवेशियों की सुरक्षा में लिए घर से बाहर पड़े टीनशेड के नीचे सो गया। आधी रात के बाद अज्ञात हमलावर ने बांके से अनीश खां पर हमला कर दिया। अनीश के सिर व हांथ पर गहरे घाव के निशान आए। हमला होने पर अनीश बचाव के लिए चीखने लगा। शोर सुनकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए जिन्हें देखकर हमलावर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए घायल को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां भिजवाया जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की गई है। घायल की तरफ से कोई तहरीर अभी तक नहीं दी गई है। यदि तहरीर मिलती है तो जांच कराकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध असलहा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

सीतापुर। थाना खैराबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर नानकारी निवासी सुनील कुमार पुत्र छोटकन्न पासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि सुनील कुमार शातिर अपराधी है। अवैध तमंचा बरामदगी को लेकर पुलिस ने सुनील कुमार के खिलाफ खैराबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

छात्रों ने थाना पहुंचकर छात्र-पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण में समझी कार्यप्रणाली

जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बाबू जय शंकर गया प्रसाद महाविद्यालय, छाछी राई खेड़ा, सुमेरपुर के छात्र-छात्राओं ने छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार थाना का दौरा किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को समझने और अनुभव करने का अवसर प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने थाने के विभिन्न विभागों, जैसे एफआईआर लेखन, जनरल डायरी (जी डी) मेंटेनेंस, अपराध रजिस्टर और महिला हेल्प डेस्क के संचालन की जानकारी प्राप्त की। उन्हें पुलिस अधिकारियों से संवाद करने और उनके कर्तव्यों को समझने का भी अवसर मिला।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को थाने की बीट व्यवस्था, गश्त और पिकेट ड्यूटी के महत्व, और भीड़ प्रबंधन के तरीके सिखाए गए। साथ ही, कानून से संबंधित विभिन्न पहलुओं, जैसे गिरफ्तारी प्रक्रिया, महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के समाधान, और साइबर अपराध रोकथाम की जानकारी भी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों के संज्ञानात्मक और सामाजिक कौशल को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण के उपरांत छात्र अपने अनुभवों को प्रोजेक्ट रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत करेंगे, जो उनके कौशल विकास और पुलिस-जनसंपर्क के सुधार में योगदान करेगी। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस अनुभव ने उन्हें पुलिस विभाग की चुनौतियों और जिम्मेदारियों को करीब से समझने का मौका दिया। छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्यालय स्तर पर सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रशांत शुक्ला, समन्वयक स्वयं सेवक प्रवीण तिवारी और थाना पुलिस अधिकारियों के सहयोग से किया गया।

गुरुगोविंद सिंह के जीवन पर डाला प्रकाश

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। सिक्खों धर्म के दसवें गुरू गुरूगोविंद सिंह की जयंती पर स्कूल कालेजों में श्रद्धा पूर्वक याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। स्थानीय गुरूद्वारा में गुरूग्रंथ साहब का पाठ के साथ लंगर का आयोजन हुआ।

इस पवित्र दिन एक जोड़े ने फेरे लेकर वैवाहिक रस्म पूरी की। विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़े को ग्रंथी समेत लोगों ने आशीर्वाद दिया। बिसवां मार्ग स्थित गुरूद्वारे पर सिक्ख धर्म के दसवें गुरू खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर धार्मिक आयोजन हुये। इस मौके पर कोडरी गांव के सतनाम सिंह व परमजीत कौर ने फेरे लेकर वैवाहिक रस्म पूरी की। वैवाहिक बंधन में बढ़ने वाले युवाओं को ग्रंथी विक्रमजीत सिंह, करम सिंह करमा, मुख्तार सिंह, जनरैल सिंह, रूप सिंह, परमजीत सिंह ने आशीर्वाद दिया। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन में सिक्ख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने आतताइयों के आगे समर्पण न करके खालसा पंथ की स्थापना कर खुद को बलिदान कर दिया। उनके बलिदान दिवस के अवसर पर शिक्षकों ने गुरू गोविंद जी के चित्र पर पुष्पार्चन किया।

10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

सीतापुर। मछरेहटा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के आदिलपुर चैराहा के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम केसरा निवासी बबलू खान पुत्र मुस्तफा खान को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि बबलू खान शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी महिला संबंधी अपराध व चोरी आदि जैसे गंभीर अपराधों में कई अभियोग पंजीकृत हैं। वह गैंगस्टर एक्ट के मामले में करीब 6 माह से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10000 रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया है।

सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन

मीरजापुर। नगर के बड़ी बसही स्थित सेमफोर्ड स्कूल में आयोजित राष्ट्र सेविका समिति विन्ध्याचल विभाग के तत्वावधान मे मातृ शक्तियो-बहनो का सात दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग का समापन कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रान्त कार्यवाहिका माया पांडेय एवं संचालन विभाग बौद्धिक प्रमुख नीलम प्रभात ने किया। इस दौरान मुख्य वक्ता विमर्श के प्रान्त टोली सदस्य एवं बीएचयू के प्रोफेसर जितेन्द्र का पाथेय प्राप्त हुआ।

समापन कार्यक्रम का शुभारंभ विमर्श के प्रान्त टोली सदस्य एवं बीएचयू के प्रोफेसर जितेन्द्र, आर एस एस के विभाग संपर्क प्रमुख केशव नाथ तिवारी, राष्ट्र सेविका समिति की प्रान्त कार्यवाहिका माया पांडेय, वर्गाधिकारी नीलम, विभाग कार्यवाहिका संध्या त्रिपाठी एवं विभाग बौद्धिक प्रमुख नीलम प्रभात ने भारत माता, आद्य प्रमुख संचालिका स्व. लक्ष्मीबाई केलकर 'मौसी जी' एवं सरस्वती आपटे जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन करके किया। मुख्य वक्ता विमर्श के प्रान्त टोली सदस्य एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जितेन्द्र ने कहाकि राष्ट्र सेविका समति मातृ शक्तियों-बहनो का विश्व का संगठन है, जिसके माध्यम से बहनों के मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना, नेतृत्व क्षमता व कर्तव्य बोध का गुण विकसित होती है और मातृ शक्तिया बहने अपने स्वयं के गुणों को पहचान कर नित निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ रही है।उन्होंने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं का अखिल भारतीय संगठन है। संगठन में कार्यकर्ता का विशेष महत्व है। कार्यकर्ता निर्माण के लिए इस तरह के आवासीय प्रशिक्षण वर्ग लगाए जाते हैं। प्रारंभिक वर्ग के माध्यम से बहनों का मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास करते हुए समिति के प्रति विश्वास व आत्मीयता के भाव का निर्माण किया जाता है।कार्यक्रम के दौरान शिक्षार्थियों द्वारा वर्ग में सात दिवस मे सीखे गए दंड प्रहार, नियुद्ध, योगासन, व्यायाम आदि का प्रदर्शन भी किया गया। वर्गाधिकारी नीलम ने बताया कि वर्ग 30 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक सात दिवसीय प्रारंभिक वर्ग लगाया गया, जिसमें विन्ध्याचल विभाग के तीन जनपदो के विभिन्न नगर एवं खंडों से 100 से अधिक शिक्षार्थियो सहित मुख्य शिक्षक एवं गण शिक्षिकाएं एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। जबरदस्त ठंड के इस मौसम मे प्रतिदिन प्रातः 5:30 से रात्रि 10:00 बजे तक की कठिन दिनचर्या और अनुशासन का पालन करते हुए इन दिनों में बहनो ने चिंतन सूत्र, योगासन, प्रातः शाखा, लेखन कार्य, बौद्धिक व बिंदु संकलन, आचार पद्धति, चर्चा, कार्यशाला भजन, गीत अभ्यास, आनंद बेला आदि में भाग लेकर आत्म निर्माण किया।

लीग मैचों में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन गंजमुरादाबाद ने 39 रन से दर्ज की जीत

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। उन्नाव टीचर्स क्रिकेट एसोसिएशन प्रतियोगिता का प्रथम मैच पुरवा पैंथर्स व बांगमऊ वॉरियर्स टीम के बीच हुआ। पुरवा के कप्तान आलोक अवस्थी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

बांगरमऊ ने 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाये वहीं पुरवा ने 6 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाकर मैच को टाई करा कर सुपर ओवर में पहुंचा दिया। पुरवा ने सुपर ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 12 रन बनाये, जवाब में बांगरमऊ 3 बॉल पर 2 विकेट पर 4 रन ही बना पाया और पुरवा जीता। दूसरे मैच में ध्84 से टॉस जीतकर सिटी एरिया सुपर स्टार ने पहले गेंदबाजी की। ध्-84 टाइगर्स ने 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाये, जवाब मे सिटी एरिया सुपर स्टार 6 विकेट खोकर 78 रन ही बना पाई। एफ 84 के कैप्टन नवीन अवस्थी ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए, और मैच अपने नाम कर लिया। प्लेयर आफ द मैच अशोक कुमार रहे। तीसरा मैच गंज मुरादाबाद टाइटन्स और नवाबगंज सुपर जायंट्स के मध्य हुआ। गंजमुरादाबाद टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाये, जवाब में नवावगंज ने 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 76 रन बनाये । गंजमुरादाबाद ने 39 रनों से जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ द मैच सौरभ गोस्वामी एवं कप्तान वीरेन्द्र को बिन्दा प्रसाद शास्त्री निजी सचिव अध्यक्ष जिला पंचायत उन्नाव ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। नगर पालिका प्रतिनिधि भानु मिश्र और नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने ध्-84 के कप्तान नवीन अवस्थी, पुरवा के प्रमोद और कप्तान आलोक अवस्थीको शील्ड देकर सम्मानित किया। कोर कमेटी में संजय कनौजिया, कृष्ण शंकर मिश्रा, अवनीश पाल, वेद नारायण मिश्रा, दिलीप अवस्थी, विवेक द्विवेदी, दीपक, अनिल, वीरेन्द्र, पवन, शैलेन्द्र, शरद, वैष्णव कनौजिया, अमित शर्मा आदि रहे। अम्पायरिंग नवीन अवस्थी, शशि प्रकाश आर्य और शैलेन्द्र ने की।

चोरी के माल के साथ एक गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। थाना थानगांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के लोनियन पुरवा गांव के निकट कच्ची सड़क पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियन पुरवा ग्वारी निवासी रामविजय पुत्र राम प्रसाद को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के पास से एक कमर बिछुआ, 28 बिछुआ, 4 सिक्के, 1 ओम, 3 जोड़ी पायल बरामद की हैं। पुलिस का कहना है 27ध्28.12.24 की रात मे उसने अपने साथियों के साथ ग्राम थानगांव मे महापुरुष बाबा के पुजारी के घर मे चोरी की थी। जिसके बाद माल आपस मे बंटवारा मे जो हिस्सा मिला था, बरामद माल उसी से संबंधित है। घटना के सम्बन्ध में पूर्व में थाना थानगांव पर मु0अ0सं0 358,2024 पंजीकृत हैं। पुलिस का कहना है कि राम विजय शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी लूट/ चोरी/ नकबजनी आदि जैसे आपराधिक कृत्यों में करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

नेत्रदानी आशुतोष महेन्द्र ने दान की आंखें

सीतापुर। सक्षम के मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने बताया कि नई बस्ती निवासी आशुतोष महेंद्र पुत्र संतोष पुष्पा महेंद्र (44) साल का निधन बीमारी के चलते हो गया था। परिजनों की सूचना के पश्चात सक्षम के जिलाध्यक्ष संदीप भरतीया एवं सुभाष अग्निहोत्री ने आँख अस्पताल जाकर डॉक्टर की टीम का गठन करवाया। जिसमें डॉक्टर अरुणेश मिश्रा, अविनाश यादव, कोमल यादव, पल्लवी देवी थे। उन्होने नेत्रदानी के घर जाकर उसका नेत्रदान करवाया। महामंत्री मुकेश अग्रवाल ने कहा कि परोपकार की भावना से किए गए कार्य की कोई भी तुलना नहीं की जा सकती है। धन्य है कि वह परिवार जो विपदा की इस घड़ी में भी परोपकार की नीयत से आंखें दान करवाते हैं जिससे दो नेत्रहीन लोगों की जीवन मैं सदैव के लिए उजाला भर जाता है। अक्षत अग्रवाल ने बताया की ये सक्षम द्वारा 247 नेत्र दान करवाए जा चुके है।

कच्ची दीवार ढ़हने से बालिका की मौत, अन्य एक घायल

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में कच्ची दीवार गिरने से एक बालिका की मौत हो गई है। एक बालिका घायल हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मलिकापुर गांव निवासी ओपेन्द्र श्रीवास्तव के दो बेटियां थी। रिया (5) वर्ष व साक्षी 3 वर्ष दोनो घर के बाहर आरसीसी रोड पर खेल रहीं थी। तभी बाबू शर्मा की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गयी। जिससे खेल रहीं दोनो बालिकाएं दीवार के नीचे दब गईं। यह देख परिजनों ने मलबे में दबी दोनो बहनों को बाहर निकालकर ऐलिया कस्बा ले गए। जहां से बड़ी बेटी को डॉक्टरों ने जवाब दे दिया परिजन उसको लेकर जिला अस्पताल गए। जहां पर डॉक्टरों ने बड़ी बेटी रिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं छोटी बेटी को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घर ले आये हैं। सूचना पाकर इमलिया पुलिस मौके पर पहुंचीं और पंचनामा भरकर शव को पीएम के लिए भेजने की कार्रवाई की है।

नवीन फल सब्जी विक्रेता संघ का हुआ गठन

सीतापुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष भगवती गुप्ता के ने नवीन फल सब्जी विक्रेता संघ का गठन किया। सर्वसम्मति के आधार पर सुशील गुप्ता को अध्यक्ष, जयप्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष, रोहित राठौर महासचिव आकाश, अमित निषाद, अखिलेश कुमार, राहुल सिंह, राम मणिलाल, भानसिंह, संदीप कुमार, कुलदीप कुमार अमित राठौर, शिवराम, बिंदू, जितेंद्र कुमार मिश्रा, ललित कुमार कश्यप, पुष्प राठौर आदि पदाधिकारी बनाए गए।

चेकिंग के दौरान दूसरे जिले में गन्ना ले जा रही तीन ट्रालियों को जब्त कर की कार्यवाही

महमूदाबाद/सीतापुर। दि किसान सहकारी चीनीमिल के गन्ना परिक्षेत्र के अवैध रूप से गन्ना दूसरे जिलों में लगातार सप्लाई हो रहा है। मिल प्रशासन के निवेदन पर जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवैध गन्ना ढुलाई को रोकने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति के संयुक्त चेकिंग के दौरान रेउसा क्षेत्र में दूसरे जिले में गन्ना ले जा रही तीन ट्रालियों को जब्त करते हुए चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। चीनीमिल के मुख्य गन्ना अधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि मिल प्रशासन को लगातार धर्मकांटा और अन्य स्थानों से अनियमित गन्ना खरीद की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद जिला गन्ना अधिकारी द्वारा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक महोली डा. सुनील कुमार कनौजिया, गन्ना विकास समिति कमलापुर के सचिव एसी माधौराम का एक सचल दल गठित किया गया। जिसके बाद चीनीमिल महमूदाबाद के गन्ना अधिकारी सुभाष चन्द्र पांडेय और डा. सुनील कुमार कनौजिया रेउसा चैराहे पर निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान तीन ट्रालियों में अवैध से मिल परिक्षेत्र का गन्ना दूसरे जिलों में ले जाता हुआ मिला। जिसके बाद ट्रालियों को जब्त कर रेउसा पुलिस के हवाले कर दिया गया। सीसीओ ने बताया कि अवैध गन्ने को मिल प्रशासन द्वारा जब्त कर लिया गया है। चालक अशोक कुमार, सुनील कुमार और राकेश कुमार के खिलाफ रेउसा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अवैध रूप से गन्ना खरीदने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

मौसम के प्रकोप से कांपे लोग

सीतापुर। सोमवार को पूरे जिले में कोहरे की घनी चादर छाई रही। कोहरा इतना घना था कि 10 कदम दूर का आदमी भी साफ नजर नहीं आ रहा था। खासकर सड़कों पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिन के बावजूद लोगों को अपने वाहनों की हेडलाइट ऑन कर सड़क पर चलना पड़ा। ठंड से परेशान लोगों ने राहत पाने को अलाव का सहारा लिया। हालांकि, दोपहर में कोहरा छंटने से हल्की धूप रही। लोगों ने पार्कों में पहुंचकर मौज-मस्ती की। न्यूनतम पारा 11 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले कई दिनों तक मौसम का मिजाज यूं ही रहेगा। जिले में गलन भरी रविवार की सुबह ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। सांझढलने पर मौसम के तेवर फिर तीखे हो गए। सर्दी में इजाफा होते देख लोग घरों में जा दुबके। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मजदूर के हाथ से छूट कर आरा गर्दन में लगा

महमूदाबाद/सीतापुर। महमूदबाद क्षेत्र में पेंड़ पर चढ़ लकड़ी काट रहे मजदूर के हाथ से छूट पट्रोल चलित आरा उसकी गर्दन में जा लगा। गर्दन में आरा लगने से युवक बेहोश होकर नीचे आ गिरा। आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। महमूदाबाद के बाछिलपुर के आशीष रावत (26) पुत्र मोहन को मजूदरी पर ठेकेदार लकड़ी कटवाने के लिए सोमवार की सुबह भेथरा माधव ले गया था। आशीष पेंड़ पर चढ़कर पेट्रोल से चलने वाले आरे से लकड़ी काट रहा था, इस दौरान छिटककर अनियंत्रित हुआ आरा उसकी गर्दन में जा लगा। गर्दन में आरा लगते हुए आशीष बेहोश होकर नीचे आ गिरा। आनन-फानन में आशीष को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के मेडिकल कालेज स्थित ट्रामा सेंटर कर दिया। रास्ते में ले जाते समय आशीष की मौत हो गई। परिजन शव को लेकर सोमवार की शाम बाछिलपुर गांव आ गए। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर जांच कराकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

रिहंद जलाशय में डुबने से कर्मचारी की मौत

बीजपुर (सोनभद्र) एनटीपीसी रिहंद परियोजना में कार्यरत कुबेर कम्पनी के कर्मचारी की रविवार दोपहर बाद पिकनिक मनाने के दौरान रिहंद बांध में डूबने से मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर उपस्थित साथियों में हड़कम्प मच गया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गहरे पानी मे डूबे शव की तलाश शुरू की उसके बाद कड़ी मशक्कत और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सोमवार की शाम शव को ढूढ़ने में कामयाबी पाई गयीं। जानकारी के अनुसार विनयकुमार सिंह पुत्र भूपेंद्र सिंह उम्र 24 निवासी अब्दुल हमीद नगर सैदपुर गाजीपुर अपने साथियों के संग रविवार को पिकनिक मनाने के लिए रिहंद जलाशय के इंटकवेल गया था इसी बीच वह गहरे पानी मे चला गया जहाँ उसकी डूबने से मौत हो गयी। उपनिरीक्षक श्रवण कुमार यादव ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव की तलाश शुरू किया पूरी रात जद्दोजहद के बाद सोमवार शाम 24 घंटे के बाद शव को पानी से बाहर निकालने में कामयाबी मिली। उपनिरीक्षक श्री यादव ने बताया कि शव पानी के अंदर नीचे झाड़ियों में फंस गया था जिसके कारण उसे निकालने में काफी समय लगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए दुद्धि सीएचसी भेज दिया।उधर सूचना के बाद मृतक के गाजीपुर गाँव से पहुँचे परिजनों सहित परिवार के लोगों को काठ मार गया मृतक के परिजनों का हृदय विदारक करुंक्रन्दन से समूचा माहौल गमगीन हो गया तो कुबेर कम्पनी में शोक की लहर दौड़ गयी।

स्वामी विवेकानंद जयंती और खिचड़ी पर चर्चा

जौनपुर। श्री चित्रगुप्त पूजन महासमिति द्वारा बैठक एवं सम्मान समारोह राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया के आवास पर हुआ जिसमें कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट,राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के जिला अध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव राष्ट्रीय संगत पंगत संगठन जौनपुर के राजेश श्रीवास्तव कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा अज्जू अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव श्री चित्रगुप्त सभा के महामंत्री श्यामलकांत श्रीवास्तव ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जौनपुर के जिला अध्यक्ष डॉ0 उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के अध्यक्ष दयाशंकर निगम को श्री चित्रगुप्त पूजन महासमिति द्वारा सम्मानित किया गया एवं आगामी कार्यक्रम पर चर्चा हुई। महासमिति के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु ने कहा कि श्री चित्रगुप्त पूजन महासमिति का गठन इसलिए किया गया है कि इस संगठन में कायस्थ समाज के साथ साथ सभी जाती धर्म के लोगो को जोड़ कर भगवान चित्रगुप्त जी के बारे मे बताया जायेगा।

ऑनर किलिंगः मां और सौतेले बाप ने प्रेमी युगल को उतारा मौत के घाट

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। जखौरा के राजपुर में गत दिवस प्रेमी युगल की मौत के मामले की गुत्थी ललितपुर पुलिस ने सुलझा ली है। दरअसल, मुफलिसी और दूसरी जाति होने के कारण युवक और युवती को महिला ने अपने दूसरे पति व देवर के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया था। हत्यारोपियों की महज चंद गलतियों के चलते पुलिस को पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठाने के लिए मेहनत तो भरपूर लगी, लेकिन समय नहीं लगा। कड़ी से कड़ी जोड़कर पुलिस ने मृतका की मां, सौतेले पिता और सौतेले पिता व चाचा को पेश कर दिया। एसपी ने बताया कि 1 जनवरी को थाना जखौरा के ग्राम राजपुर में प्रेमी युगल की हुई हत्या के मामले में पुलिस की टीमें

- चाचा भी दोहरे हत्याकाण्ड में रहा शामिल, एसपी ने किया खुलासा
- मफलर और कीटनाशक की फिरकी में उलझी थी जखौरा पुलिस

चाचा के चेहरे से गांव, समाज में जो सम्मान का नकाब था उसे उतारते हुये ऑनर किलिंग के इस हाईप्रोफाइल और भयावह मामले का पटाक्षेप कर दिया।

सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में ऑनर किलिंग मामले की जानकारी देते हुये एसपी मो. मुश्ताक ने पत्रकारों के समक्ष मृतका की मां, राजपुर निवासी 36 वर्षीय सुनील पुत्र भगवान दास साहू, 32 वर्षीय देशराज पुत्र भगवान दास साहू व 40 वर्षीय रामदेवी साहू पत्नी भागचन्द साहू को गिरफ्तार किया है। हत्यारोपियों ने बताया कि मिथुन का प्रेम प्रसंग कामिनी से चलने की जानकारी होने पर उन्होंने मिथुन पर मामला दर्ज कराया था, इसके बाद गांव में पंचायत भी हुई थी, तो मिथुन को गॉव से बाहर भेज दिया गया था और कहा था कि जब तक कामिनी की शादी नही हो जाती तुम गॉव में नही आना, लेकिन इसके बाद भी वह नही माना और चोरी छुपे कामिनी से मिलता रहा, 31 दिसम्बर की रात कामिनी का जन्मदिन था, तो मिथुन रात्रि में कामिनी से मिलने आ गया, इसी दौरान हम लोगो ने उसे पकड़ लिया, बदनामी के डर से मिथुन के ही मफलर से हाथ बांधकर उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी, जब कामनी की जानकारी हुई कि तुम लोगो ने मिथुन को मार दिया, तो कामनी पुलिस व मिथुन के परिजनों को हत्या के बारे में जानकारी देने की बात कहने लगी, जब उसे बात समझाया फिर भी वह नही मानी, इसके बाद कामनी को भी जान से मारना पड़ा, हम लोगों ने रस्सी से कामिनी का भी गला घोंट कर मार दिया, हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए, दोनों को पहले कीटनाशक दवा पिलाई, इसके बाद दोनों के शवों को ठिकाने लगा दिया।

बलरगुवां में वृद्ध की गोली मारकर हत्या

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। पूराकलां थाना क्षेत्र में वृद्ध की गोली मारकर हत्या किये जाने के प्रकरण में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चैबीस घण्टे के अंदर हत्याकाण्ड के अभियुक्तों से पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। बताया गया है कि थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम बलरगुवां निवासी बलवीर पुत्र जगभान व हेजवेन्द्र उर्फ

- दो गिरफ्तार, तीसरे हत्यारोपी से हुई पुलिस मुठभेड़

ठुल्ले के बीच शराब के नशे में विवाद हो गया था। इस विवाद में मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने आये ठुल्ले के चाचा अमर सिंह पुत्र जुगराज को तमंचे से हुये फायर में गोली लग गयी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। प्रकरण को लेकर पुलिस की फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किये और पड़ताल शुरू की। एडीजी कानपुर जोन, झांसी डीआईजी व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के आदेश पर एएसपी अनिल कुमार व सीओ तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया था। जांच के दौरान एसपी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया था। इधर मृतक अमर सिंह के भतीजे धर्मेंद्र उर्फ मुन्ना पुत्र केहर सिंह ठाकुर की तहरीर पर पूराकलां पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3), 109, 103(2), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की थी। मामले के पटाक्षेप को लेकर पांच टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान बलवीर पुत्र जगभान व बलवंत पुत्र रामराजा के नाम प्रकाश में आये, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जबकि तीसरा अभियुक्त नन्हें राजा पुत्र नत्थू सिंह को रात करीब 2 बजे मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान बलवीर व बलवंत ने बताया कि उसका शराब के नशे में विवाद हो गया था, हजवेन्द्र ने उसे गालियां दीं। यह बात ठुल्ले ने अपने घर जाकर परिजनों से कही और सभी ने उसे सबक सिखाने का मन बना लिया। बताया कि सभी लोग एकराय होकर कुल्हाड़ी, बन्दूक, कट्टा आदि लेकर रामसिंह के घर पहुंच गये, जहां उन्होंने राजपाल सिंह पुत्र केहर सिंह, अमरसिंह पुत्र जुगराज व धर्मेंद्र उर्फ मुन्ना पुत्र केहर सिंह ने उसे बचाने का प्रयास किया। इसी बीच तमंचे से फायर हो गया और अमर सिंह को गोली लग गयी, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार नत्थू सिंह को पकड? के लिए पुलिस गश्त कर रही थी, तभी ढ़ाबा के पास एक व्यक्ति ने पुलिस पर फायर कर दिया। इसके बाद जबावी कार्यवाही में पुलिस ने फायरिंग की, जिससे नन्हें राजा को पैर में गोली लग गयी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा व दो खोखा कारतूस बरामद किये हैं। हत्यारोपियों को पकड? वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पूराकलां अरूण कुमार तिवारी, सर्विलांस प्रभारी आलोक सिंह व स्वाट प्रभारी अतुल तिवारी मय टीम के शामिल रहे।

संक्षेप

भाई समेत दो पर मारपीट करने का आरोप

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम सिलगन निवासी सुखलाल पुत्र बलू रजक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती चार जनवरी की शाम करीब 6 बजे वह टीकमगढ़ से अपने घर आया था। तभी मड़ावरा के ग्राम सीरन निवासी श्यामलाल व उसका सगा भाई भागीरथ रजक एकराय होकर आये और उसे गालियां देते हुये धारदार वस्तु से सिर में प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खड़ोवरा निवासी तिलक सिंह पुत्र फूलसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र भूपेन्द्र विगत 14 नवम्बर 2024 को रात करीब साढ़े आठ बजे बजाज आपे शोरूम से काम करके अपने मौसा की बाइक संख्या यू.पी.94 व्ही 0215 से घर जा रहा था। बताया कि हवाई पट्टी पर किसी अज्ञात वाहन ने उसके पुत्र को टक्कर मार दी थी, जिससे उसका वाहन घायल हो गया। घायलावस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

धारदार हथियार से पिता पर हमला करने का आरोप

ललितपुर। मोहल्ला नेहरू नगर निवासी मानसिंह पुत्र हरीराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता दुकान पर थे। तभी दुकान पर साइबन सिगरेट ले रहा था।

उससे सिगरेट के रुपये मांगे तो उसके पिता पर लकी, संजू, साइमन, राम व कैलाश जेठिया ने एकराय होकर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2) व 131 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

जाम की समस्या से निजात को हटाया गया अतिक्रमण

बांदा। अतर्रा कस्बे में दिन भर लगने वाले जाम से निजात दिलाने को लेकर नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान दुकानदारों को सड़क पर रखे सामान को हटाने के साथ ही दोबारा अतिक्रमण नही करने की कड़ी चेतावनी दी गयी। अतर्रा उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी पुलिस ने व्यापारियों को सड़क पर अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए। उन्होने दोबारा अतिक्रमण करने पर सामान जब्त करने की हिदायद दी।

सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के चलते आए दिन जाम लगा रहता है। इस वजह से कस्बा वासियों के अलावा बांदा-इलाहाबाद मार्ग से वाहनों की आवाजाही को भारी दिक्कत उठानी पड़ती है।

लंबे समय तक जाम में फंसे रहने के बाद ही वाहन कस्बे से आगे निकल पाते हैं। इसी को देखते हुए प्रशासन ने सोमवार को मुख्य मार्ग से दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्यवाही की।

शरारती तत्वों ने वन क्षेत्र में लगाई आग फायर ब्रिगेड व वन कर्मियों ने पाया काबू

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सूचना प्राप्त हुई कि कादरपुर जसवंत आरक्षित वन क्षेत्र में कुछ शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी गई है। सूचना के बाद प्रभागीय निदेशक, बिजनौर के निर्देश पर उनके द्वारा मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला गया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश गौतम ने बताया कि जंगल में लगी वन अग्नि को फायर ब्रिगेड और वन कर्मियों द्वारा बुझा दिया गया। लेकिन आज सोमवार को आग लगने की सूचना फिर से मिली और मुख्य अग्नि शमन अधिकारी बिजनौर द्वारा फायर ब्रिगेड गाड़ी और दमकल कर्मी भेजकर सभी के सहयोग से आग पर काबू पाया गया तथा आग बुझाने के दौरान वन विभाग का एक दैनिक श्रमिक आग बुझाते हुए घायल हो गया। घायल का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आग लगाने वाले शरारती तत्वों की पहचान की जा रही हैं, जिसमें कुछ संदिग्ध चिन्हित कर लिए गए हैं, जिनके विरुद्ध वन अपराध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा तथा ऐसे अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के द्वारा वन संपदा को जला कर नष्ट किया गया, वन्य जीवों के प्राकृत वास को नष्ट किया गया और वन्यजीव के प्राणों को खतरे में डाला गया है। उन्होंने सचेत करते हुए बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति जंगल में आग लगाता पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध कठोरतम दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जंगल में असामाजिक तत्वों द्वारा आग को रोकने के लिए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई हैं।

नगीना बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

नगीना, बिजनौर। बार एसोसिएशन नगीना की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह मे उपस्थित न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारीगण व अधिवक्ताओं ने वादकारियो के हित को सर्वोपरि रखते हुए बार एवं बेंच के संबंधो को मधुर रखने पर बल दिया। बार भवन नगीना में नव निर्वाचित कार्यकारिणी 2025 के शपथ ग्रहण समारोह मे सर्वप्रथम निवर्तमान महासचिव फरीद अहमद खान एडवोकेट ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की ओर निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई एडवोकेट ने अपने कार्यकाल के दौरान की उपलब्धियों का जिक्र किया और अपनी कार्यकारिणी द्वारा सदस्यों को न्यू मेजर एक्ट व लीगल डायरी के निशुल्क वितरण के एतिहासिक कदम को सफलतापूर्वक पूरा करने में सहयोग के लिये सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी को शपथ दिलाई और अशोक कुमार त्यागी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी उपाध्यक्ष इनामुलहक अंसारी, महासचिव नईम अहमद, संयुक्त सचिव प्रशासन नवेदउरहमान ,संयुक्त सचिव पुस्तकालय नरेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष शरत थापन, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य तीरथ सिंह पाल, मनोज कुमार अग्रवाल, शहजाद आलम, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य जसीम उस्मान, रूबीना खातून, आदित्य कुमार को शपथ दिलाई। तत्पश्चात बिजनौर बार के अध्यक्ष यशपाल सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार बबली, मौ0 आरिफ खान, जमालुउद्दीन हैदर, प्रेम कुमार शर्मा, राकेश अग्रवाल, निशात अहमद, संजीव चैधरी, जहीर अहमद खान, चंद्रपाल सैनी, राहुल काकरान, दीपक सक्सेना, अरशद जावेद, आदि सहित न्यायिक अधिकारीगण अपर जिला जज अनुपम सिंह, एसीजेएम अक्षयदीप यादव, सिविल जज विपुल यादव, अपर सिविल जज प्रथम अनु अहलावत, अपर सिविल जज असगर अली, एसडीएम नगीना मांगेराम चैहान एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी ने संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता शपथ ग्रहण से पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष दीपक कुमार बिश्नोई व शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी ने किया व संचालन महासचिव नईम अहमद ने किया।

जेडीयू कार्यालय में मनी गोविंद सिंह की जयंती

बांदा। जनता दल यूनाइटेड कार्यालय में गुरू गोविंद सिंह की जयंती मनाई गयी। इस मौके पर पार्टी प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं ने इकट्ठा होकर उनके आदर्शों और उनके बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन जेडीयू नेत्री शालिनी पटेल और जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष निहारिका मंगल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरू गोविंद सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गयी। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह केवल एक धार्मिक गुरू ही नही बल्कि एक महान योद्धा, कवि और समाजसुधारक भी थे। उनकी शिक्षाएं हमें सच्चाई के मार्ग पर चलने और समाज के लिए त्याग करने की प्रेरणा देती है। निहारिका मंगल ने कहा कि आज का दिन हमे उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज में सकारात्मक बलदाव लाने का संकल्प लेने का अवसर देता है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना और लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया और उनके प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की गयी। इस मौके पर जयप्रकाश निगम, अर्जुन सिंह, ज्योति मौर्या, फिरोज सिद्दीकी, नीरज सिंह, मंजू गुप्ता, आदित्य गोस्वामी, प्रेम शंकर, संजना गुप्ता, लवलेश यादव, नितिन कुमार, बृजेश सिंह, कुलदीप सिंह, प्रशांत सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

समाजसेवी को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

बांदा। समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में वंचितों के लिए अपना योगदान देने वाले प्रदीप निगम लाला की शोक सभा आयोजित की गयी। इसमें परिवार के लोगों के साथ समाज के गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत प्रदीप निगम को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। बताते चलें कि सेवाभाव की राजनीति करने वाले प्रदीप निगम 1986-87 में पंडित जवाहर लाल नेहरू कालेज में छात्र संघ के अध्यक्ष बने और शैच्छिक वातावरण का सुधार किया। बुंदेलखण्ड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य रहे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे तथा समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष भी रहे। बाल्मीकि समाज की गरीब कन्याओं के विवाह में प्रतिवर्ष विशेष योगदान रहा। इतना ही नही खाईं पार की भैंस मंडी हटाओ आंदोलन से लेकर मुक्तिधाम की स्थापना तक उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर चित्रकूट शक्ति पीठ के डॉ रामनारायण त्रिपाठी, सुरेन्द्र पाठक, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, अशोक सिंह गौर, शमीम बांदवी, नीरज निगम, शिवपूजन गुप्ता, विजय निगम, अमितेन्द्र श्रीवास्तव सहित तमाम गणमान्य व्यक्ति व गायत्री परिवार उपस्थित रहा।

पुलिस के काम करने के वातावरण की दी जानकारी

बांदा। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा पुलिस महनिदेशक के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में स्टुडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग का शुभारंभ किया गया। जिसकी शुरूआत नोडल अधिकारी, क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार ने की। पोस्ट ग्रेजुएट कालेज अतर्रा में स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यशैली, कार्य करने के वातावरण की जानकारी देने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद कुमार त्रिपाठी व विवेक त्रिपाठी तथा कुल 150 स्वयं सेवकों को चयनित कर भारत युवा पोर्टल पर पंजीकरण कर पुलिस विभाग के द्वारा जारी इंटर्नशिप के लिए अप्लाई करवाया गया। जिसका प्रशिक्षण कुल 5 थानों पर कराया जाएगा। सीओ प्रवीण कुमार द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल छात्रों के संज्ञानात्मक एवं लोक कौशल में सुधार करना ही न ही बल्कि थानों पर प्रत्यक्ष रूप से जाकर अनुभव के माध्यम से पुलिस की कार्य प्रणाली, काम करने के दबाव, उनके रहन-सहन एवं अन्य वातावरण के बारे में जानकारी देना है। ताकि 24 घंटे तैयार रहने के बावजूद भी पुलिस के संबंध में नकारात्मक भ्रांतियों को आम जनता के मध्य सुधारा जा सके।

धर्मार्थ समर्पण न्यास और एआरके स्टूडियो के तत्वावधान में 2025 कैलेंडर का विमोचन

बिजनौर। मुख्य अतिथि के रूप में नगीना एसडीएम मांगेराम चैहान ने महिला सशक्तिकरण व पर्यावरण संरक्षण पर 2025 में कैलेंडर विमोचन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मातृशक्ति और प्रकृति दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं जिस तरह प्रकृति हमें जीवन देती है उसी तरह मातृशक्ति भी है इसलिए दोनों का ही सम्मान मानवता के लिए जरूरी है भारतीय संस्कृति में भी इसकी महिमा है।

धर्मार्थ समर्पण न्यास एवं एआरके स्टूडियो के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे कोटद्वार के सिद्धबलि हनुमान मंदिर प्रांगण में बीते दिन धर्मार्थ समर्पण न्यास और एआरके स्टूडियो परिवर्तन द्वारा प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण पर 5 जनवरी को एक कैलेंडर लॉन्च किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम मांगेराम चैहान ने कहा कि प्रकृति और मातृशक्ति दोनों ही बीज को वृक्ष बनाने की क्षमता से परिपूर्ण है धर्मार्थ समर्पण न्यास और ए आर के स्टूडियो परिवर्तन एक नई राह पर इस साल 2025 में दोनों सृजन शक्तियों को और उनके मान सम्मान को समर्पित करते हुए जागरूकता अभियान के तहत इस कलेंडर का विमोचन किया गया। धर्मार्थ समर्पण न्यास ने थीम के रूप नववर्ष के इस कैलेंडर साल के जरिये प्रकृति पर्यावरण संरक्षण पर और महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर जागरूकता के तहत अभियान शुरू कर रहा है।

इस कार्य में सहयोगी के रूप में सुवेद फूड के विनोद कुमार सिंह, महादेव लाल पेड़ा भंडार वाराणसी ,मयार्दा फाउंडेशन, परफेक्ट दृष्टि आई केयर, शिक्षाविद श्वेता मिश्रा, काउंसलर दीक्षा सिंह, चाणक्य देव व आशीष चैधरी आदि मौजूद रहे।

श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व

ललितपुर। सिखों के दसवें गुरुश्री गुरु गोविंद सिंहजी महाराज का प्रकाश पर्व श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में लक्ष्मीपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति सरदार अवतार सिंह व मनमोहन सिंह मोनी की ओर से हुई। निशान साहिबजी के चोले की सेवा सरदार कृपाल सिंह व मनमोहन सिंह की ओर से हुई। लंगर की सेवा भी मनमोहन सिंह की ओर से हुई। रात में रहिरास साहिबजी के पाठ उपरांत गुरबाणी कीर्तन लंगर व दूध की सेवा हुई व भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। दिल्ली से पधारे ज्ञानी करमजीत सिंह ने अपने जत्थे के साथ गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कहा कि श्रीगुरु गोविंद सिंह सिखों के दसवें गुरु हैं। अध्यक्ष ने कहा कि 1675 को कश्मीरी पंडितों की फरियाद सुनकर श्रीगुरु तेगबहादुर ने दिल्ली के चांदनी चैक में बलिदान दिया। गुरु गोविंद सिंह जी 11 नवंबर 1675 को गुरु गद्दी पर विराजमान हुए। धर्म एवं समाज की रक्षा हेतु ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 ई. में खालसा पंथ की स्थापना की। पांच प्यारे बनाकर उन्हें गुरु का दर्जा देकर स्वयं उनके शिष्य बन जाते हैं और कहते हैं-जहां पांच सिख इक॰ होंगे, वहीं मैं निवास करूंगा। उन्होंने सभी जातियों के भेद-भाव को समाप्त करके समानता स्थापित की और उनमें आत्म-सम्मान की भावना भी पैदा की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रपाल सैनी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह की पत्नियां, माता जीतो, माता सुंदरी और माता साहिब कौर थीं। बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह आपके बड़े साहिबजादे थे जिन्होंने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थीं। छोटे साहिबजादों में बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सरहंद के नवाब ने जिंदा दीवारों में चुनवा दिया था। युद्ध की दृष्टि से आपने केसगढ़, फतेहगढ़, होलगढ़, अनंदगढ़ और लोहगढ़ के किले बनवाएं। पौंटा साहिब आपकी साहित्यिक गतिविधियों का स्थान था। कोषाध्यक्ष व महामंत्री ने भी संबोधित किया। इस दौरान ओंकार सिंह, हरविंदर सिंह, सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, चरणजीत सिंह, डा.सुरेंद्र कौर, परसन सिंह, गुरचरण सिंह, हरजीत सिंह, मेजर सिंह, गुरमुख सिंह, अवतार सिंह, चरणजीत सिंह, गुरदेव सिंह, तेजवंत सिंह, विजय डयोडिया, रूपनारायण विश्वकर्मा एड., मनोज झा, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, आचार्य लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, जसपाल सिंह पप्पू, विवेक, वीरेंद्र सिंह बीके, गोपी डोनडवानी, जसपाल सिंह बंटी, रामलीला हनुमान जयंती समिति के अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, चंद्रशेखर राठौर, मुन्नालाल त्यागी, मनिंदर सिंह ,आनंद सिंह, गौरव सिंह, कुलजीत सिंह, सुरजीत, डा.जेएस बक्शी, नीटू कालरा, बलजीत सिंह, बिंदु कालरा, पूनम मलिक, डा.हरजीत कौर, मनजीत कौर आदि उपस्थित रहे।

कालू कुआं से पल्हरी चौक तक बनेगी फोर लेन सड़क

जिला संवाददाता(vol)



बांदा। नगरवासियों को शीघ्र ही फोर लेन सड़क की सुविधा मिलेगी। शहर के कालू कुआं से राजा खेत सिंह खंगार चैक पल्हरी तक 22.80 लाख की धनराशि से सड़क का निर्माण होगा। यह फोर लेन सड़क की सुविधा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के प्रयासों के चलते संभव हुई है।

इसके लिए सदर विधायक ने लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर महारानी अवंतीबाई लोधी चैक कालू कुआं से राजा खेत सिंह खंगार चैक पल्हरी तक के मार्ग का फोर लेन चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराये जाने को कहा गया था। शासन ने इस नये प्रस्तावित फोर लेन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति देते हुए धनराशि स्वीकृत की है। इस स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 1140.35 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है। इस फोर लेन बांदा-बबेरू, कमासिन, राजापुर, एसएच-92 की कुल लंबाई 3.100 किलोमीटर होगी एवं बीच में 1.5 मीटर चैड़े डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा डिवाइडर के दोनो तरफ 7-7 मीटर चैड़े मार्गों के निर्माण के साथ-साथ सड़क के दोनो तरफ 1-1 मीटर नाले का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।

रास्ते में पड़ने वाली नहर की पुलिया का पुनः निर्माण करते हुए नवीन मार्ग को कैट आई एवं थर्मोस्टेट आदि का उपयोग करते हुए सुसज्जित किया जाएगा। सदर विधायक ने बताया कि इस फोर लेन परियोजना के स्वीकृत होने से नगरवासियों को निश्चित तौर पर जाम व अतिक्रमण से निजात मिल सकेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने से बांदा नगर भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर होगा। विधायक ने परियोजना की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व लोक निर्माण विभाग मंत्री को धन्यवाद दिया है।

दस जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

ललितपुर। सदर चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर गोविन्दनगर रेंज में जुआ खेल रहे दस लोगों को पकड़ने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के पास से हजारों रुपये की नकदी, 104 ताश के पत्ते बरामद किये हैं। बताया गया है कि सदर चैकी प्रभारी अनुराग शर्मा अपने साथ उ.नि. मनोज कुमार मिश्रा, कां.हिमांशु गुप्ता, कां.सूरज सिंह के साथ चैकी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि गोविन्दनगर में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल कोतवाली से अतिरिक्त फोर्स की मांगा। अतिरिक्त फोर्स में उ.नि.विवेक धामा, हे.कां. संजीव व हे.कां. बृजबिहारी सेंगर व कां.विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने गोविन्दनगर रेंज के आगे झाडि ?ों में दविश देकर दस जुआरियों को धर दबोचा।

अबोध बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कठोर कैद

बांदा। अबोध बालिका से दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले पर अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय पल्लवी प्रकाश की अदालत ने आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 15 जनवरी 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 7 वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी तभी पड़ोस का कल्लू लोध निवासी सरवन का पुरवा अंश मुरवां थाना गिरवां बिस्कुट खिलाने के बहाने बच्ची को अरहर के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची काफी देर तक जब घर नही पहुंची उसी दौरान बच्ची की तलाश कर रहे थे तभी वह रोती हुई गली की ओर से आई, उसके गुप्तांग से खून बह रहा था। परिजनों ने जब पूंछा तो उसने बताया कि कल्लू लोध ने दुष्कर्म किया है। परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और रिपोर्ट दर्ज कराई। बच्ची को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। स्थिति गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज कानपुर रेफर कर दिया गया। विवेचक ने सबूत संकलन कर कल्लू लोध, संजय, सानू, लखना के विरूद्ध चार्ज शीट अदालत में दाखिल की। अभियोजन की ओर से 6 गवाह पेश किए गये। न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी कल्लू को दोषी पाते हुए 20 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई। दौरान मुकदमा आरोपी लखना की मृत्यु हो चुकी है।

विकास और रोजगार

भारत की आर्थिक विकास दर बढ़ रही है, लेकिन रोजगार रहित विकास ने देश में गंभीर सामाजिक-आर्थिक संकट को जन्म दिया। बड़े-बड़े उद्यम लग रहे हैं लेकिन रोजगार नहीं है। इससे बेरोजगारी और आर्थिक विषमता का संकट बढ़ा है। ऐसे में सरकार को विकास के साथ अवसरों को सृजित करने के लिए रोजगार केन्द्रित उद्यमों को बढ़ावा देना होगा ताकि विकास के साथ रोजगार के मौके भी बढ़ें। भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल चार ट्रिलियन के करीब पहुंच गयी है और अगर वर्तमान गति से आगे बढ़ती रही है, तो अगले एक दशक में न सिर्फ भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा बल्कि अर्थव्यवस्था का आकार भी आठ-दस ट्रिलियन हो जायेगा। हालांकि हमारा विकास आगे भी तेज गति से जारी रहेगा क्योंकि भारत सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। बहरहाल अगर हम दो-ढ़ाई दशक के अंतराल के बजाय अगले एक दशक के आर्थिक परिदृश्य पर ही चर्चा करें, तो सात-आठ फीसद की गति से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में न सिर्फ एमएसएमई के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बन रहे हैं बल्कि स्टार्टअप से लेकर वृहद आकार के उद्यमों तक के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था गेम चेंजर बनी हुई है। सरकार अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भागीदारी 50 तक फीसद तक ले जाना चाहती है। फिलहाल अभी यह आंकड़ा तीस फीसद पर है। लेकिन जिस तरह बड़े आकार के उद्यम ऑटोमोटिव हो रहे हैं, वहां ग्रोथ, रेवेन्यू और मुनाफे की तुलना में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि भारत आर्थिक महाशक्ति कब बनता है, 1947 तक भारत विकसित देश बन पाता है या नहीं, मध्यम आया वाली अर्थव्यवस्था बनने में कितना समय लगेगा, ये तमाम सवाल अपनी जगह पर हैं और इनका जवाब समय के गर्भ में है। लेकिन एक बात पूरी तरह साफ है कि अगर भारत को संपूर्ण रोजगार के लक्ष्य को हासिल करना है, तो इसका रास्ता एमएसएमई सेक्टर ही प्रशस्त कर सकता है। एमएसएमई जॉब ओरिएंटेड सेक्टर है और कम ऑटोमोटिव होने, श्रम आधारित उत्पादन प्रणाली के अधिक महत्वपूर्ण होने के कारण एमएसएमई सेक्टर में अगर प्रगति होती है तो सही मायने में रोजगार के मौके बनते हैं। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यहां श्रम की बहुलता है। श्रम की उपलब्धता, लगातार बढ़ती समृद्धि और उसके परिणाम स्वरूप बढ़ी मांग ने एमएसएमई की संभावनाओं को भी पंख लगाने का काम किया है। यह भी कि सिर्फ सर्विस सेक्टर, कृषि, प्रकृति एवं डेयरी से जुड़े क्षेत्र और छोटे आकार की उत्पादन प्रणाली तक ही एमएसएमई की कहानी सीमित नहीं है। आज वैश्विक व्यापार में भी मध्यम, लघु और सूक्ष्म आकार के उद्यमों ने बड़ी सफलता दर्ज की है। इसलिए इस बात पर जाने की जरूरत नहीं है कि देश में एमएसएमई की संख्या कितनी है। यह संख्या फिलहाल छह करोड़ के करीब बतायी जा रही है। यह संख्या इतनी अधिक है कि अगर इसमें एक भी नया उद्यम न जुड़े और प्रति उद्यम औसतन दस रोजगार भी सृजित किये जा सकें, तो देश में इतने रोजगार के मौके बनेंगे कि युवाओं की संख्या कम पड़ जायेगी। इसलिए भारत सरकार को जीडीपी में एमएसएमई की भागीदारी बढ़ाने, नये रोजगार के सृजन और मेक इन इंडिया, आत्म निर्भर भारत अभियान जैसे प्रयासों को सफल बनाने के लिए छोटे उद्यमों में अधिक फोकस करना चाहिए। आज बड़े उद्यमों को सरकार के सहयोग की जरूरत नहीं है। उनको केवल विकास परक नीति चाहिए आगे का रास्ता वे खुद तय कर लेते हैं। लेकिन छोटे उद्यमों को वित्तीय सहायता, कंसलटेंसी, विपणन सहायता, प्रौद्योगिकी, स्किल से लेकर सुगम औद्योगिक नीति तक की भी जरूरत है। यह सच है कि छोटे उद्यम कभी भी बड़े आकार के उद्यमों को कंपीट नहीं कर सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि छोटे उद्यमों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार मदद करे तभी एमएसएमई क्षेत्र अपनी संभावनाओं के अनुकूल प्रदर्शन कर सकेगा।

प्रगति और अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के कारण बड़े उद्यमों के साथ स्टार्टअप से लेकर एमएसएमई तक, सभी के लिए बेहतर मौके बने हैं।

विचार

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

-शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

-गीता.

चीन ने फिर दिखाया अपना असली चेहरा

लोकमित्र गौतम

पिछले साल अक्टूबर में कई सालों के सैन्य गतिरोध के बाद जब भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौता हुआ था, तो माना जाने लगा था कि शायद अब चीन प्रौढ़ता के साथ सरहद में तनाव के मुद्दे को हल करने की कोशिश करेगा। लेकिन चीन पहले भी कई बार इस तरह की झूठी भाव-भंगिमाएं दिखाकर जल्द ही अपने असली और विश्वास घाती इरादों पर लौटता रहा है। इसलिए यह आश्चर्यजनक नहीं है कि पिछले साल रूस के कजान में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मलेन के दौरान मोदी और शी जिनपिंग की 5 सालों बाद जो 50 मिनट तक सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई थी, उसके तीन महीने बाद ही फिर से चीन अपना विश्वासघाती दांव चल दिया है। दरअसल पिछले दिनों चीन ने अपने होतान प्रांत में दो नये जिलों (काउंटीज) की घोषणा की है और इन जिलों के भौगोलिक क्षेत्रफल में हमारे लद्दाख के भी कुछ हिस्सों को शामिल कर लिया है, जिसका भारत ने गुजरी 3 जनवरी 2024 को कड़ा विरोध किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा कि चीन अपने होतान प्रांत के दो नये जिलों में लद्दाख के जिन कुछ हिस्सों को शामिल करने की कोशिश की है, भारत उसकी कड़ी भर्त्सना करता है, भारत चीन के ऐसे अवैध कब्जों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। भारतीय प्रवक्ता ने यह भी कहा कि चीन के इस तरह नयी काउंटीज का ऐलान करने से भारत की संप्रभुता पर कोई असर नहीं होगा। दरअसल चीन ने होतान प्रांत में जो दो नये जिले हेआन और हेकांग बनाने का ऐलान किया है, उनमें भारत के केंद्र शासित प्रदेश के लद्दाख के कुछ हिस्सों को भी शामिल दिखाया है, साथ ही पिछले दिनों चीन ने, तिब्बत से निकलने वाली यारलुप त्यांगपो नदी जिसे भारत में ब्रह्मपुत्र के नाम से जानते हैं, उसमें एक बड़ा हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस पर भी भारत ने आपत्ति जतायी है, जिसके उत्तर में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह प्रोजेक्ट बिल्कुल सेफ है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मांओ निंग ने कहा है कि दशकों के गहन अध्ययन के बाद इस हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। लेकिन चीन कहने को कुछ भी कहता रहे, वह विश्वास के योग्य नहीं है। दरअसल 1962 के युद्ध में विजय हासिल करने के बाद वह एक मनोवैज्ञानिक हैंगओवर से चिपका हुआ है। उसे लगता है कि वह भारत और चीन के बीच अस्पष्ट सीमांकन को अपनी मर्जी से अपने पक्ष में तय कर लेगा। इसीलिए चीन बार बार धोखे की रणनीति अपनाते हुए कभी किसी समझौते के लिए राजी हो जाता है और कभी उसे बिना किसी वजह के तोड़ देता है।

चीन से हम 101 अरब डॉलर का आयात करते हैं जबकि हमारा निर्यात महज 19 अरब डॉलर है। अमेरिका के साथ जिस तरह से उसे कारोबार में झटका लगने की पूरी भूमिका बन चुकी है, उसके बाद भारत अगर चीन के साथ अपने आर्थिक रिश्तों को सीमित कर दे तो जल्दी पता चल जायेगा कि तकनीकी रूप से चीन को इस विश्वासघात की क्या कीमत चुकानी पड़ सकती है?

चीन की करतूत

दरअसल 2020 में गलवान घाटी में 1962 के बाद जो भारत और चीन की सेनाओं के बीच खूनी झपड़ हुई थी, वह भी चीन के इसी विश्वासघात का नतीजा थी। 1962 के बाद से दोनो देशों के बीच यह समझौता मौजूद था कि दोनो देशों की सेनाएं एक दूसरे से फिजिकल टकराव मोल नहीं लेंगी। लेकिन चीन ने 2020 में यह समझौता चुपचाप तोड़ दिया। वह भारत के साथ दरअसल स्लाइसिंग रणनीति अपना रहा है। वह धीरे से पहले भारतीय क्षेत्रों पर दावा करता है, फिर वहां बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की कोशिश करता है। चीन का यह भू-राजनीतिक विस्तारवाद है। साल 2020 में उसकी इसी ओछी हरकत के कारण दोनों देशों की सेनाओं में खूनी झड़प हुई थी, जिसमें 20 भारतीय जवान शहीद हो गये थे। उस समय भी चीनी सैनिकों ने मनमानी ढंग से सीमा के उल्लंघन की कोशिश की थी। सिर्फ लेह लद्दाख की तरफ ही नहीं चीन सालों से अरुणाचल प्रदेश को भी अपना दक्षिणी तिब्बत बताता रहा है और इस तरह वह अरुणाचल प्रदेश पर भी दावा करने की कोशिश करता है। पिछले कुछ सालों में उसने यहां के भी कई गांवों के नाम ऐसी ही मनमर्जी से बदले हैं। लेकिन भारत इस मामले में पूरी तरह से दृढ़ है कि इस तरह की हरकतों से चीन हमारी संप्रभुता पर हमला नहीं कर सकता। भारत के साथ चीन के एक नहीं करीब आधा दर्जन सीमा विवाद हैं, जो लेह लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक फैले हुए हैं। उत्तराखंड और सिक्किम में भी चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। सवाल है आखिर यह सब करते हुए चीन चाहता क्या है? दरअसल वह पूरे दक्षिण एशिया को अपना बगल बच्चा समझता है। चीन चाहता है कि दक्षिण एशिया में उसका दबदबा बने, जिससे उसका महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'वन बेल्ट, वन रोड' सफल हो और इसके जरिये वह इस पूरे इलाके की बड़ी अर्थव्यवस्था पर कुंडली मारकर बैठ जाए। लेकिन यह तब तक संभव नहीं है, जब तक भारत मजबूत है।

इसलिए वह अपनी हरकतों से भारत को कमजोर करना चाहता है। लेकिन आज भारत चीन से कमजोर नहीं है, हाल के सालों में भारत ने चीन को 'जैसे को तैसा' जवाब देते हुए सीमा क्षेत्र में जो निर्माण किया है, चीन उससे परेशान है और वह भारत को मनोवैज्ञानिक रूप से तनाव में रखने की कोशिश कर रहा है। चीन सोचता है कि अगर भारत उसके साथ सीमा मसलों पर उलझा रहा तो हमारी आर्थिक स्थिति कमजोर होगी और इसका फायदा उठाकर चीन हम पर दबदबा बना लेगा। लेकिन भारत चीन के इन मंसूबों को बहुत अच्छी तरीके से समझता है। यही वजह है कि पिछले पांच सालों में चीन से लगने वाली सरहद में भारत ने बड़े पैमाने पर आधारभूत विकास किया है। परमानेंट आरसीसी सड़कों का जाल बिछाया है और सेना को भी चीन से लगने वाले बॉर्डर में एलर्ट मोड पर रखा है। इसी तरह भारत ने ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के साथ क्वाड में रहकर सक्रिय ढंग से चीन को घेरने की कोशिश की है। सबसे बड़ी बात यह है कि पिछले दो सालों से भारत की अर्थव्यवस्था जहां 6 से 6.5 फीसदी वार्षिक दर से बढ़ रही है, वहीं भारी भरकम आधार और मजबूत बाजार सपोर्ट के बाद भी चीन की अर्थव्यवस्था सही मायनों में सिर्फ 2 से 2.5 फीसदी की रफ्तार से ही बढ़ रही है, भले आंकड़ों की कुछ बाजीगरी करके वह इसे 4 से 4.5 फीसदी में दिखाने की कोशिश कर रहा हो। इसी गुजरे हफ्ते चीन के शेयर बाजार जैसे बुरी तरह से टूटे हैं और जिस तरह फिर से चीन से कोरोना जैसे एक संक्रमण की दबी छुपी खबरें बाहर आ रही हैं, उससे चीन बौखलाया हुआ है। वह नहीं चाहता कि भारत तेजी से विकास के रास्ते में आगे बढ़ता रहे। इसीलिए वह कभी सीमा पर सैनिकों के बीच झपड़ों का माहौल बनाता है और कभी भारतीय क्षेत्रों को अपने नाम और नक्शे में शामिल करने की दुष्टतापूर्ण रणनीति अपनाता है। लेकिन सालों से चीन के साथ तनाव के इस खेल में भारत समझ चुका है कि चीन के झांसे में नहीं फंसना। वास्तव में भारत एक ही क्षेत्र में मात खाता है, वह है कई मामलों में हमारी चीन पर तकनीकी निर्भरता। अगर भारत चीन के साथ पाकिस्तान की तरह अपने आर्थिक और कारोबारी रिश्ते तोड़ दे तो चीन को दिन में तारे नजर आने लगेंगे। क्योंकि भारत और चीन के बीच 119 अरब डॉलर के कारोबार में सारा पलड़ा चीन की तरफ झुका हुआ है।

सोशल मीडिया

आज भारत के रेलवे परिवर्तन में एक महत्व-पूर्ण कदम है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई राष्ट्र व्यापी रेल परियोजनाओं की नींव रखी। जेपी नड्डा.

दिल्ली एनसीआर के लिए आज का दिन अति महत्वपूर्ण है, पहली बार आजजहां नमोभारत ट्रेन राजधानी में प्रवेश करेगी, कई परियोजना के उद्घाटन, शिलान्यास होगा। नरेंद्र मोदी, पीएम.

आतिशीजी आप दिल्ली की सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। आपको गाली देकर बीजेपी ने न सिर्फ आपका बल्कि दिल्ली की हर महिला का अपमान किया है। अरविन्द केजरीवाल.

भारत भूमि का गौरव

एक समय भारत की कला संस्कृति और सभ्यता दुनिया में सबसे अधिक सम्पन्न और चमकदार थी। लेकिन विदेशी आक्रांताओं ने हमारी संस्कृति पर बहुत हमले किये। स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रयत्नों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है। इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है।

अंतर्दृष्टि

सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए, विश्व मानस को यह सुझाये कि विनाश के कगार पर खड़ी सभ्यता को पीछे लौटने और शान्ति पूर्वक जीने का क्या तरीका हो सकता है। निःसंदह भारत बहुत कुछ खो चुका है। उसके पास जो बचा है, अस्त-व्यस्त और नष्ट भ्रष्ट है फिर भी उसके कुछ टुकड़े ऐसे हैं जिन्हें अभी भी डूबते को तिनके के सहारे प्रयुक्त किया जा सकता है।

चुनावी स्वप्न पत्र का विमोचन

व्यंग्यलोक

दलदल पार्टी आलाकमान ने अपनी पार्टी के लिए चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया। आलाकमान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस सजाई और पार्टी के चुनावी स्वप्न पत्र का विमोचन किया। देश के तमाम वोटरों को अपने ढंग के सपने देखने के लिए तैयार किया। आलाकमान ने पार्टी दफ्तर में कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र जन-जन तक पहुंचा दो। पार्टी की घोषणा को हर वोटर के सपनों से जोड़ दो। हमें न केवल व्यक्तियों के बल्कि सभी जानवरों के भी वोट चाहिए। फिर आलाकमान ने यह कहानी सुनाई- इंद्रप्रस्थ नगर में एक पार्टी का मुख्यालय हुआ करता था। पार्टी हर बार चुनाव में अपना घोषणा पत्र जारी करती थी। पार्टी हर एक वोटर से लेकर मक्खी-मच्छरों तक को करारे सपने दिखाती थी। उसकी घोषणाओं से ढेर सारे वोट मिला करते थे। पार्टी मुख्यालय के एक पेड़ पर एक बिल्ली बैठी थी। पेड़ पर बैठी बिल्ली गुनगुनी धूप का आनंद ले रही थी। उसी पेड़ के नीचे एक बिल्लोरा कुत्ता बैठा था। वह भी धूप का आनंद ले रहा था। सर्दियों में एक शानदार गुलाबी धूप मिल जाए, इससे बढ़कर और क्या हो सकता है? कुत्ते और बिल्ली अपने-अपने ढंग से सर्दियों का मजा ले रहे थे। तभी कुत्ते ने बिल्ली से पूछा- क्या कर रही हो बहन? बिल्ली ने कहा- कुछ नहीं धूप सेक रही हूं। इस गुनगुनी धूप में मुझे हल्की झपकी आ गई। उसमें मुझे एक सपना आया। सपने में मैंने देखा कि आसमान से चूहे ही चूहे बरस रहे हैं। एक से बढ़कर एक शानदार चूहे! तब कुत्ता हंसने लगा। उसने कहा- हमारे कुत्ता शास्त्र में तो ऐसी बात कहीं लिखी हुई नहीं है। मैं बहुत पढ़ा-लिखा कुत्ता हूं। कुत्तों की दुनिया में मैंने कई चुनाव भी लड़े हैं। ये एकदम झूठ है। चूहों की बरसात की बात किसी भी शास्त्र में नहीं लिखी है। न ही मैंने ऐसी बरसात कभी देखी है, न कभी सुनी। हां! एक बात जरूर सच है। मुझे रोज एक सपना आता है। देखता हूं कि आसमान से हड्डियां ही हड्डियां बरस रही हैं। एकदम मस्त वाली कुरकुरी हड्डियां! बिल्ली ने कहा- हद हो गई सपने की! न किसी किताब में पढ़ा, न कहीं सुना कि आसमान से हड्डियों की बरसात होती है। तुम एकदम झूठे हो। दोनों एक दूसरे को झूठा बता रहे थे। तभी पेड़ की ओट में छिपा दलदल पार्टी का नेता निकला और उसने अपनी पार्टी का घोषणा पत्र उन दोनों के आगे कर दिया। दोनों ने अपने-अपने ढंग के सपने देखे। दोनों को मजा आ गया। फिर इतिहास गवाह है कि पार्टी को हमेशा ही हर प्रकार के लोगों के वोट मिलते ही गए। पार्टी ने सब पर राज किया। सुना तुमने! कहते हुए आलाकमान ने सभी कार्यकताओं को इस चुनावी घोषणा पत्र के प्रचार-प्रसार के लिए कमर कसने के निर्देश दे दिए। कार्यकताओं ने आलाकमान की हां में हां हां हां...की भयंकर गर्जना की। पार्टी के द्वारा जारी सपने हर दिशा में तैरने लगे।

रामविलास जॉगिड़

शोहरत की बुलंदी से गुमनामी तक, फराह नाज के किस्से

बॉलीवुड

कैलाश सिंह

बॉलीवुड अदाकारा फराह नाज ने अक्सर खुद को अपनी छोटी बहन तब्बू की छाया में गुम पाया। लेकिन 1990 के दशक के मध्य तक फराह का बहुत सफल कॅरियर था और वह शुहरत की बुलंदियों पर थीं। उन्होंने अपनी सफलता का रास्ता खुद ही बनाया था। फिर अपने पतन की कहानी भी उन्होंने खुद ही लिखी। उनके गुस्सैल स्वभाव ने उनके लिए ही मुश्किलें खड़ी कर दी थीं। अगर मीडिया रिपोर्ट्स को सही माना जाये तो दो बार उन्होंने ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली थी, मरने के लिए नहीं बल्कि अपने घर वालों पर दबाव डालने के लिए कि वह उनकी बात मान जायें। एक बार उन्होंने एक फिल्म के सेट पर गुस्से में चंकी पांडे के थप्पड़ मार दिया था और एक अन्य फिल्म सेट पर वह अनिल कपूर से झगड़ा कर बैठी थीं। फिर उन्होंने दारा सिंह के बेटे विंदु दारा सिंह से शादी की और बड़े पर्दे से गायब हो गईं। फराह अपनी बहन तब्बू जितनी ही प्रतिभाशाली व सुंदर थीं, वह फिल्मोद्योग में बहुत कुछ हासिल कर सकती थीं, लेकिन उन्हें वह मकाम न मिल सका, जिसकी वह वास्तव में हकदार थीं और इसके लिए वह अपने अतिरिक्त किसी अन्य को दोष भी नहीं दे सकतीं हैं।

मात्र 17 साल की आयु में फराह को एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस ने डेब्यू करने का अवसर दिया था। उनकी पहली फिल्म 'फासले' थी, जिसके रिलीज होते ही वह उभरती हुई कलाकार के रूप में स्वीकार की जाने लगीं। इसके बाद सफल फिल्मों का एक सिलसिला आरम्भ हो गया- 'नसीब अपना अपना', 'यतीम' आदि। वह इतनी कम आयु में सफलता व शुहरत को हैंडल नहीं कर पा रही थीं। फिर पूरे फिल्मोद्योग में यह अफवाह फैल गई कि उनका एक सहायक निर्देशक से अफेयर चल रहा है। आखिरकार उन्होंने विंदु से शादी की और अभिनय से दूर हो गईं। अफेयर की तीव्रता को देखते हुए अन्य निर्देशक और प्रोडक्शन हाउस यह अनुमान लगाने लगे कि वह कम आयु में शादी कर लेंगी और वह उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे। इससे फराह का करियर प्रभावित होने लगा, हालांकि उन्होंने अधिकारिक तौरपर अपने अफेयर को कभी स्वीकार नहीं किया। एक अभिनेत्री किसी भी समय फिल्म छोड़कर जा सकती है, यह रिस्क कोई भी निमार्ता नहीं लेना चाहता था। फराह ने जल्द ही अपना संबंध समाप्त कर दिया। बिन्दू से फराह की पहली मुलाकात 90 के दशक में एक फिल्म शूट के दौरान हुई थी। दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया और वह डेट करने लगे। दोनों के परिवार इस रिश्ते से सहमत नहीं थे। फराह की मां अपनी बेटी के लिए एक सफल पार्टनर चाहती थीं, जबकि दारा सिंह को अपने बेटे के लिए एक परम्परागत पत्नी चाहिए थी। अपने पैरेंट्स की राय न बदलने के कारण फराह व विंदु ने अलग अलग होने का फैसला किया। अलग होने के बाद दोनों ने एक दूसरे से बोलना बंद कर दिया। विंदु फिल्म शूट के लिए तमिलनाडु चले गये जहां कम्युनिकेशन के साधन नहीं थे। जब फराह व विंदु कई दिनों तक एक दूसरे से बोले नहीं तो उन्हें एहसास हुआ कि वह एक दूसरे से अलग नहीं रह सकते। विंदु की वापसी पर दोनों ने शादी करने का फैसला किया, पैरेंट्स भी मान गये और 1996 में उनकी शादी हो गई। 1997 में दोनों के एक बेटा हुआ, फतेह। लेकिन जल्द ही दोनों के बीच मतभेदों की खाई चैड़ी होने लगी। 2002 तक फराह और विंदु अलग हो चुके थे। विंदु को जल्द ही मॉडल दीना उमारोवा से प्यार हो गया। यह रोमांस परवान चढ़ा, 2005 में दोनों ने शादी कर ली और विंदु के जीवन में उम्मीदों से भरा एक नया अध्याय आरंभ शुरू हुआ। विंदु ने फराह से तलाक के अनेक कारण गिनवाये और अपनी स्थिति की तुलना प्रेशर कुकर से की। टकराव व वैवाहिक मुद्दे समय के साथ तीव्र होते गये, जिससे अलग होने के अतिरिक्त कोई रास्ता न था। इन चुनौतियों के बावजूद उन्होंने दोस्त रहने की उम्मीद जतायी। हालांकि अब वह साथ भोजन नहीं करते हैं, लेकिन छुट्टियों की ग्रीटिंग्स एक दूसरे को भेजते हैं। वे अपने बेटे की एक साथ परवरिश कर रहे हैं। फराह ने 2003 में सुमीत सहगल से शादी कर ली। फतेह इन्हीं के पास रहता है। सुमीत की मदद से फराह ने फिर से फिल्मों में वापसी की है। उन्हें शिखर व हलचल फिल्मों में प्रमुख किरदारों में देखा गया है। सुमीत की पहली पत्नी शाहीन से बेटी सन्येशा सहगल भी उनके साथ रहती है। इस प्रकार के मिश्रित परिवार विशिष्ट व सहयोगी वातावरण उत्पन्न कर सकते हैं, जिससे सभी सदस्यों में प्रेम व सदभाव की भावना आ सकती है।

आपकी बात

विकास और आर्थिक संसाधन

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है।

विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्कि सरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

महेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

महंगाई के आंकड़े

महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। अगर देखा जाये तो नरसिम्हा राव ने बहुत अच्छा काम किया लेकिन हार गये। 2004 वह दौर था जब देश की आर्थिक स्थिति ऐतिहासिक तौर पर बेहतर थी लेकिन भरत उदय के इस दौर में भाजपा का कमल डूब गया। ऐसे सरकार को महंगाई कम करना चाहिए।

ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.

संक्षेप

गंगा राम वर्मा ने थामा राष्ट्रीय लोकदल का दामन

अयोध्या। तहसील सोहावल के मुबारकगंज गांव निवासी गंगा राम वर्मा ने अपने दर्जनों साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय लखनऊ में युवा राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र सिंह पटेल के समक्ष राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण किया अवध जोन अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल पार्टी ने झंडा थाम कर पार्टी में शामिल कराया और बधाई दी ।

रालोद मे शामिल होने के बाद गंगा राम वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री चैधरी जयंत सिंह किसानों के साथ गांव गरीब के लिए काम करते हैं।अवध जोन के अध्यक्ष चैधरी रामसिंह पटेल भी किसानों और कार्यकताओं के सुख दुःख में हमेशा खड़े रहते है। इसी से प्रभावित होकर हमने रालोद मे शामिल होने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोकदल जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा ने बताया कि गंगा राम वर्मा बीकापुर विधानसभा तहसील सोहावल के मुबारक गंज निवासी हैं। वह हमेशा समाजिक कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ कर भाग लेते रहते हैं।

चाहें जितनी बार आएं मुख्यमंत्री, मिल्कीपुर में सपा प्रत्याशी ही जीतेगाः अवधेश

अयोध्या। अयोध्या-फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने स्थानीय होटल में प्रेसकांफ्रेन्स कर भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे जितनी बार मिल्कीपुर व अयोध्या आएं, मुख्यमंत्री के चाहे जितने मंत्री लगें।जीत समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की ही होगी।प्रेसकांफ्रेन्स में सांसद ने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव प्रदेश की 10 सीटों के साथ होना था। मिल्कीपुर हमारी लोकसभा का एक विधान सभा क्षेत्र है। भाजपा सहमी है चुनाव नहीं कराई। सपा सांसद ने व्यंग किया कि लोग कह रहे थे कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे लेकिन यह दांव उल्टा हो गया लोकसभा चुनाव में राम अवधेश प्रसाद को ले आए। तभी से भाजपा के लोग और दहशत में हैं। उपचुनाव को लेकर कहा कि विधानसभा चुनाव 2012, 2022 और लोकसभा चुनाव मिल्कीपुर की जनता जनार्दन ने जिताया। लोकसभा चुनाव अभी 04 जून 2024 में जिताया है। एक बार फिर उपचुनाव में बेटे अजित प्रसाद जिन्हें सपा मुखिया ने सर्व सम्मति से प्रत्याशी बनाया है।

- हमारा पूरा परिवार ही राममय, जीत के साथ ही 2027 चुनाव का यहीं से जायेगा प्रदेश में संदेश
- सपा सांसद ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

देवतुल्य जनता भारी मतों से जिताकर एक सन्देश देगी। यही वजह है कि भाजपा औ? मुख्यमंत्री दहशत में हैं। मिल्कीपुर को ये कुछ नहीं देने वाले हैं।

इतना ही नहीं सपा सांसद ने कहा कि वर्ष 2027 के प्रदेश की विधानसभा चुनाव का रास्ता भी मिल्कीपुर से ही निकलेगा। मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत से यहां से एक संदेश जाएगा और 2027 के चुनाव में भाजपा का सफाया होगा। जिसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी। युवाओं को रोजगार मिलेगा, किसानों, व्यापारियों और महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाएंगी। बेरोजगारी दूर की जाएगी। हम सभी मयार्दा पुरुषोत्तम राम की मयार्दा को स्थापित करेंगे।

राम मंदिर बनने और रामलला के दर्शन के सवाल पर सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मेरा तो पूरा परिवार राम मय है। मेरे पूर्वजों का नाम राम से ही शुरू होता है। मेरे बाबा का नाम, मेरे पिता का नाम, ननिहाल पक्ष से मामा का नाम इतना ही नहीं मेरे ससुर के नाम के आगे पीछे राम लगा हुआ है। कहा कि भाजपा के किसी नेता के आगे व पीछे राम नहीं है। हो सकता है कि अपवाद के रूप में छोड़ दिया जाए। एकाद दो नेताओं के नाम के आगे पीछे राम हो सकता है। लेकिन इस मामले में हम सौभाग्यशाली हैं। मेरे बाबा से लेकर पिता व ससुर तक सबके नाम के आगे पीछे राम है। हमारे रोम रोम में राम है। हमारी विचारधारा मयार्दा पुरुषोत्तम राम से जुड़ी है। आरोप लगाया कि इस मयार्दा को भाजपा ने विखंडित किया है। पत्रकारों के समक्ष वादा कि राम की मयार्दा को केवल अयोध्या में ही नहीं पूरे देश में स्थापित करने का काम करूंगा।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने घेरा थाना

अयोध्या। पुलिस से संबंधित समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई बीकापुर द्वारा तारुन थाने का घेराव कर थाने के मुख्य द्वार पर पंचायत किया गया, पंचायत में क्षेत्राधिकारी बीकापुर ,नायब तहसीलदार तारुन, इंस्पेक्टर तारुन दलबल के साथ पहुंचकर बिंदुवार समस्या सुनकर समाधान का आश्वासन दिया तत पश्चात घेराव पंचायत स्थगित कर दिया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा जनता के प्रार्थना पत्रों की रिसीविंग नहीं देकर प्रार्थना पत्रों को गायब कर दिया जाता है, ऑनलाइन शिकायत प्रार्थना पत्रों ,थाना दिवस के प्रार्थना पत्रों पर निष्पक्षता व गुणवत्ता पूर्वक समाधान नहीं किया जाता, जनता को परेशान करने के लिए गलत तरीके से गाड़ियों का चालान किया जाता है संतोष वर्मा पुत्र जगदंबा निवासी तारापुर की प्रार्थना पत्र पर विगत कई महीनो से थ्त् दर्ज नहीं किया जा रहा।

जो की चिंता जनक विषय है। घनश्याम वर्मा ने कहा कि संतोष वर्मा तहसील अध्यक्ष बीकापुर के जायज प्रार्थना पत्र पर तारुन थाना के पुलिस गलत रिपोर्टिंग कर रही है ।

जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एआरटीओ ने चलाया अभियान

बाराबंकी। शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने व अवैध अतिक्रमण-पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, सीओ टैजफिक, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला की संयुक्त टीम ने अत्यधिक जाम वाले चैराहो पटेल, नाका, पल्हरी पर सड़कों पर खडे वाहनो के खिलाफ कार्यवाही कर चालान किये गये। अभियान के सम्बन्ध मे एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि मुख्य चैराहो पर बेढ़ग तरीके से सड़को पर वाहन खड़ा करने वालो के खिलाफ अभियान चलाते हुये अवैध रूप से होटल, वर्कशॉप के सामने बे-ढंग खड़े दर्जनो वाहनो के चालान किये गये। तथा वाहन चालको को हाईवे स्थित होटल, मोटर वर्कशॉप, अवैध दुकानों पर सही स्थान पर वाहन खड़ा करने को लेकर जागरुक किया।

श्यामलाल बाजपेयी का नाम कांग्रेस के क्रांतिकारी नेताओं में शुमार: तनुज पुनिया

बाराबंकी। स्व. श्यामलाल वाजपेयी का नाम कांग्रेस के क्रान्तिकारी नेताओं में शुमार था। वह राजनीति में संघर्ष के पर्याय थे। उनकी पहचान को शिवशंकर शुक्ला ने जिन्दा रखा है। जो हर साल उनकी स्मृति में सदभावना दिवस मनाने है। उक्त बात विकास भवन रोड स्थित शान्तिपुरम में लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष तथा प्रदेश सरकार के मंत्री रहे स्व. पं. श्याम लाल बाजपेयी की 25वीं पुण्यतिथि पर मुख्य अतिथि सांसद तुनज पुनिया ने कही। इस मौके पर कांग्रेस नेता एवं कार्यक्रम संयोजक ने सांसद श्री पुनिया से नगर में स्व. श्यामलाल वाजपेयी की आदमकद मूर्ति लगवाने और उनका स्मारक बनवाने की मांग की। सभा की अध्यक्षता उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन धीरेन्द्र वर्मा ने की। इस मौके पर सईद अहमद, कमल चन्द भल्ला, बार वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, बार उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, अंकित सिंह रैकवार, सुरेन्द्र नाथ मिश्र, राजेश पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, केशवराम, राजेन्द्र प्रसाद गोस्वामी मौजूद रहे।

कैंसर पीडित युवक की इलाज के दौरान मौत

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के बरई कला गांव निवासी कैंसर से पीड़ित युवक राम पाल पुत्र जय बक्श यादव उम्र लगभग 30 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पत्नी के साथ चार बेटियों के सामने जीवन यापन की समस्या समस्या खड़ी हो गयी है मृतक की पत्नी कमला यादव ने रोते बिलखते हुये बताया कि खेती के नाम पर महज 25 येरी भूमि थी। दो दशक पूर्व पट्टे की जमीन मिली। उसी पर चाय की दुकान कर किसी तरह गुजारा हो रहा था। लगभग एक वर्ष पूर्व कैंसर जैसी बीमारी ने ऐसा घेरा कि दवाई कर ठीक होने के बाद पुनः सब कुछ पटरी पर लाने की लालसा ने पूरी रोजमर्रा की जरुरत की अर्थ व्यवस्था तहस नहस कर दी। कैंसर का काल चक्र का ऐसा चाबुक पति पर चला कि मौत हो गयी। मौत के बाद चार बेटियों के पालन पोषण और शिक्षा की समस्या खड़ी हो गयी है।

धूमधाम से मनाया गया यूको बैंक का 83वां स्थापना दिवस

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। देवकाली बाईपास स्थित अंचल कार्यालय यूको बैंक में 83वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य नारायण मिश्र व अंचल प्रमुख मिलन दुबे के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। वहीं इससे पूर्व अंचल प्रमुख मिलन दुबे ने मुख्य अतिथि को बुके व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी स्टाफ के साथ केक काटकर खुशी का इजहार किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यूको बैंक द्वारा ग्राहकों को दी जा रही सेवाएं सराहनीय हैं और बैंक का योगदान देशभर में महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैंक के अंचल प्रमुख मिलन दुबे की भी सराहना की और कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्य, जैसे रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर, निश्चित रूप से जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित होंगे।अंचल प्रमुख मिलन दुबे ने बताया कि हमारे बैंक की स्थापना 1983 में हुई थी, आज हमारे अयोध्या जनपद के पांचो शाखों में स्थापना दिवस मनाकर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चार नई शाखा हमारे बैंक की पहले से खुल चुकी है और आज स्थापना दिवस के अवसर पर प्रयागीपुर सुल्तानपुर में भी नई शाखा का शुभारंभ किया गया है। अभी अयोध्या जोन में 6 नई शाखा खोलने का संकल्प है। कार्यक्रम में मनोज सिंह, अशोक दुबे, आकाश सिन्हा, अवनीश मिश्रा, पल्लवी श्रीवास्तव, आकांक्षा राठौर सहित बैंक के अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में पहुंचे मंत्री ने बाल मेला और प्रदर्शनी को सराहा

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर अंतर्गत श्रीचंद्रभान गुप्त इंटर कॉलेज कुचेरा बाजार का 13वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने बच्चों द्वारा लगाए गए बाल मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाई गई खाद्य एवं घरेलू सामग्रियों का अवलोकन किया और बच्चों के नवाचारों की सराहना किया।प्रदर्शनी में सौरमंडल की मॉडल कलाकृति, प्रक्षेपास्त्र आदित्य एल 1 की उड़ान, डीएनए की संरचना आदि आकर्षण का केंद्र रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि

- धूमधाम से मनाया गया श्रीचंद्रभान गुप्त इंटर कॉलेज का 13वां वार्षिकोत्सव

राष्ट्र निर्माण के लिए अच्छी शिक्षा और संस्कार दोनों जरूरी है।भारत ऋषियों मुनियों की भूमि रही है इसलिए शिक्षकों को भारत की संस्कृति से जोड़कर बच्चों को लेकर चलना होगा क्योंकि बच्चे राष्ट्र की पूंजी और कल का भविष्य हैं।विद्यालय के संस्थापक रामजी गुप्ता एवं प्रधानाचार्य ऋषभ कसौंधन ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक गोपालजी गुप्ता तथा संचालन बंटी श्रीवास्तव ने किया।

इस मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह,जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा,जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा,बबलू पासी,अरुण गुप्ता,बैजनाथ गुप्ता,प्रबंधक गोपाल जी गुप्ता किशन जी गुप्ता,विनय गुप्ता,शिवांगी गुप्ता, पुनीता गुप्ता,शिवम मिश्रा,निर्मल मिश्रा,अश्विनी यादव,जगत नारायण,प्रीति अग्रहरि,सृष्टिमिश्रा पूजा विश्वकर्मा,मंजरी शर्मा,राजेंद्र प्रसाद,समेत बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

सरवंश दानी श्री गुरु गोबिन्द सिह जी महाराज का मनाया गया प्रकाशोत्सव

बाराबंकी। लाजपत नगर स्थित गुरुद्धारा श्री गुरु सिंह सभा में सिक्खों के दसवें गुरु, साहिबें कमाल, सरवंश दानी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। कीर्तन जस-गायन के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया। प्रकाशोत्सव पर विशेष रुप से होशियारपुर से आये भाई नवप्रीत सिंह व साथियो द्वारा शब्द कीर्तन ह्यवाहो-वाहो गोबिन्द सिह जी, आपे गुरु चेलाह्न के साथ कीर्तन की शुरूआत की गई। इसके अतिरिक्त ह्यराजन के राजा, महाराजन के महाराजा, ऐसे राज छोडऊ, दूजा कोन तियाईयेह्न, ह्यजिन प्रेम किओ तिन ही प्रभ पायों, साच कहूं सुन लेहो सबेंह्न, ह्यदे शिवा पर मोहे है,

शुभ करमन से कबहूं न डरोंह्न शब्द कीर्तन कर साध-संगत को गुरु चरणो के साथ जोड़ा। हजूरी रागी जत्था ज्ञानी तीरथ सिंह व साथियो द्वारा ह्यगोबिन्द की ऐसी कार कमायें-2, जो कुछ करे सो सच कर मानों, गुरमुख नाम लवों लिव लायेह्न के साथ कीर्तन कर संगत को गुरु चरणो के साथ जोड़ा। इसके साथ ही स्थानीय बच्चियो द्वारा भी शब्द कीर्तन किया गया। प्रकाशोत्सव पर्व पर जनप्रतिनिधियो ने गुरुद्धारा परिसर में पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाप्ति उपरान्त गुरु का अटूट लंगर वितरित हुआ।

- होशियारपुर से आये भाई नवप्रीत सिंह व साथियो ने कीर्तन जस-गायन कर संगत को गुरु चरणो के साथ जोड़ा

रात्रि विशेष दीवान में भाई नवप्रीत सिंह व साथियो द्वारा रात 7 बजे 9:30 बजें तक गुरु महाराज की जीवन का बखान कर साध-संगत को गुरु चरणो के साथ जोड़ा।

अधिवक्ता संघ चुनाव का सियासी पारा बढ़ा

सोहावल-अयोध्या। प्रतिष्ठित अधिवक्ता संघ की चुनावी तपिश बढ़ने लगी है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया अपने अंतिम दौर में है। मतदान और मतगणना 16 जनवरी को करायी जाएगी। लगभग 49 सदस्यों वाले अधिवक्ता संघ सोहावल के इस चुनाव में कई अधिवक्ता ऐसे हैं।जिनका पंजीयन संघ के जिला इकाई में है। लेकिन कार्य तहसील और जिला दोनों अदालतों में करते है। पांच सदस्यों वाली एल्डर कमेटी के सदस्य और निवर्तमान हो रहे एसोसिएशन के अध्यक्ष लखनधर त्रिपाठी ने बताया कि अब तक अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष पद के लिए 3- 3 मंत्री पद पर एक प्रत्याशी चुनावी दौर में शामिल हो चुके हैं । 7 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच और वापसी के बाद जो प्रत्याशी बचेंगे इनके चुनाव के लिए 16 जनवरी को मतदान कराया जायेगा। इसी दिन मतदान के तुरंत बाद मतगणना भी करायी जायेगी।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बनेगा डिस्ट्रिक्ट रोड सेफ्टी एक्शन प्लानः सत्येंद्र कुमार

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये डिस्ट्रिक्ट रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाकर सड़क एक्सीडेंट रोकने के प्रयास किये जाने, ट्रकों और रोडवेज की बसों की स्पीड को नियंत्रित करने, सभी ट्रक और बस चालक 10 जनवरी 2025 तक हर हाल में स्पीड लिमिट डिवाइस(एसएलडी) अपने वाहनों में लगवाने, बिना लाइसेंस व ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले पाए जाने पर चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने, गत वर्ष की तुलना में रोड एक्सीडेंट में हर हाल में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के प्रयास करने किये जाने को लेकर निर्देशित किया।

- वाहन स्वामी 10 जनवरी तक ट्रकों, रोडवेज बसों में लगवाये स्पीड लिमिट डिवाइस

बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि 10 जनवरी 2025 के बाद यदि कोई ट्रक या बस बिना स्पीड लिमिट डिवाइस के मिलने पर उसका रजिस्ट्रेशन रद्द करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये। साथ ही शहरों में अधिकतम 30 किमी/घण्टे की स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाये जाए और इससे अधिक स्पीड में शहरों में ट्रक या बसों के संचालन को रोका जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी ने जनपद के सभी टॉप ब्लैक स्पॉट के विषय में समीक्षा कर दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रभावी कदम उठाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कूलों, कालेजों में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूक कार्यक्रम आयोजित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी इंटर कॉलेज और डिग्री कालेजों के प्रधानाचार्य व प्रबंधक अपने संस्थान में पढ़ने वाले सभी छात्रों बिना हेलमेट या बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते पाये जाने पर संस्थान के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही समेत सड़क की पटरियों पर अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे सीओ सुमित त्रिपाठी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

100 डेज टीबी कैंपेन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में विगत दिवस 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यह अभियान विगत 7 दिसंबर से 24 मार्च, 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी के उन्मूलन में तेजी लाना है। इस मुहिम में प्रभावशाली व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और समाज के हर वर्ग को भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ ठोस कदम उठाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी ब्लॉक के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लक्षित जनसंख्या जैसे 60 वर्ष से अधिक उम्र, मलिन बस्ती, शुगर के मरीज, धुम्रपान, तम्बाकू का उपयोग करने वाले व्यक्ति या जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो आदि की सटीक लाइन लिस्ट तैयार करें ताकि शासन द्वारा निर्धारित सूचकांक के तहत कोई भी व्यक्ति जांच से वंचित न रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि 60 वर्ष से अधिक

आयु के लोगों की स्क्रीनिंग के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। ऐसे मरीजों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर उनकी जांच सुनिश्चित करने और जिन ब्लॉकों में एक्स-रे की सुविधा है, वहां अधिकतम जांच कराने के निर्देश दिए। तकनीशियनों की ड्यूटी को दो पालियों में बांटकर स्क्रीनिंग कर अधिक से अधिक जांच कराने पर जोर दिया गया।

डीएम मोनिका रानी ने फील्ड स्तर पर स्क्रीनिंग को बढ़ावा देने के लिए आशा, एएनएम, सीएचओ, एसटीएस और एसटीएलएस की भूमिका को अहम बताया गया। फील्ड विजिट्स के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश दिया गया। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे ग्राम प्रधान, कोटेदार और प्रधानाध्यापकों से संपर्क कर ह्यह्यनिश्चय मित्रह्नह्न बनवाएं, जो समुदाय के बीच जागरूकता फैलाकर अभियान में सहयोग कर सकें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक 18126 मरीजों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें डायबिटीज से ग्रसित 751, अल्कोहल सेवन से जुड़े 721, धूम्रपान करने वाले 1367 और 60 वर्ष से अधिक आयु के 2492 लोग शामिल हैं। इस प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला अधिकारी ने इसे और तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने मोतीपुर, चर्दा और पयागपुर ब्लॉक के अधीक्षकों को चेतावनी दी कि वे अपने क्षेत्रों में स्क्रीनिंग की गति बढ़ाएं और कार्य में सुधार करें। साथ ही, मेडिकल कॉलेज में ओपीडी पर आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, हेल्प डेस्क स्थापित करने और एक्स-रे जांच को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 100 डेज टीबी कैंपेन की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी, ताकि अभियान की प्रगति पर नजर रखी जा सके और आवश्यक सुधार किए जा सकें।

जिला अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पंचायती राज और शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों और समर्पण से बहराइच को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, बीडीओ पंचायत, और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला उद्योग केन्द्र परिसर में कार्यशाला आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम को गति प्रदान करने एवं अधिक से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आर्कषित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लागू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र परिसर बहराइच में आयोजित कार्यशाला का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने व विशिष्ट अतिथि विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा के प्रतिनिधि मनीष चैधरी सहित अन्य अधिकारी व व्यापार मण्डल के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ उद्यमी बृजमोहन मातनहेलिया सहित अन्य उद्यमी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में महिला व पुरूष मौजूद रहे।

कायार्शाला में उपस्थित लगभग 500 प्रतिभागियों को लखनऊ की सस्था समाधान समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से योजना तथा योजना अन्तर्गत उद्योग स्थापना की बारीकियों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अन्तर्गत 01 लाख युवाओं को प्रतिवर्ष तथा 10 वर्ष में कुल 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर, प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री वर्मा ने बताया कि योजनान्तर्गत न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 8वीं पास 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे व्यक्ति जिनके पास मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र है, अर्ह होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत रुपए 05 लाख तक की उद्योग सेवा परियोजनाओं पर 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त तथा बिना गारण्टी के ऋण मिलेगा। उन्होनें बताया कि इसकी वेबसाइड डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट एमएसएमई डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन तथा सीएम युवा हेल्पलाइन नम्बर 9129987111 पर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, सदर विधायक के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक नानपारा के प्रतिनिधि मनीष चैधरी, आरसेटी के अरविन्द मिश्रा, उद्यमी बृजमोहन मातनहेलिया, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के धमेन्द्र कुमार, बैक प्रतिनिधि बाबू लाल, खादी ग्रामोद्योग के देवांश मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने युवक युवतियों का आहवान किया कि योजना का भरपूर लाभ उठाकर जिले के औद्योगिक विकास में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के अन्त में उपायुक्त उद्योग ने सभी आंगतुकों का आभार ज्ञापित किया।

संक्षेप

राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के लिए तैयारियां तेज

सुलतानपुर (वीओएल)। आगामी महाकुंभ-2025 प्रयागराज और श्री रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए नगर विकास विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें कुंभ में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करने हेतु विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में, 5 जनवरी को नगर पालिका परिषद द्वारा प्रयागराज से अयोध्या धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत और विश्राम के लिए गनपत सहाय महाविद्यालय, पयागीपुर के निकट तैयार किए जा रहे स्वागत शिविर और पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरों का स्थलीय निरीक्षण नगर विकास विभाग के सहायक निदेशक गिरीश कुमार द्विवेदी ने किया। निरीक्षण के दौरान श्री द्विवेदी ने महाकुंभ-2025 के सफल और सुचारु आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को सुविधाजनक ठहराव, भोजन, पेयजल, और स्वच्छता सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र सरोज ने बताया कि स्वागत शिविरों और रैन बसेरों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इन तैयारियों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को हरसंभव आराम और सुविधा प्रदान करना है।

8 जनवरी को आयोजित होगा विशाल दंगल

लंभुआ, सुलतानपुर । क्षेत्र के गौरव बाबू हनुमान प्रसाद सिंह के जन्मदिन पर दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है है। जिसमें विभिन्न जनपदों के पहलवान शामिल होने के लिए आ रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। लंभुआ क्षेत्र में स्थित केपी सिंह पीजी कॉलेज मथुरा नगर रामगढ़ में विद्यालय प्रबंधक हनुमान प्रसाद सिंह के जन्मदिन के अवसर पर 8 जनवरी दिन बुधवार को विशाल दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें कई जनपदों के पहलवान शामिल होने के लिए आ रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय प्रधानाचार्य अवनीश सिंह उर्फ गुड्डू ने दी।

वन विभाग की टीम ने पकड़ा अजगर

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। स्थानीय थाना क्षेत्र के शाहपुर लपटा गांव में सोमवार को एक और अजगर को वन विभाग की टीम सुरक्षित पकड़ने में सफल रही। ग्राम प्रधान जय प्रकाश यादव के घर के सामने स्थित तालाब के किनारे इस अजगर को देखा गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और कुशलतापूर्वक अजगर को पकड़ लिया। पिछले सप्ताह इसी क्षेत्र में कलावती गर्ल्स डिग्री कॉलेज के पिछले हिस्से से दो दिनों के भीतर तीन विशालकाय अजगर पकड़े गए थे। यह घटना क्षेत्र में वन्यजीवों की सक्रियता का संकेत है। सोमवार को वन विभाग की टीम के दैनिक वॉचर धर्मेंद्र सिंह, उमाशंकर, राजकुमार और चैकीदार किसाने उर्फ लैभागन ने करीब 5-6 फिट और 15 किलो वजन वाले अजगर को सफलतापूर्वक पकड़ लिया। वन दरोगा चंद्र प्रकाश ने बताया कि पकड़े गए अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा, जहां वे अपने प्राकृतिक वातावरण में रह सकें। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि वे किसी वन्यजीव को देखें, तो तुरंत सूचना दें और उसे नुकसान पहुंचाने से बचें।

मनाई गई गुरु गोविन्द सिंह की जयंती

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

लालगंज रायबरेली। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा लालगंज में गुरु गोविन्द सिंह महाराज जी का प्रकाश पर्व उनकी जन्म जयंती पर सोमवार को बड़ी ही श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह महिला संगतो ने सुखमनी साहिब का पाठ किया गया, पाठ उपरांत सरदार सुरिंदर सिंह ने बराया कि गुरदवारे मे लगा हुआ निशान साहिब हमें विस्वास दिलाता हैं कि हम सत्य निष्ठा व ईमानदारी के पथ पर गुरु गोविन्द सिंह जी के द्वारा स्थापित किये निशान साहिब के सहारे चलना चाहिए।सतपाल सिंह पालू ने गुरु गोविन्द सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोविन्द सिंह जी के बारे मे बताना सूर्य को दीपक दिखाने के सामान हैं। उनमे एक योद्धा, संत, कवि व सर्वन्स दानी का अनूठा समन्वय देखने को मिलता हैं जो युगो युगो तक मिलना असंभव हैं।सरदार सेवा सिंह ने श्वाह वाह गुरु गोविन्द सिंह आपे गुरु चेला श कीर्तन कर संगत को निहाल किया। बहन डिम्पल ने भी कीर्तन व अनन्द साहिब का पाठ किया। इस अवसर पर छोटे बच्चो लकी, मनन प्रीत, व अभी ने गुरु गोविन्द सिंह जी के जीवन पर कविताएं सुनाई। अरदास उपरांत गुरुदारे मे आयोजित लंगर में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।लंगर की सेवा मे बलबीर सिंह, अमरजीत सिंह, जगजीत सिंह, बलजीत सिंह, संजय चड्ढा, अमन दीप सिंह, गुरप्रीत कौर, नीतू चड्ढा, जस्मीत कौर, मनी, अमर जीत कौर, ओंकार कौर सतनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में गुरु पर्व पर सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ गुरु गोविन्द सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शिक्षक अभिषेक भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि गोविन्द सिंह जी एक महान योद्धा, चिंतक, कवि, भक्त एवं अध्यात्मिक नेता थे, बैसाखी के दिन उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की। गुरु गोविन्द सिंह जी ने पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया और गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया। उन्होंने अन्याय, अत्याचार और पापों को खत्म करने एवं धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ चैदह युद्ध लड़े और अपने समस्त परिवार का बलिदान किया, जिसके लिए उन्हें सरबंसदानी भी कहा जाता है। उनके जीवन का प्रथम दर्शन धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती है ।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि गुरु गोविन्द सिंह जी ने सिख धर्म को मजबूत किया और अपने अनुयायियों को सच्चाई, न्याय एवं धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया, उनका जीवन मानवता व वीरता की मिसाल है, उन्होंने अपने संदेश से न सिर्फ सिख धर्म अपितु पूरे समाज को नई राह दिखाई। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, साहीन खान, रामदेव, राकेश अवस्थी, अभिषेक श्रीवास्तव, रश्मी साहू, पिंकी जायसवाल, मंजरी श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा मुक्ति और भक्ति प्रदान करने में सक्षम : श्याम सारथी

चांदा, सुलतानपुर। संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उक्त बातें अयोध्या से पधारे भागवताचार्य श्याम सारथी जी महाराज ने प्रतापपुर कमैचा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के पांचवें दिन उपस्थित भक्तों के समक्ष व्यक्त किये। महाराज श्री ने भगवान की बाल लीलाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। कथा को आगे बढ़ाते हुये भागवताचार्य ने कहा कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। जीव का कल्याण इसी में संभव है। श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। कथा के बीच बीच सुमधुर संगीत स्वर लहरियों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। संचालन विद्याधर तिवारी ने किया।

एनएचएआई अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

रायबरेली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव के साथ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने रायबरेली-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है, छोटे-छोटे कार्य बचे है, जिनको शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके लिए एनएचएआई के अधिकारियों को शेष बचे निमार्णाधीन कार्यों को शीघ्र मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। अध्यक्ष एनएचएआई ने इस अवसर पर सभी निर्माण कार्यों को महाकुंभ के आयोजन से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये और कहा कि कार्यों में मानक और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सड़कों में आवश्यकतानुसार साइनेज बोर्ड लगाये जायें।इस अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, परियोजना निदेशक एनएचएआई नवरतन दीप सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

रायबरेली। जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के अध्यक्षा प्रतिमा व सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिग कराये। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो बालिकाएँ पढ़ने की इच्छुक है उनका दाखिला सम्बन्धित संस्था में कराया जाए व आवासित बालिकाओं के माता-पिता से सम्पर्क कर बालिकाओं को उनके घर भेजने का प्रयास किया जाए। दौरान निरीक्षण असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल श्री योगेश चन्द्र, पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह व मनोज कुमार प्रजापति भी उपस्थित रहे।

पांच दिन बाद भी लूट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस के हाथ खाली

नसीराबाद रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के थौरी गांव निवासी सफाईकर्मी के अपहरण, लूट और जानलेवा हमले में नामजद छह आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। लेकिन अभी तक पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं पुलिस का दावा है कि टीम अपराधियों के करीब तक पहुंच चुकी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

बीते गुरुवार को नसीराबाद थाना क्षेत्र के थौरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर सफाईकर्मी जयकरन (45) को गांव के ही वरूण पुत्र हीरालाल अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पास से जबरन कार से अपहृत करके रॉड, हॉकी से जमकर पीटा साथ ही नकदी और मोबाइल भी लूट लिया। आरोपियों ने सफाईकर्मी को कार से अपहृत कर गांव से 14 किमी दूर छतोह क्षेत्र के पूरे भावा के पास मरणासन्न हालत में छोड़ कर भाग गए थे।जहां राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी नसीराबाद भेजा गया। जहां युवक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पत्नी निर्मला देवी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही वरूण पुत्र हीरालाल समेत छह अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर नामजद आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

वहीं घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के हाथ खाली है। इस बावत नसीराबाद थानेदार कमलेश कुमार का कहना है कि आरोपियों के धरपकड़ के लिए टीम लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

बालिका सशक्तीकरण अभियान का भव्य उद्घाटन

रायबरेली। बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला 2024-25 का उद्घाटन सोमवार को डीएवी ऑडिटोरियम, ऊंचाहार में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने सप्ताहभर चलने वाली गतिविधियों की शानदार शुरूआत की, जिसका उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मनदीप सिंह छाबड़ा, प्रमुख परियोजना एनटीपीसी ऊंचाहार ने बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य और उनके सशक्तिकरण की दिशा में बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला की भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि तरुणा छाबड़ा अध्यक्षा प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। समारोह में प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें आरपी अग्रवाल महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), रूमा दे शर्मा प्रमुख मानव संसाधन, डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य, एनटीपीसी यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारी और तन्वी कंसल्टेंसी के निदेशक, जो इस कार्यक्रम के शिक्षक भी हैं, शामिल थे। उद्घाटन अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री छाबड़ा ने कहा कि ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य इन बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है, ताकि वे अपने जीवन में किसी भी चुनौती का सामना कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि एनटीपीसी का यह कार्यक्रम न केवल बालिकाओं के व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज के विकास में भी योगदान देगा। हम इस तरह की पहलों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और उनकी प्रगति के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बालिका सशक्तिकरण अभियान शीतकालीन कार्यशाला एनटीपीसी ऊंचाहार की गर्ल एम्पावरमेंट मिशन का एक विस्तार है। इसे 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग की 5वीं कक्षा में पढ़ने वाली 120 ग्रामीण बालिकाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह वर्कशॉप शिक्षा, मानसिक विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने वाले कई सत्रों से भरपूर होगी।

शाहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बने सुधांशु शर्मा व उपाध्यक्ष विनोद कुमार

शाहगढ़, अमेठी। सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (एम. डब्ल्यू. ओ) अमेठी के जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने शाहगढ़ ब्लॉक का गठन करते हुए ब्लॉक के पूरे मंगल पांडे पनियार निवासी सुधांशु शर्मा को अध्यक्ष व पिछौरा निवासी विनोद कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया। बताते चले कि आगामी 28 जनवरी को गौरीगंज के रणंजय मैदान में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की101वीं जयंती को भव्यता से मनाने हेतु जिले के सभी ब्लॉकों में प्रचार प्रसार करते हुए संगठन के मजबूती हेतु यह निर्णय लिया।

सेफ्टी किट के बिना ही पुरानी और जर्जर अस्पताल बिल्डिंग तोड़ रहे मजदूर

कंपनी के ठेकेदार ने मजदूरों को नहीं उपलब्ध कराई सुरक्षा किट

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पुरानी एवं जर्जर बिल्डिंग तोड़ते समय मजदूरों को कंपनी के ठेकेदार द्वारा सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। किसान नेता ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर मजदूरों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा किट उपलब्ध कराए जाने की मांग की।

लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पुरानी एवं जर्जर बिल्डिंग को तोड़ने का कार्य चल रहा है। जिसमें काफी संख्या में मजदूर बिल्डिंग को तोड़ रहे हैं। लेकिन जिस कंपनी ने तोड़ने का टेंडर लिया हुआ है वह कंपनी अपने मजदूरों को सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराई है। जर्जर बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण का कार्य चल रहा है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार उर्फ सूरज सिंह ने उच्च अधिकारियों से तत्काल गरीब एवं दिहाड़ी मजदूरों को सुरक्षा उपकरण दिलाए जाने की मांग की और उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो बेचारे गरीब मजदूर किसी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। कंपनी को अपने मजदूरों को सुरक्षा उपकरण अवश्य मुहैया कराना चाहिए, यह नियम है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आंख मूंदे पड़ा हुआ है। चिकित्सा अधीक्षक लंभुआ डॉक्टर अनिल सिंह ने कहा कि मैं ठेकेदार से बात करके मजदूरों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाऊंगा।

प्रधानों ने जलवाये अलाव

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। ठंड के बढ़ते प्रकोप से लोगों को राहत दिलाने के लिए ग्राम प्रधान मोतिगरपुर शंभू प्रसाद, प्रधान पारसपट्टी लवकुश सैनी और वन विभाग की टीम ने सराहनीय कदम उठाया है। लखनऊ-बलिया हाईवे पर स्थित पारसपट्टी बाजार, मोतिगरपुर चैक, मोतिगरपुर-दोस्तपुर रोड और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर के परिसर में अलाव की व्यवस्था की गई। वन विभाग की तरफ से धर्मेंद्र सिंह ने अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे ठंड में ठिठुर रहे स्थानीय लोगों को राहत मिली। उन्होंने कहा कि ठंड के दौरान गरीब और जरूरतमंदों को गर्मी का सहारा देना हमारी प्राथमिकता है। इस प्रयास में ग्राम पंचायतों और वन विभाग के आपसी सहयोग से क्षेत्र के कई स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए ग्राम प्रधान और वन विभाग का आभार व्यक्त किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों और तीमारदारों ने भी इस व्यवस्था से काफी राहत महसूस की।

सपा नगर अध्यक्ष के घर पहुंचे सांसद

गौरीगंज, अमेठी। जिला मुख्यालय स्थिति गौरीगंज नगर पालिका के समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष के घर देर शाम सांसद अमेठी आवास पहुंचे। वहां नगर अध्यक्ष शंकर यादव की माता के निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया। और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब हो कि नगर अध्यक्ष की माता फूल पति 29 दिसंबर की देर रात्रि लंबी बीमारी के बाद निधन हुआ था। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। घर पर शोक संवेदना प्रकट का वालों का तांता लगा रहा। जानकारी होने के बाद अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा परिजन से मिल उन्हें आश्वासन दिया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, विधानसभा प्रभारी गौरीगंज सुनील सिंह, विधानसभा जगदीशपुर मोतिन खान, विधान सभा प्रभारी तिलोई धर्मराज बहेलिया, विधानसभा प्रभारी सलोन सर्वेश सिंह, नगर अध्यक्ष गौरीगंज जगन्नाथ यादव, पूर्व सभासद रामचंद्र यादव, सपा सचिव लोहिया वाहिनी अरविंद यादव, रविंद्र यादव, मुन्ना, विजय यादव पूर्व प्रधान, बाबा आदि सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने अजय यादव

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। बाबा जनवारी नाथ धाम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अजय यादव को अध्यक्ष देवेंद्र माली को महामंत्री अंकित माली, चकरी माली, राजू माली, संजय मोदनवाल को उपाध्यक्ष विरेंद्र माली को सचिव रत्नेश दुबे रिंकू को मीडिया प्रभारी तथा महेश मोदनवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। संरक्षक के रूप में कन्हैयालाल माली राम श्रृंगार गोस्वामी व कौशल दास को चुना गया। जनवरी नाथ धाम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का गठन जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि की अध्यक्षता में किया गया तथा कार्यक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी की उपस्थिति में सभी पदाधिकारी का चयन किया गया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि बाबा जनवारी नाथ धाम में व्यापार मंडल का गठन कई उद्देश्यों से किया गया है। पहले की व्यापारी धाम की मयार्दा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता से अपने-अपने प्रतिष्ठान को लगाएंगे साथ ही साथ ग्राहकों का पूरा सम्मान करेंगे और व्यापारी एक होकर अपनी समस्याओं का निदान करेंगे यदि उसके बाद भी व्यापारियों की कोई समस्या होती है तो जिले स्तर से लेकर तहसील स्तर तक उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार व्यापारियों तथा अन्य वर्गों के लिए सुंदर कार्य कर रही है बेहतर कानून व्यवस्था है जिसकी हम प्रशंसा करते हैं। इस मौके पर अमित माली, आनंद मोतीलाल माली, विजय यादव, पवन आदि मौजूद रहे।

शीत लहरी से प्रभावित लोगों को राहुल गांधी ने किया याद : के.एल. शर्मा

रायबरेली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने ठंड से पीड़ित पात्र व्यक्तियों के मध्य कांग्रेस पार्टी रायबरेली की ओर से कम्बल वितरित किए। उत्तर प्रदेश में चल रही शीत लहरी के कारण तापमान काफी गिर गया है, जिसके कारण लोग अपने-अपने घरों में ठिठुक कर रह गये हैं। वैसे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर की ओर से शहर के विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरा की वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है, जगह-जगह पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है, परन्तु यह व्यवस्था नाकाफी देख सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर रिक्शा चालकों को जिला मुख्यालय तिलक भवन में कम्बल वितरित किये गये। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के. शुक्ला, निर्मल शुक्ला, विजय शंकर अग्निहोत्री, राजकुमार दीक्षित, कल्याण श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे। लालगंज रायबरेली। कांग्रेस कमेटी के लालगंज ब्लाक अध्यक्ष कामता प्रसाद और वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्ण कुमार बबलू तिवारी ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जिले के सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजे गए कंबलों का वितरण गरीबों के बीच किया गया है।

श्रद्धा और सद्भाव के साथ मना प्रकाश पर्व

अमेठी। खालसा पंथ के संस्थापक और दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का ?प्रकाश पर्व श्रद्धा और सद्भाव के साथ मनाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहब के भोग पड़ने के बाद अरदास हुई।अरदास के बाद लंगर का आयोजन किया गया। बाबा मनोहर सिंह के मार्गदर्शन में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति के सेवादारों ने रेलवे स्टेशन पर पटना साहिब जाने वाले यात्रियों को लंगर वितरित किए गये। गुरु पर्व के अवसर पर चाणक्यपुरी मुहल्ले में लंगर स्थल पर श्रद्धालु और सेवादार सुबह से ही तैयारी में लग गए। बाबा मनोहर सिंह ने लंगर के रोटियां और रसभरी जलेबियां खुद तैयार की।सहज पाठ के बाद उन्होंने गुरु साहब की अरदास की । अरदास के बाद लंगर का वितरण शुरू हुआ। रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल ट्रेन पहुंचने पर बड़ी संख्या में सिक्ख संगत नीचे उतर आई । श्री पटना साहिब जाने वाली संगत के साथ यात्रियों ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ लंगर प्राप्त किया। अमेठी। मुगल शासक औरंगजेब ने 1675ई में गुरु तेग बहादुर को इस्लाम कुबूल करने के लिए कहा, गुरु तेग बहादुर ने कहा -सीस कटा सकते हैं,केश नहीं। गुरु तेग बहादुर के बलिदान के समय गुरु गोबिंद सिंह बचपन का नाम गोविंद राय की उम्र नौ वर्ष थी। 11नवम्बर 1675को वे सिक्खों के दसवें गुरु बने। मुगलिया सल्तनत के विरुद्ध उन्होंने जीवन भर संघर्ष किया -खालसा पंथ की स्थापना की-कहा सवा लाख से एक लड़ाऊं, गुरू गोविन्द सिंह नाम कहाऊंधर्म विरोधी आतंकी मुगल शासक के विरोध में उन्होंने कई युद्ध लड़े। धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपने चार साहिबजादों को भी शहीद कर दिया। जन्म दिन के अवसर पर आठ साल से मनाया जा रहा है प्रकाश पर्व

अमेठी। दसवें पातशाह का जन्म 6जनवरी 1666को बिहार की राजधानी पटना में हुआ था। गुरु साहब का प्रकाश अमेठी में विगत आठ साल से हो रहा है। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से बाबा मनोहर सिंह के मार्गदर्शन में 52दिवसीय लंगर का आयोजन निरंतर चल रहा है। बाबा श्री चन्द्र साहब, गुरु तेग बहादुर और गुरु नानक देव के जन्म दिवस और बलिदान दिवस ?पर विशेष कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किए जाते हैं। सोमवार को गुरु पर्व के विशेष कार्यक्रम और लंगर वितरण में अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरवंश सिंह, मुख्य सेवादार संजीव भारती, अम्बरीष मिश्रा, सचिव सदाशिव पांडेय , श्री नाथ शुक्ल, हरिशंकर मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, सुनील त्रिपाठी , गुरु विंदर सिंह, रोहित,सरवन कुमार, साधना त्रिपाठी , बबलू तिवारी, प्रमोद कुमार,हर्ष अग्रहरि, आदित्य, अरुण कुमार, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों को दी विकास कार्यों की सौगात

मथुरा। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी का विभिन्न जगहों पर जन्मदिवस बडे ही धूमधाम से मनाया गया।जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने क्षेत्र के लोगों को करीब 60 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी एवं केएम विवि पर सैकड़ों मजदूरों को कम्बल वितरित किए और ग्रामीणों ने उनके जन्मदिवस की शुभकामना एवं बधाईयों के साथ उनको चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर उनके साथ गुड्डू चैधरी, चन्द्र सिंह प्रधान, पप्पू प्रधान, पूर्व नगर पंचायत सौंख चेयरमैन भरत सिंह सहित ग्राम प्रधान अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने अपने जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जिला पंचायत निधि से ग्राम पंचायत ऊँचागॉव के नगला मेरठिया मे सीसी सड़क, ग्राम लालपुर में सीसी सड़क एवं ग्राम पंचायत फोंडर के नगला खारी में सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया जिनकी अनुमानित लागत 60 लाख रुपए है।सभी कार्यक्रमों में गांव के ग्राम प्रधानों ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत सम्मान किया तथा नगला खारी में 101 मीटर का स्वाफा बांधकर स्वागत किया गया।

किसानों के चार प्रतिनिधियों ने सीएम योगी से मुलाकात की

जिला संवाददाता(vol)

आगरा। अपनी जमीन वापस लौटाने की मांग को लेकर इनर रिंग रोड की एक साइड को घेरकर धरने पर बैठे रहनकलां समेत दर्जन भर गांवों के किसानों की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सकारात्मक रुख दिखाया है। आज दोपहर में आगरा से पहुंचे किसान प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि सरकार किसानों की जमीन वापस लौटाएगी। 99 प्रतिशत मान लीजिए कि सरकार आपकी जमीन लौटा देगी। एक प्रतिशत में अगर जमीन वापस लौटाने में कोई पेंच फंसता है तो सरकार किसानों को इतना अच्छा मुआवजा देगी कि किसान खुशी-खुशी अपनी जमीन सरकार को देंगे।क्षेत्रीय भाजपा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह के प्रयासों से आंदोलनरत किसानों के चार प्रतिनिधियों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में दोपहर साढ़े 12 बजे मुलाकात हुई।विधायक डॉ. सिंह किसान प्रतिनिधियों को लेकर सीएम आवास पर पहुंचे थे।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने किसान प्रतिनिधियों की बात ध्यान से सुनी। सारी बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आपकी (किसानों) की मांग पर अधीग्रहीत जमीन वापस लौटाने को तैयार हैं। शासन स्तर पर इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उन्होंने किसानों से कहा कि 99 प्रतिशत मानकर चलिए कि आपकी जमीन वापस लौटा दी जाएगी, बशर्ते कोई कानूनी या तकनीकी पेंच न फंसे। इसकी गुंजाइश एक प्रतिशत ही है। ऐसा होने पर सरकार समुचित मुआवजा देगी। आपके लिए ही तो यहां बैठे हैं, नहीं तो हम मठ में तो थे हीमुख्यमंत्री बहुत अच्छे मूड में थे। किसानों से उन्होंने बहुत देर तक बात की। उन्होंने यह कहकर किसान प्रतिनिधियों का दिल खुश कर दिया कि हम आपके लिए ही तो यहां बैठे हैं, नहीं तो हम मठ में तो बैठे ही थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के साथ किसानों की खुशहाली ही हमारा लक्ष्य है। आप लोग निश्चिंत होकर जाइए। आपकी समस्या का समाधान होगा।

नत्थू काका के लिए आगे लगवाई कुर्सी

मुलाकात के दौरान विधायक ड?. धर्मपाल सिंह ने किसान प्रतिनिधियों कपूर चंद सिकरवार, प्रदीप शर्मा, नत्थू काका और उपेंद्र सिंह सिकरवार का मुख्यमंत्री से परिचय कराया। नत्थू काका से परिचय के समय सीएम बोले- इनके लिए आगे कुर्सी रखवाइए। नत्थू काका मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए सम्मान से गदगद थे।

सीएम के वायदे पर भरोसा

किसान नेता कपूर चंद्र सिकरवार, प्रदीप शर्मा, नत्थू काका और उपेंद्र सिंह सिकरवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के बाद न केवल संतुष्ट हैं बल्कि उनके वायदे पर पूरा भरोसा लेकर आगरा लौट रहे हैं। चारों किसान नेताओं ने कहा कि 15 साल में पहली बार किसी ने हमारी बात तसल्ली से सुनी है। मुख्यमंत्री ने मुलाकात में जितना समय दिया, उससे भी ये किसान नेता गदगद हैं।

आज समाप्त हो सकता है धरना

विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह और चारों किसान नेता मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद सीधे आगरा के लिए चल चुके हैं। लखनऊ से लौटकर ये सीधे धरनास्थल पर पहुंचेंगे।

वहां धरनारत किसानों को मुख्यमंत्री से हुई वार्ता के बारे में बताएंगे। माना जा रहा है कि किसान प्रतिनिधियों के लौटने के बाद पिछले एक सप्ताह से चला आ रहा धरना आज समाप्त हो जाएगा। वैसे भी किसानों की धरना समाप्त करने की पहली शर्त यही थी कि उनकी मुख्यमंत्री से बात कराई जाए, जो आज पूरी हो चकी है।

दिल्ली की टीम ने जीता हरिशंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

टूंडला। नगर के रेलवे ग्राउंड में आयोजित स्वर्गीय श्री हरी शंकर दीक्षित स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को फाइनल मैच दिल्ली और सोनेट क्लब आगरा के मध्य खेला गया जिसमें टॉस दिल्ली के कप्तान शोएब ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहले खेलते हुए 20 ओवरों में सभी विकेट खोकर 151 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक शोएब ने 68 तुषार चौधरी 28 और विनय प्रताप ने 15 रन बनाए सोनेट क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए गणेश ने 3 मानिक वेरी ने 2 व उदय व तरुण ने 1-1 विकेट लिए जवाब में खेलने उतरी सोनेट क्लब 18 ओवरों में 110 रन रन बनाकर आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक विक्रांत ने 21 पुष्पेंद्र 21 और उदय ने 29 रन बनाए दिल्ली की तरफ से गेंदबाजी करते हुए निखिल ने 3 मुकुल यादव 2 और गोपाल व हमजा ने 2 विकेट विनय प्रताप ने 1 विकेट लिए इस तरह इस फाइनल मैच को दिल्ली ने 41 रन से जीत लिया,मैन आफ द टूनार्मेंट शोएब कुरेशी को चुना गया मैच के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह,वीआर यादव और नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी रहे। सभी खिलाड़ियों को शरद पोनिया ने पुरस्कृत किया। मैच के दौरान आयोजक डी के दीक्षित अजय राज दीक्षित गुड्डू दीक्षित संजय मेवाती सूरज मेवाती हेमंत पंचौरी वरुण सोलंकी गौरव राकेश ठेकेदार जावेद अली दीपा सैनी करुआ उपस्थित रहे। मैच की एंपेरिंग नेहरू शंखवार और आकिल जावेद और ने कमेंट्री अरविंद स्कोरिंग प्रेम सागर लल्ला ने कीइस तरह इस टूनार्मेंट का सफल समापन हुआ।

प्रधानाचार्या ने इमानदारी के लिए गरीब बालिका को किया पुरुस्कृत, निःशुल्क पढ़ाई का लिया जिम्मा

मथुरा। 3 जनवरी को चाय बिक्रेता ऋषि शर्मा जो ब्रज नगर जंक्शन रोड पर चाय की दुकान लगाते है, उनकी सुपुत्री कुमारी राधिका को रात्रि 8 बजे लगभग डी डी प्लाजा के पास सड़क पर एक पर्स पड़ा मिला जिसे वो अपने पिता के साथ पी के स्टुडियो लेकर पहुंची, वहाँ के निदेशक पी के गुप्ता द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। तुरंत चैकी बाग बहादुर से एस आई मांगेराम आए जिनको उसमें रखे 4800 रुपये डेबिट कार्ड, आधार कार्ड आदि अनेक जरूरी सामान थे उनको सौप दिया, राधिका की ईमानदारी को देखते हुए पी के स्टुडियो और चैकी प्रभारी मांगे राम द्वारा उसको पुरुष्कृत किया। पुलिस ने अगले दिन उसकी स्वामी श्रीमती विनय कुमार जो स्व० पद्मश्री हरगोविंद जी रासाचार्य के परिवार से है वर्तमान में कान्हा माखन पब्लिक स्कूल की वृंदावन शाखा की प्रधानाचार्य है को सौप दिया। आज श्रीमती विनय शर्मा अपने पति रजनीश शर्मा के साथ राधिका को पुरोत्साहित करने पी के स्टूडियो आयी उसकी ईमानदारी के लिए उसे पुरुष्कृत किया साथ ही बालिका राधिका की गरीबी को देखते हुए अगले वर्ष से अपने स्कूल में निशुल्क पढ़ाई के लिए उत्साहित करके गई ।उन्होंने पी के स्टूडियो टीम प्रमोद कुमार गुप्ता, मनीष शर्मा, गोपाल वार्ष्णेय और चैकी बाग बहादुर के एसआई मांगे राम की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

भाजपा महानगर का अध्यक्ष की चुनाव नामांकन प्रक्रिया 9 को, 15 तक हो सकता है नाम का ऐलान

मथुरा। लखनऊ में रविवार को भाजपा उत्तर प्रदेश में जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्षों की चुनावी प्रक्रिया को लेकर कार्यशाला हुई जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल शामिल हुए। कार्यशाला में तय किया कि नौ और दस जनवरी को जिलाध्यक्षों के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया होगी।भाजपा महानगर मथुरा चुनाव अधिकारी विमल शर्मा के निदेर्शानुसार महानगर अध्यक्ष पद व प्रांतीय प्रतिनिधि चुनाव प्रकिया से पूर्व एक दिन पूर्व 8 जनवरी को सांसद विधायक पंचायत अध्यक्ष महापौर क्षेत्रीय पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता गणों से विचार विमर्श किया जाएगा।9 जनवरी को भाजपा जिला कार्यालय पुष्पांजलि पर 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक महानगर अध्यक्ष व प्रांतीय प्रतिनिधि के नामांकन की प्रक्रिया रहेगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान चुनाव अधिकारी विमल शर्मा के साथ सह चुनाव अधिकारी संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुवेर्दी उपस्थित रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि नामांकन के पश्चात संभवत 15 जनवरी तक नए महानगर अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। बताते है इस बार इस चुनाव में सीनियर सिटीजन के नाम पर विचार विमर्श नहीं किया जायेगा ।

मंदिरों में मनाया जा रहा शरद ऋतु का विशेष उत्सव

वृन्दावन । शीत ऋतु के प्रारंभ होते ही ब्रज के सभी मंदिरों में ठाकुर जी को सर्दी से बचने के लिए ऊन से निर्मित वस्त्र धारण कराये जाते हैं। इसी के साथ ही खिचड़ी महोत्सव का आयोजन भी किया जाता है। वृंदावन के गोपीनाथ बाजार स्थित ठाकुर ठाकुर अग्र बिहारी महाराज का खिचड़ी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर सेवायत पंडित दाऊ दयाल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाकुर जी का खिचड़ी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। वही नगर के सप्त देवालयों में प्रमुख ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में शीतकालीन सेवा महोत्सव के अंतर्गत ठाकुर जी को तरह-तरह की गरम व्यंजनो का भोग लगाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को ठाकुर जी को दाल, बाटी और चूरमा के लड्डुओं का भोग लगाया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए ठाकुर राधा दामोदर लाल के अंग सेवी निताई गोस्वामी ने बताया कि ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में आज मंदिर के सेवायत आचार्य तरुण गोस्वामी महाराज के सानिध्य में ठाकुर राधा दामोदर लाल को विशेष ऊनी वस्त्र धारण कराए गए हैं और साथ ही ठाकुर जी के प्रिय दाल, बाटी और चूरमा के लड्डुओं का विशेष भोग लगाया गया है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एमएम कॉलेज की ओर से विशेष शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ

नगीना, बिजनौर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एमएम इंटर कॉलेज नगीना द्वारा विशेष शिविर कार्यक्रम के लिए एनएसएस के छात्र एवं छात्राओं को प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनएसएस के सेवक एवं सेविकाएं के कस्बा कोटरा पहुंचने पर शिविर का उदघाटन नगीना एसडीएम मांगेराम चैहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम मांगेराम चैहान द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने स्वच्छता एवं एनएसएस से संबंधित नियमों को विस्तार से बताया कि कैसे जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लायी जा सकती है।

85 साल की एक मां ने क्यों दी भूख हड़ताल की चेतावनी

आगरा। 85 साल की एक बुजुर्ग मां को अपने बेटे के जीवन के लिए अनशन पर बैठने की चेतावनी देनी पड़ी है। सहकारिता विभाग के खिलाफ अन्न के बाद जल का भी त्याग कर चुके किसान नेता श्याम सिंह चाहर की 85 वर्षीय माँ ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि अगर उ?के बेटे की मांग पर प्रशासन ने कार्यवाही न की तो वे स्वयं भी अनशन पर बैठ जाएंगी।किसान नेता श्याम सिंह चाहर अपने दूसरे साथियों के साथ पिछले लगभग दो सप्ताह से सीडीओ ?फिस पर आंदोलन कर रहे हैं। वे सहकारिता विभाग में हुए भष्टाचार के दोषी एआर व अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलित हैं। धरने से शुरू हुआ आंदोलन पहले भूख हड़ताल में बदला और पिछले दस दिन से श्याम सिंह चाहर ने पानी भी त्याग दिया है।

शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस से महिला यात्री का पर्स चोरी

ललितपुर। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल निवासी साधना शर्मा ने ललितपुर जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 11 दिसम्बर 2024 को वह ट्रेन संख्या 12156 शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस के कोच संख्या- बी5 के बर्थ संख्या 14 व 16 पर अपने पति के साथ हजरत निजामुद्दीन से रानी कमलापति तक यात्रा कर रही थीं। बताया कि यात्रा के दौरान उसने अपना लेडीज पर्स अपने सिरहाने रखा हुआ था। बताया कि वह व उसके पति मथुरा रेलवे स्टेशन के पास सो गये। बताया कि जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका लेडीज पर्स गायब था। बताया कि उस समय ट्रेन रेलवे स्टेशन ललितपुर आने वाली थी।पीड़ित ने बताया कि उसने अपना पर्स काफी खोजबीन किया, लेकिन पर्स नहीं मिला। बताया कि पर्स में दो मोबाइल फोन्स व तीन हजार रुपये की नकदी, गाड़ी की आर.सी., आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, चांदी की बिछिया एक जोड़ी, घर की चाबियां, दो चश्मा कुल कीमती सामान 94 हजार रुपये रखा हुआ था, जो कि कोई अज्ञात चोर नींद का फायदा उठाकर चोरी कर ले गया है।

मुठभेड़ में 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा चोरी की घटना करने वाले दो शातिर अभियुक्तगणों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठपुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में चोरी लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना शिकोहाबाद में ईको गाड़ी चोरी के

● बदमाशो के पैर में लगी गोली चोरी की ईको गाड़ी बरामद

संबंध में पंजीकृत मुकदमें में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी द्वारा 3 टीमों का गठन किया गया था। थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के सभी पॉइन्टो पर गहनता से चैकिंग की गयी। इसी क्रम में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम शिकोहाबाद से मैनपुरी रोड पर कंथरी के पास चैकिंग कर रही थी तभी शिकोहाबाद से मैनपुरी की तरफ एक ईको गाडी आती दिखायी दी,शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा गाडी को रोका गया तो गाडी में सवार दोनों युवकों द्वारा पुलिस के ऊपर जान से

मारने की नीयत से फायर किया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में दोनों व्यक्तियों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये, जिनकी पहचान अभियुक्त शकील पुत्र जमील निवासी नूरी मस्जिद कश्मीरी गेट थाना रामगढ फिरोजाबाद व फहीम पुत्र लियाकत अली निवासी बरी का नगला मौहम्मदी मस्जिद के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद के रुप में हुई,अभियुक्तगणों की तलाशी में कब्जे से 2 तमंचा 3 जिंदा कारतूस 5 खोखा कारतूस तथा मुकदमा सम्बंधित ईको गाडी बरामद हुई। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

में प्रभारी सर्विलांस उ0नि0 अमित तोमर प्रभारी एसओजी दीपक तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना शिकोहाबाद प्रदीप कुमार व पुलिस टीम शामिल रही।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा थाना सिरसागंज पर दहेज के लिए आत्महत्या को उकसाने के पंजीकृत मुकदमें मे वाँछित अभियुक्त लालू पुत्र ओमकार उर्फ पप्पू निवासी फतेहपुर नसीरपुर थाना नगला खंगर फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त लालू द्वारा अन्य सह अभियुक्तों के साथ मिलकर वादी की पुत्री को अतिरिक्त दहेज को लेकर मानसिक उत्पीडन किया था,जिस कारण वादी की पुत्री द्वारा फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की है।

बादल छाने और ठंडी हवा ने बढ़ाई कंपकंपी

आगरा। उत्तर प्रदेश में अब हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ने लगी है। आगरा और इसके आसपास के इलाके भी भीषण ठंड से कंपकंपा रहे हैं। वैसे आज सुबह कोहरा कम रहा, जिससे थोड़ी राहत रही। लेकिन आसमान में बादल छाये रहे और ठंडी हवा चलती रही। समझा जाता है कि आज अराह्न तीन बजे सूर्य की किरणें कु राहत दे सकती हैंगलन भरी पछुआ हवा ठंड को और मारक बना रही है। मौसम विभाग की ओर से आगरा समेत 30 जिलों में ठंड के बढ़ने और शीत दिवस का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के 35 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी है।अरब सागर से आ रही नमी की वजह से राजधानी समेत यूपी के कई जिलों में बादलों की आवाजाही बनी रही। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और अरब सागर से आ रही नमी की वजह से प्रदेश के मौसम में फिर से बदलाव आने वाला है। पश्चिमी यूपी में सोमवार को बूंदाबांदी के संकेत हैं। वहीं प्रदेश के तराई और दक्षिणी इलाके समेत बुंदेलखंड में घना कोहरा छाने की संभावना है। 7 दिसंबर से फिर से ठंड और कोहरे में बढ़ोतरी के संकेत हैं। रविवार को 5.5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ इटावा सबसे ठंडा रहा। वहीं चुर्क में सर्वाधिक 21 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं व आसपास के इलाकों में।चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर श्रावस्ती, बहराइच लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में।

दुर्घटना बचाओ अभियान का शुभारंभ

मथुरा। बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से बीएसए पुलिया पर संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के नेतृत्व में ई-रिक्शा ,ऑटो रिक्शा पर निशुल्क रिफ्लेक्टर लगायें साथ ही रिफ्लेक्टर लगाओ दुर्घटना बचाओ अभियान चलाया गया । अभियान का शुभारंभ यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार ने किया । इस अभियान के अंतर्गत इस ठंड में धुंध के कारण के सड़क पर चलते समय जो वाहन दिखाई नहीं देते हैं पीछे चलने वाले वाहन को दिखाई ना देने पर दुर्घटना का सबब बनते हैं ऐसे वाहनों पर पीछे से रिफ्लेक्टर लगाते हुए संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हुए नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी । यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार ने कहा इस मौसम

में वाहन चालक आगे चल रहे वाहन से अपने वाहन की दूरी 50 मीटर पीछे रखें साथ ही अपने वाहन पर आगे सफेद,साइड पर पीली , पीछे लाल रिफिलेक्टर जरूर लगाए जिससे दुर्घटनाएं नहीं होगी । इस अवसर पर विनोद दीक्षित ने बताया यह अभियान लगातार समिति और यातायात पुलिस के सहयोग से चलता रहेगा । इस अभियान यातायात पुलिस से टीएसआई मोहम्मद इलियास , टीएसआई मुकेश कुमार , टीएसआई संजय सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार , हेड कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल योगेश कुमार, हेड , ब्रज यातायात से कुलदीप शास्त्री विपिन ओझा, नमन अग्रवाल ,हेमंत वर्मा ,दीपक गुप्ता, अनिल पंडित कुलदीप पाराशर, गौरव सक्सेना , सुनील चैधरी आदि शामिल रहे।

पाइप लाइन बिछाने में एडीएम ने ग्रामीणों के साथ बनायी सहमति

ललितपुर। एडीएम नमामि गंगे/ग्रामीण जलापूर्ति विभाग राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कचनौंदाकलां ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया। कचनौंदा कलां ग्राम समूह पेयजल योजना में 01 नग इण्टेक वैल (27 एम.एल.डी), 01 नग डब्ल्यू.टी.पी. (26 एम.एल.डी.), 08 नग सी.डब्ल्यू.आर., 17 नग ओ.एच.टी. से 59 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। ग्राम बिरारी पाइपलाइन के टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर पाया गया। एडीएम द्वारा अगले एक सप्ताह में पेयजल आपूर्ति पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम खोखरा ग्राम सभा में 300 मी. पाइपलाइन ग्रामीणों के द्वारा नहीं डालने दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को समझा बुझाकर पाइप लाइन बिछाने हेतु सहमति बनायी गयी एवं ग्राम के शेष कनेक्शनों में पेयजल आपूर्ति मौके पर सुचारू पायी गयी।

पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचे आठ आरोपी, केडी के पैर में लगी गोली; अस्पताल में भर्ती

आगरा। रंगबाजी में हुए विवाद के दौरान युवक को गोली लगी थी। इस हत्याकांड के आठ आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में है।आगरा में 31 दिसंबर की रात कारगिल तिराहे के पास कार सवार दो गुटों में झगड़े के दौरान हुई फायरिंग में हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ये वारदात रंगबाजी को लेकर हुई। पुलिस ने इस हत्याकांड के आठ आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया है। इसमें से एक आरोपी केडी पंडित के पैर में गोली लगी है।नववर्ष की पूर्व संध्या पर कारगिल तिराहे के पास कार सवार दो गुटों में झगड़े के दौरान हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल नगर निवासी एसी मैकेनिक आमिर (23) के रूप में हुई। आमिर कैब चालक साथी आकाश के साथ स्कूटर पर सवार थे। इसी दौरान गोली आकर उनके पेट में लग गई। फायरिंग से इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी पुलिस को एक घंटे बाद मिल सकी।वारदात उस समय हुई जब राहुल नगर, बोदला निवासी आमिर और आकाश स्कूटर से पश्चिमपुरी की तरफ जा रहे थे। कारगिल तिराहे के पास एफआरडी कैफे के बाहर कुछ युवक झगड़ रहे थे। लोगों की भीड़ भी लगी हुई थी। आमिर भी रुक गए। अचानक गोली चलने लगी। यह देखकर लोग भागने लगे। आमिर और आकाश भी भागे लेकिन अचानक गोली लगने से आमिर वहीं गिर पड़े। आकाश दूर चला गया। आमिर को नहीं देखकर फोन मिलाया मगर कोई जवाब नहीं मिला। इस पर आकाश वापस आकर देखने लगा। आमिर सड़क पर खून से लथपथ पड़े मिले। इस पर लोगों की मदद से ऑटो में भगवान टाकीज स्थित अस्पताल लेकर पहुंचा। मगर, चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने इस हत्याकांड के आठ आरोपियों को दबोच लिया है। मुठभेड़ के दौरान केडी पंडित के पैर में गोली लगी, जिससे वो घायल हो गया। रवी चौधरी सहित पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रगतिशील मीणा समाज कल्याण समिति की पहली बैठक का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

मथुरा। तहसील क्षेत्र छाता के गांव विलौंठी में प्रगति शील मीणा समाज कल्याण समिति रजिटार्ड की पहली मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसमें संगठन के मुख्य संरक्षक सेवा निवृत आई ए एस रघुवीर मीणा राजस्थान के साथ साथ उत्तरप्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए मीणा समाज के लोगों ने भाग लेकर समाज को उत्थान की ओर जाने की बात पर प्रकाश डाला एवं समाज में फैली कुरीतियों जैसे बाल विवाह दहेज प्रथा मृत्यु भोज आदि प्रथाओं को समाज से मिटाने की बातों पर भी चर्चा की।

जिससे समाज को नई दिशा मिल सके और इन कुरीतियों को मीणा समाज से मिटाया जा सके। संगठन के मुख्य संरक्षक रघुवीर सिंह मीणा रिटायर्ड आई ए एस ने संगठन के उद्देश्य उपस्थित मीणा समाज के सम्मुख रखे। आगे हमारी सोसाइटी उन बिंदुओं पर कार्य करेगी। जिससे इस शोषित और वंचित सामाज का भला हो सके। इस विषय पर विशेष जोर दिया गया।

हाथरस जनपद के गांव सीर से आए मंगल सिंह मीणा और बेंटा गांव जिला सम्भल से फूल सिंह मीणा ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के लिए बिलोंठी गांव के नरेंद्र सिंह मीणा जिला मथुरा के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर उपस्थित मीणा समाज के लोगों ने पूर्ण समिति जताई। और नरेंद्र मीणा को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। संगठन के सदस्य से लेकर पदाधिकारियों सहित सभी लोगों ने मीणा समाज के हर तरह से विकास की शपथ ली।

प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर राया में श्रीराम जी की शोभायात्रा 10 को निकलेगी

मथुरा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में श्री राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कस्वा राया में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

आयोजक समिति के पदाधिकारी राजकुमार उपमन्यु ने बताया कि 10 जनवरी को प्रातः दस बजे सादाबाद मार्ग डिफेंस कालोनी से श्रीराम की विशाल शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ धूमधाम से कस्वे के प्रमुख मार्गों से निकाली जायेगी। 11 जनवरी को डिफेंस कालोनी सादाबाद रोड पर प्रातः 11 बजे सुंदर कांड पाठ सायं चार बजे भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। 12 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे महा प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

समिति के हरि मोहन उपमन्यु मुकेश अग्रवाल कृष्णा उपमन्यु ने क्षेत्रीय लोगो से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

संक्षेप

जल्द बढ़ेगा चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य

नयी दिल्ली। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को कहा कि सरकार जल्द ही चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने पर फैसला लेगी। चीनी का एमएसपी 31 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बना हुआ है। यह दर फरवरी, 2019 में निर्धारित की गई थी। हालांकि, उद्योग निकाय बढ़ती उत्पादन लागत और चीनी मिलों के समक्ष आ रहे आर्थिक दबाव के कारण लगातार दरों में बढ़ोतरी की मांग करते रहे हैं। जोशी ने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से कहा, इसकी मांग है। विभाग इस मामले से अवगत है। हम जल्द ही फैसला लेंगे कि इसे बढ़ाना है या नहीं।

इंदौर में भिखारियों पर सरकार का शिकंजा

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर को देश का पहला भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने के लक्ष्य से जुड़ी अनूठी इनामी योजना का लाभ लेने के लिए स्थानीय लोग भिखारियों के बारे में प्रशासन को फोन करके सूचना दे रहे हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने शहर में भीख लेने के साथ ही भीख देने और भिखारियों से कोई सामान खरीदने पर कानूनी रोक लगा दी है और इस प्रतिबंध के उल्लंघन पर कार्वाई का प्रावधान किया है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रशासन के दो जनवरी को जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में भिक्षावृत्ति की सही सूचना देने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की गई है।

चांदी की भी होगी हॉलमार्किंग

नयी दिल्ली। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोमवार को कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप चांदी तथा चांदी के सामान के लिए हॉलमार्किंग अनिवार्य करने पर विचार करना चाहिए। जोशी ने 78वें बीआईएस स्थापना दिवस समारोह में कहा, चांदी की हॉलमार्किंग के लिए उपभोक्ताओं की ओर से मांग आ रही है। आप (बीआईएस) इसपर विचार-विमर्श कर निर्णय ले सकते हैं। मंत्री ने कार्यक्रम से इतर पत्रकारों को बताया कि इस दिशा में काम शुरू हो चुका है और सरकार हितधारकों के साथ विचार-विमर्श तथा बीआईएस द्वारा व्यवहार्यता आकलन पूरा होने के बाद निर्णय लेगी।

युवा कांग्रेस ने बिधूड़ी के खिलाफ किया प्रदर्शन

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के संदर्भ में विवादित टिप्पणी करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रमेश बिधूड़ी के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन किया तथा उनके आवास के गेट पर कालिख से महिला विरोधी लिख दिया। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकरा के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता साउथ एवेन्यू स्थित बिधूड़ी के आवास पर पहुंचे और उनके खिलाफ नारेबाजी की।

बीड सरपंच हत्या : धनंजय मुंडे को हटाने की मांग

मुंबई। विभिन्न दलों के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात की और बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मंत्री धनंजय मुंडे को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार और भारतीय जनता पार्टी विधायक सुरेश धस शामिल थे। इन नेताओं ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा और उनसे इस मुद्दे पर निर्णायक कार्वाई करने का अनुरोध किया गया, जिससे कानून के शासन को बनाए रखने और न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास पुनः प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

पीएम मोदी आंध्र प्रदेश को देंगे तोहफा

दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्र प्रदेश में सतत विकास, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचे में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को विशाखापत्तनम में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जबकि अगले दिन भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

पीएमओ ने कहा कि हरित ऊर्जा और सतत भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम के पास पुडीमडका में अत्याधुनिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ग्रीन हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला रखेंगे, जो राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत पहला ग्रीन हाइड्रोजन हब है। बयान के मुताबिक, इस परियोजना में लगभग 1,85,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें 20 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं में निवेश शामिल होगा, जिससे यह भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन सुविधाओं में से एक बन जाएगा। इसमें ग्रीन मेथनॉल, ग्रीन यूरिया और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल सहित 1500 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन और 7500 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन डेरिवेटिव का उत्पादन करने की क्षमता है, जो मुख्य रूप से निर्यात बाजार को लक्षित करता है। यह परियोजना 2030 तक 500 गीगावॉट के भारत के गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश में 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। वह विशाखापत्तनम में दक्षिण तटीय रेलवे मुख्यालय की आधारशिला भी रखेंगे। पीएमओ ने कहा कि ये परियोजनाएं भीड़भाड़ को कम करेंगी, संपर्क में सुधार करेंगी और क्षेत्रीय सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ाएंगी।

बयान में कहा गया कि सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली में बल्क ड्रग पार्क की नींव रखेंगे। पीएमओ ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक कॉरिडोर (वीसीआईसी) और विशाखापत्तनम-काकीनाडा पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोकेमिकल निवेश क्षेत्र के निकट होने के कारण आर्थिक विकास में तेजी लाने में मदद करते हुए हजारों नौकरियां पैदा करेगा। प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे के तहत कृष्णापत्तनम औद्योगिक क्षेत्र (केआरआईएस सिटी) की आधारशिला भी रखेंगे। कृष्णापटनम औद्योगिक क्षेत्र (केआरआईएस सिटी), राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख परियोजना है, जिसे ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहर के रूप में देखा गया है। यह परियोजना लगभग 10,500 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण विनिर्माण निवेश को आकर्षित करने के लिए तैयार है। इससे लगभग।

शेयर बाजार ने लगाया 1,258 अंकों का गोता

एजेंसी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,258 अंक का गोता लगा गया। एनएसई निफ्टी भी लुढ़क कर 23,700 अंक के नीचे आ गया।

कारोबारियों के अनुसार, कंपनियों के तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों को लेकर चिंता और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नुकसान में रहा। इसके अलावा नये एचएमपी वायरस को लेकर चिंता, रुपये की विनिमय दर में गिरावट तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी कारोबारी धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,258.12 अंक यानी 1.59 प्रतिशत का गोता लगाकर 78,000 अंक के नीचे 77,964.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,441.49 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 388.70 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,616.05 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में नई आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता के बीच उभरते बाजारों में गिरावट आई है।

तमिलनाडु के राज्यपाल ने नहीं पढ़ा अभिभाषण

एजेंसी



चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल द्रमुक पर संविधान और राष्ट्रगान का अनादर करने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल आर एन रवि सोमवार को अपना पारंपरिक अभिभाषण दिए बिना ही विधानसभा से चले गए।

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने विधानसभा में पारंपरिक अभिभाषण दिए बिना राज्यपाल रवि के चले जाने की कड़ी आलोचना करते हुए इसे बचकाना हरकत बताया और उन पर लगातार राज्य के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने राज्य गान (माता तमिल का आह्वान) और राज्य का लगातार अपमान करने के लिए मंगलवार को रवि के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की। मामले में राजभवन और सत्तारूढ़ दल के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। रवि ने कहा कि उन्होंने हमेशा राज्य गान तमिल थाई वज्झथु की गरिमा को बरकरार रखा। उन्होंने कहा कि वह हर समारोह में इसे पूरी निष्ठा के साथ गाते हैं। राज्यपाल के आगमन पर विधानसभा में राज्य गान बजाया गया। राज्यपाल का अभिभाषण शुरू होने से कुछ क्षण पहले, मुख्य विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के सदस्य उनके सामने एकत्र हो गए और हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाने लगे। उसी समय, कांग्रेस के विधायक भी आगे बढ़े और काली पट्टी बांधकर रवि के खिलाफ नारे लगाने लगे। विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु के आदेश के बाद अन्नाद्रमुक सदस्यों को सदन से बाहर निकाल दिया गया और वे गलियारों में इकट्ठा होकर नारे लगाते रहे। विपक्ष के नेता के पलानीस्वामी ने बाद में सदन के बाहर संवाददाताओं से कहा कि वे विधानसभा के अंदर तख्तियां लेकर अन्ना विश्वविद्यालय की छात्रा के यौन उत्पीड़न मामले पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे।

प्रशांत किशोर गिरफ्तार, जमानत लेने से किया इनकार

एजेंसी

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में गैर-कानूनी तरीके से आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। जमानत लेने से इनकार करने के बाद अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया।

किशोर ने जमानत शर्तों को अनुचित करार दिया। सैंतालीस वर्षीय किशोर ने कहा कि वह जेल में अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उनके खिलाफ पिछले सप्ताह गांधी मैदान में आमरण अनशन शुरू करने के लिए मामला दर्ज किया गया था, जो पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश का उल्लंघन है, जिसके तहत शहर के गर्दनी बाग इलाके के अलावा किसी अन्य स्थान पर इस तरह के किसी भी प्रदर्शन पर रोक है। किशोर की पार्टी से सक्रिय रूप से जुड़े वरिष्ठ वकील वाई वी गिरि ने कहा कि जमानत इस अनुचित शर्त के साथ दी गई कि किशोर को एक लिखित हलफनामा देना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करना अपराध स्वीकार करने के समान होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने किशोर और उनके समर्थकों को प्रदर्शन स्थल से हटा दिया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन प्रतिबंधित क्षेत्र के पास किया जा रहा था और इस तरह से उनका प्रदर्शन गैरकानूनी था। बीपीएससी द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित की गई परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में किशोर ने दो जनवरी को आमरण अनशन शुरू किया था और अनशन के पांचवें दिन उन्हें गिरफ्तार किया गया। शहर के बाहरी इलाके में स्थित बेउर केंद्रीय जेल में ले जाए जाने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए किशोर ने आरोप लगाया, सुबह चार बजे हिरासत में लिए जाने के बाद, मुझे मेडिकल जांच के लिए पटना के एम्स ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जरूरी जांच करने से इनकार कर दिया, जिसकी वजह उन्हें ही पता होगी।

आरबीआई ने खरीदा आठ टन सोना

एजेंसी

मुंबई। दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने नवंबर, 2024 में अपने भंडार में सामूहिक रूप से 53 टन सोना जोड़ा, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का भी आठ टन सोना शामिल था। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में अधिकांश उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के माहौल में एक स्थिर एवं सुरक्षित संपत्ति की जरूरत को देखते हुए सोने के खरीदार बने रहे।

डब्ल्यूजीसी ने नवंबर माह की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि साल 2024 के अंतिम चरण में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की मांग में अग्रणी भूमिका जारी रखी। नवंबर में केंद्रीय बैंकों ने सामूहिक रूप से अपनी स्वर्ण हिस्सेदारी 53 टन बढ़ाई। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक ने साल 2024 में सोना खरीदने का सिलसिला नवंबर माह में भी जारी रखा और इस महीने उसने अपने भंडार में आठ टन और सोना जोड़ा। इसके साथ ही वर्ष 2024 में आरबीआई के खरीदे गए कुल सोने की मात्रा बढ़कर 73 टन हो गई जबकि उसका कुल स्वर्ण भंडार 876 टन हो गया। आरबीआई सोना खरीद के मामले में 2024 में पोलैंड के केंद्रीय बैंक एनबीपी के बाद दूसरे स्थान पर है। नेशनल बैंक ऑफ पोलैंड (एनबीपी) ने नवंबर में कुल 21 टन सोना खरीदा जिसकी इस साल कुल खरीद बढ़कर 90 टन हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीपल्स बैंक ऑफ चाइना ने छह महीने के अंतराल के बाद सोने की खरीद दोबारा शुरू कर दी है।

पामतेल खेती के लक्ष्यों को प्राथमिकता दें राज्य : केंद्र

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को राज्य सरकारों से एनएमईओ-ओपी योजना के तहत बाधाओं को दूर कर और उपलब्ध संसाधनों को जुटाकर पामतेल की खेती के लक्ष्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तेल पाम (एनएमईओ-ओपी) अगस्त, 2021 में शुरू किया गया था। इसका प्राथमिक उद्देश्य पामतेल का घरेलू उत्पादन बढ़ाना और आयात पर निर्भरता को कम करना है। मिशन का लक्ष्य वर्ष 2025-26 तक 6.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को पामतेल की खेती के अंतर्गत लाना है। चौहान ने बयान में कहा हालांकि, कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन अन्य को अपने प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आवंटित धन का कम उपयोग और वृक्षारोपण लक्ष्यों को प्राप्त करने में देरी, अधिक केंद्रित और समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित करती है। चौहान ने राज्यों को बाधाओं को दूर करके और उपलब्ध संसाधनों को जुटाकर अपने वृक्षारोपण लक्ष्यों को प्राप्त करने को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अमेजन, फ्लिपकार्ट के खिलाफ जांच

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अमेजन तथा फ्लिपकार्ट की उन याचिकाओं को सोमवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया, जिसमें कंपनियों ने कथित कदाचार के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के उनके खिलाफ जांच शुरू करने के आदेश को चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि यदि स्थानांतरित याचिकाओं में से कुछ में दलीलों पर जिरह पूरी नहीं हुई है तो मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश इसके लिए उचित समय देंगे। पीठ ने कहा यह उचित होगा कि इस स्थानांतरण याचिका की विषय-वस्तु वाली सभी याचिकाओं को सुनवाई के लिए कर्नाटक उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया जाए। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय को बताया किया कि निष्पक्ष व्यापार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा वर्तमान याचिका दायर किए जाने के बाद विभिन्न उच्च न्यायालयों में पांच याचिकाएं दायर की गई हैं। न्यायालय ने निर्देश दिया कि इन याचिकाओं को कर्नाटक उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया जाए। पीठ ने कहा यदि इसके बाद किसी अन्य उच्च न्यायालय में इसी प्रकार की याचिकाएं दायर की जाती हैं तो वे भी इस आदेश के अंतर्गत आएंगी। शीर्ष अदालत ने इससे पहले सीसीआई द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया था। सीसीआई ने ई-कॉमर्स दिग्गजों द्वारा दायर याचिकाओं को उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत या दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। निष्पक्ष व्यापार नियामक ने फ्लिपकार्ट और अमेजन पर उनके मंच पर भारी छूट तथा पसंदीदा विक्रेताओं के साथ गठजोड़ सहित कदाचार के आरोपों के बाद जांच का आदेश दिया है। सीसीआई का जांच आदेश दिल्ली व्यापार महासंघ की शिकायत के बाद आया, जिसके सदस्यों में स्मार्टफोन और संबंधित सहायक उपकरण के कई व्यापारी शामिल हैं।

पेज एक का शेष

जल्द ही

ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरुआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना, देश के सभी हिस्सों में संपर्क को बढ़ावा देना और रोजगार व उद्योग को समर्थन देना, रेल क्षेत्र में विकास के चार मानकों पर सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग लंबी दूरी तय करने में कम समय बिताना चाहते हैं, जिससे हाई स्पीड ट्रेनों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में रेल संपर्क का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत, रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार विस्तार दिया है। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक बदलावों का रहा है। रेलवे अवसंरचना में ऐसा बदलाव आया है जो दिख रहा है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, जम्मू रेलवे डिवीजन के निर्माण से 742.1 किलोमीटर लंबे पठानकोट, जम्मू, उधमपुर, श्रीनगर, बारामूला, भोगपुर, सिरवाल और बटाला-पठानकोट तथा पठानकोट से जोगिन्दर नगर खंडों को महत्वपूर्ण लाभ होगा, जिससे लोगों की लंबे समय से लंबित आकांक्षा पूरी होगी और भारत के अन्य हिस्सों से संपर्क में सुधार होगा। बयान में कहा गया है कि इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बुनियादी ढांचे का विकास होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बल मिलेगा। तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले में चारलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन को प्रवेश के नये प्रावधान के साथ एक नए कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। इसकी लागत लगभग 413 करोड़ रुपये है। अच्छी यात्री सुविधाओं वाले इस पर्यावरण अनुकूल टर्मिनल से सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचीगुडा जैसे शहर के मौजूदा कोचिंग टर्मिनलों पर भीड़-भाड़ कम होगी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान पूर्व तटीय रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला भी रखी। बयान में कहा गया है कि यह ओडिशा, आंध्र प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में संपर्क में सुधार करेगा और क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास का प्रतिनिधित्व करेगा।

कौम को

था। यूपी की पहचान दंगाग्रस्त व अराजक प्रदेश के रूप में थी। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षित है। तंत्र वही है, बस सरकार का चेहरा बदल गया। यह वही प्रदेश है, जहां पहले कोई निवेश नहीं करता था। सर्वाधिक निवेश को आमंत्रित करने वाला प्रदेश है। बिना भेदभाव के योग्यता के आधार पर सरकारी-निजी क्षेत्र में नौकरी व रोजगार की गारंटी देने वाला प्रदेश है। सीएम ने कहा कि जिस प्रदेश में 40 हजार करोड़ का निवेश नहीं आता था, उस प्रदेश में आज 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे सवा करोड़ नौकरी की गारंटी मिली। बदली परिस्थितियों की नींव में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की बेहतर स्थिति है। इसके लिए हमने अपने जवान भी खोए हैं।

नक्सली हमले

देखा गया। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कमलोचन कश्यप ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि नक्सलियों द्वारा वाहन को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल की गई शक्तिशाली बारूदी सुरंग 60-70 किलोग्राम वजन की थी और इसे बहुत पहले लगाया गया था। हालांकि, फोरेंसिक कर्मी घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बारूदी सुरंग पुरानी थी और इसे बहुत पहले लगाया गया था क्योंकि इससे जुड़ा तार जमीन के काफी नीचे फंस गया था और इसके ऊपर मिट्टी की परत पर घास उग आई थी। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल की तलाशी के दौरान, लगभग 150 मीटर लंबा तार बरामद किया गया जो बारूदी सुरंग से जुड़ा था। घटना पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में जारी नक्सल विरोधी अभियान से नक्सली हताश हैं और इसलिए इस तरह की कायरतापूर्ण हरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

साय ने कहा, बीजापुर जिले के कुटरू में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में आठ जवानों और एक चालक की शहादत की खबर बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिवारों के साथ हैं। मैं ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवारों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, बस्तर में जारी नक्सल विरोधी अभियान से नक्सली हताश हैं और हताश होकर उन्होंने इस तरह की कायरतापूर्ण हरकत की है। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। इस खतरे को खत्म करने की हमारी लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी।

1991 के उपासना

धार्मिक स्थलों, विशेष रूप से मस्जिदों और दरगाहों पर दावों के संबंध में लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग छह याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। कानून के प्रभावी क्रियान्वयन का अनुरोध करते हुए कुछ मुस्लिम संगठनों द्वारा हस्तक्षेप की कई याचिकाएं भी हैं। हिंदू संगठन ने अपनी नयी याचिका में 1991 के अधिनियम की धारा तीन और चार की वैधता को विभिन्न आधार पर चुनौती दी है। अधिनियम की धारा तीन पूजा स्थलों के स्वरूप बदलने पर रोक लगाती है, जबकि धारा चार अदालतों को ऐसे स्थानों के धार्मिक स्वरूप के बारे में विवादों पर विचार करने से रोकती है। याचिका में आरोप लगाया गया कि ये प्रावधान बर्बर आक्रमणकारियों द्वारा स्थापित उपासना स्थलों को वैध बनाते हैं, जबकि हिंदुओं, जैनियों, बौद्धों और सिखों के अपने पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करने और पुनर्स्थापित करने के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

देश में नये

वायरस है। हाल में चीन में इसके प्रकोप की खबरों ने दुनिया का ध्यान खींचा। यह एक वायरल रोगजनक है जो सभी आयु वर्ग के लोगों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र की सरकारों ने आश्वस्त किया है कि घबराने की जरूरत नहीं है। वहीं दिल्ली सरकार ने राजधानी के सभी अस्पतालों को श्वसन संबंधी बीमारियों में संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया। देश में अब तक सामने आए एचएपीवी के तीन मामलों में से दो का पता भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा कर्नाटक में कई श्वसन वायरल रोगजनकों की नियमित निगरानी से चला। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी और उसे बेंगलुरु के बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। मंत्रालय के मुताबिक बच्ची को पहले ही छुट्टी दे दी गई है।

सीबीआई पोर्टल

अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी आदि सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों की बढ़ती संख्या के कारण आपराधिक जांच में त्वरित और वास्तविक समय पर अंतरराष्ट्रीय सहायता विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई। सबसे पहले भारतपोल पोर्टल विकसित करने की खबर दी थी, जो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बलों के कामकाज को सुविधाजनक बनाएगा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो भारत का राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो है, जो इंटरपोल से संबंधित मामलों के लिए जिम्मेदार है। इंटरपोल के माध्यम से, सीबीआई भारत में अपराध या अपराधियों की जांच में सहायता के लिए इंटरपोल के अन्य सदस्य देशों की समान एजेंसियों से आवश्यक जानकारी मांग सकती है तथा अन्य देशों की सहायता के लिए आपराधिक डेटा और खुफिया जानकारी साझा कर सकती है।

पीएम मोदी

और सभी ट्रेनों का संचालन ऋषिकेश के नये योग नगरी रेलवे स्टेशन से किये जाने का अनुरोध किया। पुराने स्टेशन की भूमि पर जो रेल ट्रैक है, उसका उपयोग नई सड़क व्यवस्था के लिए किया जा सकेगा जिससे यातायात में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन में आवंटित केंद्रीय अंशदान की अवशेष धनराशि जल्द अवमुक्त किए जाने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश को रिवर राफ्टिंग में आइकॉनिक सिटी के रूप में चयनित करने पर आभार व्यक्त करते हुए हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर परियोजना के लिए राज्य के सीमित संसाधनों को देखते हुए केंद्र स्तर से संसाधन उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया।

आलू-टमाटर

में कमी लाने में मदद की। इसमें कहा गया है कि शीत लहर से उत्पादन में गिरावट, त्योहारी और शादी-ब्याह की मांग में वृद्धि और चारे की ऊंची लागत के कारण ब्रॉयलर की कीमतों में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जिससे दिसंबर में मांसाहारी थाली की लागत में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई।

दबंगों ने

कर लड़के की मां और चाची पर न सिर्फ जुल्म ढाया बल्कि उन महिलाओं के कपड़े फाड़ दिये और उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया। महिला के परिवारवालों ने युवक पर शादीशुदा महिला को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से दिये गये तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। **गांव में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात :** घटना दो समुदाय के बीच जुड़े होने के कारण गांव में दोनों समुदायों के बीच तनाव की स्थिति है किन्तु पुलिस के नियंत्रण में है। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। **महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की बात को पुलिस बता रही है मनगढ़ंत :** घटना के दौरान गोरखपुर के गुलरिहा थाने के कुछ सिपाहियों के भी मौजूद होने का आरोप है। पीड़ितों का दावा है कि सिपाहियों ने भी महिलाओं को पीटा। हालांकि, थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह ने कहा है कि महिलाओं को नग्न कर घुमाने के आरोपों का अभी तक कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है।

संक्षेप

रेयांश खामकर ने रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराया

ठाणे। ठाणे के छह वर्षीय रेयांश खामकर ने समुद्र में 15 किलोमीटर की दूरी पूरी करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।रेयांश ने विजयदुर्ग में मालपे जेट्टी से वाघोटन जेट्टी तक की 15 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे में पूरी की। उनकी इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह मिली है। रेयांश स्टारफिश स्पोर्ट्स फाउंडेशन में कोच कैलाश अखाड़े से कोचिंग लेते हैं।उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही यह उपलब्धि हासिल की। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ए. आशीष शेलार, ठाणे जिला एमेच्योर तैराकी संघ के अध्यक्ष निरंजन डावखरे और महाराष्ट्र राज्य एमेच्योर तैराकी संघ के उपाध्यक्ष राजेश मोरे ने इस युवा तैराक को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए सफलता की कामना की।

मैनचेस्टर युनाइटेड ने लिवरपूल से ड्रॉ खेला

लिवरपूल। अमाद डियालो ने आखिरी मिनटों में बराबरी का गोल दागकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष पर काबिज लिवरपूल के खिलाफ मैनचेस्टर युनाइटेड का मैच 2.2 से ड्रॉ कराया। अमाद ने 80वें मिनट में अलेजांद्रो गारनाशो के क्रॉस पर बराबरी का गोल दागा। इससे पहले मोहम्मद सालाह ने पेनल्टी पर गोल करके लिवरपूल को बढत दिलाई थी। युनाइटेड के लिये पहला गोल लियांड्रो मार्टिनेज ने 52वें मिनट में किया लेकिन कोडी गाकपो ने सात मिनट बाद बराबरी का गोल दागा। सालाह ने 70वें मिनट में लिवरपूल को फिर बढत दिलाई थी। इस ड्रॉ के बाद युनाइटेड तालिका में 13वें स्थान पर है।

श्रीराम और मिगुएल जीते, नागल बाहर

नयी दिल्ली। भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के मिगुएल रेयेस-वेरेला की पुरुष युगल जोड़ी ने सोमवार को एडीलेड इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि सुमित नागल को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद ऑकलैंड एएसबी क्लासिक के पुरुष एकल में हार का सामना करना पड़ा। बालाजी और मिगुएल की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए भारत के रोहन बोपन्ना और कोलंबिया के उनके जोड़ीदार निकोलस बेरिनटोस को 4-6, 6-2, 10-7 से हराया। बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ दो साल की साझेदारी का अंत करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले बेरिनटोस के साथ जोड़ी बनाई है। पहला सेट गंवाने के बावजूद बालाजी और मिगुल ने दूसरे सेट में वापसी की और विरोधी टीम की खराब सर्विस और रिटर्न का फायदा उठाते हुए एक घंटे और 15 मिनट में जीत दर्ज की। भारत और मैक्सिको की गैरवरीय जोड़ी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के अगले दौर में फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पेटेन की जोड़ी से भिड़ेगी। दूसरी तरफ भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल को एएसबी क्लासिक में अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन के खिलाफ पहला सेट जीतने के बावजूद दो घंटे 40 मिनट चले मुकाबले में 7-6, 4-6, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

टी-20: कॅरियर लायंस की जीत में अफसर सिद्दीकी का तूफानी शतक

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच अफसर सिद्दीकी (131) के तूफानी शतक से कॅरियर लायंस ने तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट में सीवीसीएल को 22 रन से पराजित किया। दूसरे मैच में लाइव टीवी एक्सप्रेस ने स्मैश क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर कॅरियर लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 3 विकेट पर 211 रन बनाए। अफसर सिद्दीकी ने मात्र 67 गेंदों पर 15 चौके व 7 छक्के से 131 रन की पारी खेली। डा.मुस्तफा नदीम ने 28 रन जोड़े। जवाब में सीवीसीएल 6 विकेट पर 189 रन ही बना सका। देवेश कुलश्रेष्ठ ने 50 गेंदों पर 6 चौके व 1 छक्के से 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। कपिल निगम ने मात्र 22 गेंदों पर 7 चौके व 2 छक्के से 49 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कॅरियर लायंस से डा.एहसन ने 2 विकेट की सफलता पाई। इसी मैदान पर दूसरे मैच में लाइव टीवी एक्सप्रेस ने स्मैश क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराया।

मंधाना संभालेंगी भारतीय टीम की कमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिए जाने के बाद अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आयरलैंड के खिलाफ इस महीने खेली जाने वाली तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को यहां जारी विज्ञप्ति में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को भी विश्राम देने की घोषणा की। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की यह श्रृंखला 10 जनवरी से शुरू होगी। इसके सभी मैच राजकोट में खेले जायेंगे।

हरमनप्रीत को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। वह इस चोट के कारण शुरुआती दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सकी थी। उन्होंने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में टीम में वापसी की और इसके बाद तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में टीम का नेतृत्व किया। इस 35 साल की खिलाड़ी को इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में दुबई में महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान गर्दन में चोट लग गई थी। टीम की मुख्य तेज गेंदबाज रेनुका वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों में 10 विकेट लेकर श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी थी। अतीत में वह पीठ की स्ट्रेस फ्रैक्चर से परेशान रही है। ऐसे में कार्यभार प्रबंधन के तहत आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला से विश्राम दिया गया है। भारतीय महिला टीम पिछले महीने वेस्टइंडीज को 2-1 से हराकर पांच साल में अपनी पहली बार घरेलू सरजमीं पर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीत दर्ज की। टीम ने इसके बाद वनडे श्रृंखला में वेस्टइंडीज को 3-0 से शिकस्त दी। इस जीत से आयरलैंड के खिलाफ टीम का हौसला काफी बढ़ा हुआ होगा। सीमित ओवर की इन श्रृंखलाओं में 28 साल की मंधाना शानदार लय में थी। उन्होंने टी20 में लगातार तीन अर्धशतक जड़ने के बाद एकदिवसीय में भी दो अर्धशतकीय पारियां खेली।

भारतीय टेस्ट टीम का भविष्य: बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक स्थिति गेंदबाजी की

सिडनी। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में आसानी से घुटने टेकने के बाद भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सवालों के घेरे में है लेकिन वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची देखे तो यह पता चलता है कि टीम के भविष्य के लिए बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक स्थिति गेंदबाजी को लेकर है। बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली का टेस्ट भविष्य अधर में लटक गया है। राष्ट्रीय चयन समिति के पास इन दोनों की जगह लेने के लिए कुछ अच्छे विकल्प मौजूद है। बात जब गेंदबाजी की आती है और खासकर तेज गेंदबाजी की तो बदलाव के दौर से गुजर रही टीम की स्थिति ज्यादा उत्साहजनक नहीं दिख रही है। टीम को जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और इशांत शर्मा जैसी गेंदबाजों को तैयार करने में काफी समय लग सकता है। मौजूदा गेंदबाज अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर रहे है लेकिन उनका प्रदर्शन कही से भी इन तीनों नामों के करीब नहीं है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुमराह को दूसरे छोर से साथ नहीं मिला जिससे उनका कार्यभार काफी बढ़ गया।

वह पीठ में चोट होने के कारण टीम के लिए निर्णायक पांचवें टेस्ट की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। मोहम्मद सिराज 36 टेस्ट खेलने के बाद भी मैच का रुख बदलने वाले गेंदबाज नहीं बन पाये हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के पास अच्छी गति है लेकिन वह लगातार सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफल रहते हैं। आकाश दीप और मुकेश कुमार के पास कौशल है लेकिन खेल के शीर्ष स्तर पर खुद को साबित करने का उन्हें अभी पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं। रणजी सर्किट में भी देखे तो चयनकर्ताओं के पास इस मामले में अच्छे विकल्प की कमी है। सबसे बड़ी समस्या बाये हाथ के तेज गेंदबाज की है। अर्शदीप सिंह सीमित ओवरों को खुद को साबित कर चुके हैं लेकिन लाल गेंद से उतने प्रभावी नहीं रहे हैं। यश दयाल और खलील अहमद भी विश्वास हासिल करने वाला प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। जब बल्लेबाजी की बात आती है तो इसमें कुछ अच्छे विकल्प मौजूद है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति हालांकि रणजी ट्रॉफी सत्र के अंत तक कुछ भी तय नहीं करेगी।

किरण ने लक्ष्य कप में जीता स्वर्ण पदक

मुंबई। नौसेना के किरण जाधव ने कई जाने-माने निशानेबाजों को पछाड़ते हुए यहां 15वें लक्ष्य कप आमंत्रण टूर्नामेंट में 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2018 से हर बार फाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के जाधव ने 251.7 अंक के साथ पहली बार खिताब जीता। जाधव ने महाराष्ट्र के गजानन खानदागले (250.9) और महाराष्ट्र के ही मोहित गौड़ा (229.3) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले रेलवे के अर्जुन बबूता खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे लेकिन वह 208.2 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। पुरुष और महिला राष्ट्रीय एयर राइफल चैंपियन क्रमशः साहु माने और अनन्या नायडू फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। रेलवे के माने ने क्वालीफिकेशन दौर में 629.0 अंक जुटाए। शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई और 630.5 अंक के साथ आठवें क्वालीफायर गौड़ा थे। राजस्थान के दिव्यांश सिंह पंवार (629.0) और आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट के संदीप सिंह (629.0) जैसे ओलंपिक भी फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

सुपरस्टार से आगे नहीं बढ़ पा रही टीम, प्रदर्शन आधारित हो चयन

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने बीसीसीआई से टीम में सुपरस्टार क्लचर खत्म करने और खिलाड़ियों का चयन साख पर नहीं बल्कि पूरी तरह से प्रदर्शन के आधार पर करने का अनुरोध किया है।

एक दशक में पहली बार भारतीय टीम की आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद हरभजन ने यह टिप्पणी की। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, टीम में सुपरस्टार कल्चर बन गया है। हमें सुपरस्टार नहीं चाहिये, अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी चाहिये। टीम में अच्छे परफॉर्मर होंगे तो ही टीम आगे बढेगी। जो भी सुपरस्टार बनना चाहता है, वह घर में रहकर वहीं क्रिकेट खेले।

उन्होंने कहा, अभी इंग्लैंड का दौरा आने वाला है। अब हर कोई बात करने वाला है कि उसमें क्या होगा, कौन टीम में रहेगा और कौन नहीं। मेरा मानना है कि यह सीधा मसला है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही टीम में रहने चाहिये। आप साख के आधार पर टीम नहीं चुन सकते। हरभजन ने कहा, अगर आप ऐसा करना चाहते हैं तो कपिल देव सर और अनिल भाई को भी ले जाइये।

अमेरिका ने दूसरी बार यूनाइटेड कप जीता

एजेंसी

सिडनी। कोको गाफ ने युनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के पहले मैच में दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक को 6.4, 6.4 से हरा दिया और अमेरिका ने पोलैंड को 2.0 से हराकर फाइनल जीता। टेलर फ्रिट्ज ने दूसरे मैच में हुबर्ट हुरकाज को 6.4, 5

गाफ ने स्वियातेक को हराया

.7, 7.6 से मात दी। बीस वर्ष की गाफ ने युनाइटेड कप में सारे एकल मैच सीधे सेटों में जीते जिससे 12 जनवरी से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन की उनकी तैयारी पुख्ता हुई है। पोलैंड पिछले साल फाइनल में जर्मनी से हार गया था।

सात्विक-चिराग की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मलेशिया ओपन में छाप छोड़ने को तैयार

कुआलालंपुर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरूष जोड़ी के साथ लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय जैसे भारतीय खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के पहले टूर्नामेंट मलेशिया सुपर 1000 में यादगार प्रदर्शन के साथ साल का आगाज करना चाहेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी 1.45 मिलियन डॉलर (लगभग 12.44 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। यह जोड़ी पिछले साल खिताब से चूक गयी थी लेकिन तीन और फाइनल में पहुंची, जिनमें से दो में जीत हासिल करने में सफल रही। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी पिछले सत्र की लय को जारी रखना चाहेगी। मलेशिया के कोच किम तान हर का फिर से साथ मिलने के बाद भारतीय जोड़ी चीनी ताइपे की मिंग चे लू और तांग की वेई की जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी।

पुरुष एकल में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 विजेता और पिछले महीने किंग कप इंटरनेशनल में तीसरे स्थान पर रहने वाले लक्ष्य अपनी हालिया सफलता को आगे बढ़ाना चाहेंगे। प्रणय पेरिस ओलंपिक में प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने के अंतराल के बाद खेल में वापसी कर रहे हैं। इस 32 साल के खिलाड़ी को चिकनगुनिया के कारण ब्रेक लेना पड़ा था। वह अपने अभियान का आगाज कनाडा के ब्रायन यंग के खिलाफ करेंगे। प्रतिभावान प्रियांशु राजावत इस सत्र में प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करना चाहेंगे।

वह अपने शुरुआती मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त चीन के खिलाड़ी ली शी फेंग से भिड़ेंगे। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रही है। उनकी हाल ही में शादी हुई है। उनकी अनुपस्थिति में महिला एकल में मालविका बंसोड़, आकर्षी कश्यप और अनुपमा उपाध्याय अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने की कोशिश करेंगें। महिला युगल में छठी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी लखनऊ में पहले सुपर 300 खिताब और सत्र के अंत में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में अपनी भागीदारी से मिली लय को बरकरार रखना चाहेगी।

स्वर्ण पदक विजेता बहादुर सागू बनेंगे एएफआई प्रमुख

चंडीगढ। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शॉटपुट खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की आमसभा की सालाना बैठक में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना तय है जो लंबे समय से इस पद पर बने आदिले सुमरिवाला की जगह लेंगे। 51 वर्ष के सागू ने 2002 बुसान एशियाई खेलों में शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2000 और 2004 ओलंपिक खेलों में भी भाग लिया। वह एथलीट आयोग प्रतिनिधि के तौर पर निवर्तमान कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। वह सीनियर चयन समिति के भी सदस्य हैं। एएफआई की सीनियर उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज के नाम वापिस लेने के बाद सागू अकेले उम्मीदवार बचे हैं। अंजू दूसरे कार्यकाल में भी सीनियर उपाध्यक्ष रहेंगी। दो दिवसीय एजीएम में अगले चार साल के लिये नये पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। साबू ने पुरूषों के शॉटपुट में 19.03 मीटर के थ्रो के साथ 2002 एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। उन्हें पद्मश्री सम्मान भी मिल चुका है। बाकी पदों के लिये चुनाव नहीं होंगे। संदीप मेहता को सचिव चुना जायेगा। वह निवर्तमान कार्यकारी परिषद में सीनियर संयुक्त सचिव थे।

10वीं राष्ट्रीय बैटल स्पोर्ट्स डांस में उत्तर प्रदेश ओवरऑल चैंपियन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टीम ने शिरडी (महाराष्ट्र) में गत 4 व 5 जनवरी 2025 तक आयोजित 10वीं राष्ट्रीय बैटल स्पोर्ट्स डांस चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी जीत ली। बैटल स्पोर्ट्स डांस एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव कमल जोशी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और 25 स्वर्ण, 5 रजत व 3 कांस्य सहित कुल 33 पदक जीते।

एसोसिएशन की संरक्षक एवं भारतीय खेल प्राधिकरण की पूर्व कार्यकारी निदेशक श्रीमती रचना गोविल (अर्जुन पुरस्कार विजेता, अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज और एथलीट) ने इस अवसर पर कहा कि भारत की पारंपरिक विरासत काफी समृद्ध है और डांस सदियों से हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

अन्य देशों के मुकाबले हमारे डांस में कई जटिल मूव है। इससे शरीर फिट बना रहता है और हमें डांस स्पोर्ट्स को प्रमोट करने की जरुरत है ताकि बच्चे अपनी संस्कृति को जाने और फिट भी रहे। एसोसिएशन के सीईओ केवी पंत ने बताया कि यह खेल 20 राज्यों में खेला जा रहा है और अगर सरकार इस खेल को प्रमोट करेगी तो हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह ने कहा कि डांस स्पोर्ट्स को ज्यादा से ज्यादा स्कूलों मे प्रमोट करना चाहिए। डांस स्पोर्ट्स में अन्य खेलों के जैसे साधना की बहुत जरुरत होती है और आज के समय में यूथ को आगे बढ़ने के लिए एकाग्रचित्त होने में इससे सहायता मिलती है। बैटल स्पोर्ट्स डांस एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के इन पदाधिकारियों सहित अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, उपाध्यक्ष सदन कुमार यादव, चेयरमैन रामानुज दीक्षित, विनय कुमार तथा कोच एवं मैनेजर ऋचा सिंह एवं प्रतिभा ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी।

पदक विजेताओं की सूची

उदिशा - क्लासिकल (अंडर-18) में स्वर्ण पदक

मनीष त्रिपाठी व साहिल खान - ड्यूएट (25 वर्ष से अधिक) में स्वर्ण पदक।

हैंडबॉल : भारतीय यूथ टीम खिताब से एक जीत दूर

लखनऊ। भारत की यूथ अंडर-18 टीम ने आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज - एशिया) में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में यूथ वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने कजाखिस्तान को 31-27 से हराकर खिताबी होड़ में इंट्री की। भारत की अब फाइनल में उज्बेकिस्तान से टक्कर होगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में बांग्लादेश को शिकस्त दी। आज रोमांचक सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने शुरू से ही अटैकिंग गेम का प्रदर्शन किया और प्रतिद्वंद्वी टीम पर दबाव बनाए रखा। हालांकि कजाखिस्तान के खिलाड़ियों ने भी अपनी चुस्ती से उन्हें खासी टक्कर दी। जीत में भारत के गोलकीपर नवीन की बड़ी भूमिका रही जिन्होंने पिछले मैचों की अपनी फार्म जारी रखते हुए विरोधी खिलाड़ियों के कई अटैक को नाकाम किया, उनको शानदार खेल दिखाने के चलते प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस मैच में जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, भारतीय खिलाड़ियों ने गेंद लेकर दौड़ लगाई और कजाखिस्तान के डिफेंस में कई बार सेंध लगाई लेकिन प्रतिद्वंद्वियों ने भी जवाबी अटैक से गोल दागे। मैच में मेजबान खिलाड़ी मध्यांतर तक 17-9 से आगे थे। भारत की जीत में रवि ने सर्वाधिक 13 गोल दागे। उनका साथ देते हुए रोहित ने 7 गोल करने में सफलता हासिल की। अंशु ने 4, मनीष यादव व सुयश अवस्थी ने 3-3 एवं प्रवीण गिल ने एक गोल किया। कजाखिस्तान की ओर से इगोर सुडारिकोव ने सर्वाधिक 10 गोल व वादिम कैसिन ने 7 गोल किए।

सेमीफाइनल में कजाखिस्तान को 31-27 से दी शिकस्त

आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज - एशिया)

चैंपियनशिप में आज के अतिथि श्री अतुल गुप्ता (रिटायर्ड आईएएस, पूर्व चीफ सेक्रेटरी, उत्तर प्रदेश शासन) ने खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उनका स्वागत हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय, लखनऊ हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव डा.सुमंत पाण्डेय भी मौजूद रहे। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान ने यूथ व जूनियर दोनों वर्गो के फाइनल में जगह बना ली।

यूथ अंडर-18 के पहले सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान ने बांग्लादेश को 42-22 से हराया। मैच में मध्यांतर तक उज्बेकिस्तान 18-13 से आगे था। टीम से एसिम्बेटोव जसुरबेक ने सबसे ज्यादा 10 गोल किए। तुगुनौव कुवोंचबेक ने 8 व सफारोव ने 6 गोल करने में सफलता हासिल की। इसके बाद जूनियर अंडर-20 के पहले सेमीफाइनल में भी उज्बेकिस्तान ने बांग्लादेश को 34-20 से हराया। मध्यांतर तक उज्बेकिस्तान 18-9 से आगे था। उज्बेकिस्तान से जोकिरोव उमिदजोन ने 5 जबकि मामादाज़िमोव, हसन शोइमोव, गैरात बारातोव व रहिमोव ने 4-4 गोल किए।

खो-खो टीम के लिए तीन साल के प्रायोजन की घोषणा

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय खो-खो टीम के साथ तीन साल के प्रायोजन की घोषणा की। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि राज्य जनवरी 2025 से दिसंबर 2027 तक सालाना पांच करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ओडिशा खनन निगम के माध्यम से वित्त पोषण प्रदान किया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम के साथ सफल प्रायोजन के बाद खो-खो के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रायोजन खेल विकास के लिए ओडिशा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल का उद्देश्य खो-खो की स्थिति को ऊपर उठाना और राष्ट्रीय टीम को आवश्यक सहायता प्रदान करना है। माझी ने कहा, यह भारत में खो-खो के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। अपने स्वदेशी खेलों का समर्थन करके हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ खिलाड़ियों के लिए नये अवसर भी पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह हमने भारतीय हॉकी को बदलने में भूमिका निभाई है उसी तरह हम खो-खो को भी फिर से लोकप्रिय बनाने के लिए कदम उठा रहे है। यह ओडिशा को खेल उत्कृष्टता के उत्प्रेरक के रूप में स्थापित करता है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस पहल का स्वागत किया।

देश के युवाओं से काफी उम्मीदें

नौसेना प्रमुख ने एनसीसी शिविर में जीवन का एबीसीडी मंत्र दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने जीवन का एबीसीडी मंत्र देते हुए सोमवार को कहा कि देश के युवाओं से काफी उम्मीदें हैं, खासकर तब जब भारत एक महान शक्ति बनने की अपनी स्पष्ट नियति को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) शिविर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने एनसीसी की प्रशंसा की और कहा कि 1948 में अपनी स्थापना के बाद से यह संगठन लगातार मजबूत होता गया है और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने अपने भाषण में स्वामी विवेकानंद के उद्धरणों का प्रयोग किया, बॉलीवुड की फिल्मों की प्रसिद्ध पंक्तियों का हवाला दिया और युवाओं को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करने हेतु पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एक कविता के साथ भाषण का समापन किया।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, आपसे बहुत सारी अपेक्षाएं हैं, विशेषकर तब जब देश अपनी स्पष्ट नियति को प्राप्त करने, एक महान शक्ति बनने के लिए, एक विकसित भारत बनने के लिए आगे बढ़ रहा है, जब अन्य देशों के लोग यहां रहना, अध्ययन करना और भारत के विकास का हिस्सा बनना चाहेंगे। उन्होंने कहा, आप लोग विशेष रूप से छात्र हैं इसलिए मैं एक सलाह देना चाहूंगा, मैं जीवन के चार सिद्धांतों पर प्रकाश डालना चाहूंगा, जिन्हें मैं चाहूंगा कि आप आत्मसात करें। मैं उन्हें जीवन की एबीसीडी कहता हूं। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि ए का अभिप्राय एटीट्यूड और ऐप्टिट्यूड (रवैया और योग्यता) है। इसलिए, जीवन में सकारात्मक रवैया रखें और नकारात्मकता के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, और, आपके पास खुद को बेहतर बनाने, अच्छा करने और बड़े उद्देश्य में योगदान देने की योग्यता होनी चाहिए और कभी हार न मानने का जज्बा होना चाहिए।

नौसेना अध्यक्ष ने कहा कि बी का अभिप्राय बिलीव इन यूअरसेल्फ (खुद पर विश्वास करना) है। उन्होंने कहा, इसलिए अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें ताकि आप जीवन में कुछ भी हासिल कर सकें, अपनी वर्तमान स्थिति, अपने माता-पिता या अभिभावकों की सामाजिक और वित्तीय स्थिति से बंधे न रहें, अपनी कड़ी मेहनत पर विश्वास रखें। उन्होंने कहा कि सी का अर्थ कैरेक्टर एंड कमिटमेंट (चरित्र और प्रतिबद्धता) है, क्योंकि चरित्र तब सामने आता है जब आप ऐसे समय में कुछ करते हैं और कोई देख नहीं रहा होता, जैसे आप अपनी टीम और अपने अधीनस्थों के साथ क्या करते हैं, आप अपने साथियों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं, आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ कैसे व्यवहार करते हैं जो आपके लिए कुछ नहीं कर सकता। नौसेना प्रमुख ने कहा, प्रतिबद्धता के लिए बहुत सारे त्याग की आवश्यकता होती है और आप जिस चीज के लिए प्रतिबद्ध हैं उस पर ध्यान केंद्रित रखना होता है। एडमिरल त्रिपाठी के जीवन की एबीसीडी के अनुसार, डी का अभिप्राय डिसिप्लिन (अनुशासन) है। उन्होंने कहा, किसी व्यक्ति में कितना आत्म-अनुशासन और दृढ़ दृष्टिकोण है।

लोकपाल ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत का किया निपटारा

नयी दिल्ली। भ्रष्टाचार-रोधी संस्था लोकपाल ने अधिकार क्षेत्र से बाहर होने का हवाला देते हुए पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाली एक शिकायत का निपटारा कर दिया है।



एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि 18 अक्टूबर, 2024 को भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के खिलाफ एक नेता और राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाने तथा उन्हें बचाने के लिए पद का दुरुपयोग करने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शिकायत दी गई थी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 10 नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हुए। लोकपाल ने अपने आदेश में विस्तार से इस पहलू की जांच की है कि क्या पद संभाल रहे किसी प्रधान न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम की धारा 14 के तहत उसके अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं, जिसके बाद उसने 382 पृष्ठों की इस शिकायत में लगाए गए विभिन्न आरोपों पर विस्तार से चर्चा करने से बचने का निर्णय लिया। तीन जनवरी के आदेश में कहा गया, हम और कुछ नहीं कहेंगे। लोकपाल अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर और पांच अन्य सदस्यों द्वारा दिए गए आदेश में कहा गया है, उपर्युक्त के आलोक में, हम इस शिकायत को अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए इसका निपटारा करते हैं।

आदेश में कहा गया है कि शिकायतकर्ता कानून के तहत अन्य उपायों को अपनाने के लिए स्वतंत्र है। इसमें कहा गया, ऐसा नहीं समझा जा सकता कि हमने आरोपों के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त की है। लोकपाल ने अधिनियम की धारा 14 के तहत विभिन्न प्रावधानों - प्रधानमंत्री, मंत्रियों, संसद सदस्यों, समूह ए, बी, सी और डी के अधिकारियों तथा केंद्र सरकार के अधिकारियों को शामिल करने के लिए लोकपाल के अधिकार क्षेत्र - की जांच की। आदेश में कहा गया, इस प्रावधान की शाब्दिक और यहां तक कि प्रासंगिक व्याख्या हमें इस निष्कर्ष पर ले जाती है।

ऑस्ट्रिया के धुर दक्षिणपंथी नेता ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

एजेंसी

विएना। ऑस्ट्रियन फ्रीडम पार्टी के नेता हर्बर्ट किकल ने सोमवार को देश के राष्ट्रपति से मुलाकात की, जिससे सरकार बनाने का उन्हें मौका मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं और अगर ऐसा होता है तो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऑस्ट्रिया में पहली बार धुर दक्षिणपंथी नेता के नेतृत्व में सरकार बनेगी। किकल की पार्टी ने सितंबर में ऑस्ट्रिया के संसदीय चुनाव में 28.8 प्रतिशत मत प्राप्त कर जीत हासिल की तथा निवर्तमान चांसलर कार्ल नेहमर की रूढ़िवादी ऑस्ट्रियन पीपुल्स पार्टी को दूसरे स्थान पर धकेल दिया।

गठबंधन सरकार की उम्मीदें बढ़ीं

अमेरिकी एनएसए से मिले जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से बातचीत की और बाइडन प्रशासन के तहत पिछले चार साल में भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की व्यापक समीक्षा की। सुलिवन अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने से दो सप्ताह पहले भारत की यात्रा पर हैं।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में जयशंकर ने भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने में सुलिवन के व्यक्तिगत योगदानै के लिए उनकी सराहना की। द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए शुरू किए गए सबसे महत्वपूर्ण कदमों से एक महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) थी। आईसीईटी को मई 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बाइडन द्वारा महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग के उद्देश्य से शुरू किया गया था। जयशंकर ने कहा, आज सुबह नयी दिल्ली में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से मिलकर खुशी हुई। द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग को गहरा करने पर हमारी चल रही चर्चा जारी रही। पिछले चार साल में हमारी बातचीत के खुलेपन की सराहना करता हूं।

भारत-अमेरिका के बीच घनिष्ठ और मजबूत साझेदारी बनाने में उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए उनकी सराहना करता हूं। सुलिवन आईसीईटी के तहत सहयोग में प्रगति के साथ-साथ द्विपक्षीय रक्षा जुड़ाव की समीक्षा के लिए अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ भी व्यापक वार्ता करेंगे।

ट्रंप की चुनावी जीत की पुष्टि करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस तैयार

वाशिंगटन। अमेरिका के बर्फीले तूफान से जूझने के बीच कांग्रेस (संसद) की बैठक बुलायी गयी है जिसमें राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव की पुष्टि की जाएगी। यह बैठक छह जनवरी (2021) की घटना की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रही है जब उस समय के पराजित उम्मीदवार ने चुनाव परिणाम को पलटने की कोशिश की थी लेकिन इस बार वह निर्वाचित होकर वैध तरीके से सत्ता में वापस आ रहे हैं। संसद की बैठक सोमवार को दोपहर में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी। संसद भवन परिसर के चारों ओर उंची काली बाड़ चार साल पहले की घटनाओं की याद दिलाती हैं।

सौर ऊर्जा से मीठे पानी में बदलेगा खारा पानी, आईआईटी ने ईजाद की तकनीक

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने खासकर तटीय क्षेत्रों और दूर-दराज के इलाकों में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल से खारे पानी को मीठे पानी में बदलने वाली किफायती तकनीक विकसित की है। आईआईटी इंदौर के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर रूपेश देवन के नेतृत्व वाले अनुसंधान दल ने इंटरफेशियल सोलर स्टीम जनरेशनै (आईएसएसजी) तकनीक से खारे पानी को मीठे पानी में बदलने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि यह पर्यावरण हितैषी तकनीक खारे पानी को शुद्ध करने के लिए ऐसे उन्नत फोटोथर्मल पदार्थों का इस्तेमाल करती है जो सूर्य के प्रकाश को ऊष्मा में बदल देते हैं और इस ऊष्मा का इस्तेमाल खारे पानी को गर्म करने में किया जाता है।

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने बताया, सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर ये फोटोथर्मल पदार्थ आईएसएसजी तकनीक के कारण तेजी से गर्म हो जाते हैं। इस ऊष्मा से खारे पानी का वाष्पीकरण हो जाता है और इसमें मौजूद लवण और प्रदूषक तत्व अलग हो जाते हैं।

भारत में पानी का प्रवाह नहीं होगा प्रभावित : चीन

एजेंसी

बीजिंग। चीन ने भारत की सीमा के पास तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की अपनी योजना को लेकर कहा कि प्रस्तावित परियोजना गहन वैज्ञानिक सत्यापन से गुजर चुकी है और नदी प्रवाह के निचले इलाकों में स्थित भारत और बांग्लादेश पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। लगभग 13.7 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना पारिस्थितिक रूप से नाजुक हिमालयी क्षेत्र में टेक्टोनिक प्लेट सीमा पर स्थित है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां प्रेस वार्ता में बताया कि यारलुंग सांगपो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बती नाम) के निचले क्षेत्र में चीन द्वारा किए जा रहे जलविद्युत परियोजना के निर्माण का गहन वैज्ञानिक सत्यापन किया गया है और इससे निचले हिस्से में स्थित देशों के पारिस्थितिकी पर्यावरण, भूविज्ञान और जल संसाधनों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाने का प्रस्ताव

इमरान और पत्नी के खिलाफ फैसला 13 को

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सोमवार को अपना फैसला 13 जनवरी तक के लिए टाल दिया। जियो न्यूज के अनुसार, भ्रष्टाचार-रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसला 23 दिसंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। बाद में उन्होंने फैसला सुनाने की नयी तारीख छह जनवरी तय की। न्यायाधीश राणा सोमवार को छुट्टी पर थे और अदालत के कर्मचारियों ने बताया कि अब फैसला 13 जनवरी को सुनाया जाएगा। अदालत ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अभियोजक और इमरान के वकील को भी फैसले के स्थगन के बारे में जानकारी दी। यह स्थगन ऐसे समय आया है जब सरकार और खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बीच पूर्व प्रधानमंत्री और कई अन्य नेताओं के कारावास के कारण देश में राजनीतिक अस्थिरता को दूर करने के लिए बातचीत चल रही है। अब तक दो दौर की वार्ता हो चुकी है और इस सप्ताह एक और दौर की वार्ता होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने दिसंबर 2023 में खान (72), बीबी (50) और छह अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय कोष को 19 करोड़ पाउंड का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

आईसीटी से शेख हसीना को दूसरा वारंट

ढाका। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 11 अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आईसीटी ने जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया है, उनमें सेना के पूर्व जनरल और एक पूर्व पुलिस प्रमुख भी शामिल है। इन लोगों पर, जबरन लोगों को गायब किये जाने की घटनाओं में कथित भूमिका के लिए मुकदमा चलाया गया है। यह हसीना के खिलाफ आईसीटी द्वारा जारी किया गया दूसरा गिरफ्तारी वारंट है। पिछले वर्ष अगस्त में सरकार विरोधी प्रदर्शनों और अवामी लीग की सरकार गिरने के बाद हसीना ने भारत में शरण ली थी। न्यायाधिकरण ने अब तक हसीना के खिलाफ तीन मामले दर्ज किये हैं।

अभिनव वर्ष 2025 एवं भारतीय गणतंत्र दिवस, मकर संक्रान्ति की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

मा. आराधना मिश्रा मोना
विधायक रामपुर-खास
नितिन मिश्र
युवा समाजसेवी
अझारा वार्ड, लालगंज-प्रतापगढ़

अभिनव वर्ष 2025 एवं भारतीय गणतंत्र दिवस, मकर संक्रान्ति की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
एस.वी.एम. ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट लालगंज, प्रतापगढ़ संचालित संस्थाएं-
1. सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज लालगंज, प्रतापगढ़।
2. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लालगंज, प्रतापगढ़।
3. सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज, प्रतापगढ़।
4. सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी नर्सिंग महाविद्यालय लालगंज, प्रतापगढ़।
5. बाबा दूधनाथ सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।
6. बाबा दूधनाथ सरस्वती शिशु मंदिर सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।
7. भगवती प्रसाद बालिका इण्टर कालेज ढाखापुर दिशनी पटटी प्रतापगढ़।
8. मां कुंती देवी महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सराय सुल्तानी गौरा प्रतापगढ़।
9. एस.वी.एम. टेक्निकल इंस्टीटयूट लालगंज, प्रतापगढ़।
10. आचार्य रमाकांत महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान शिवसत दिलीपपुर प्रतापगढ़।
11. कर्मा देवी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान लालगंज, प्रतापगढ़।
12. एस.वी.एम. फार्मेसी कालेज लालगंज, प्रतापगढ़।
13. एस.वी.एम. फार्मेसी कालेज रानीगंज प्रतापगढ़।
प्रस्तावित संस्थाएं-
1. एस.वी.एम. लॉ कालेज लालगंज, प्रतापगढ़। त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम
2. मां दौलती देवी विधि महाविद्यालय शिवसत, प्रतापगढ़ त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम


इं. पूर्णांशु ओझा (श्यामू भइया)
उप प्रबन्धक
प्रो. शिवाकान्त ओझा
पूर्व मंत्री उ.प्र. शासन
संस्थापक/प्रबन्धक

अभिनव वर्ष 2025 एवं भारतीय गणतंत्र दिवस, मकर संक्रान्ति की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
विद्युत मिश्र
प्रधान-हर्षपुर कोटवा
विकासखण्ड लालगंज प्रतापगढ़

अभिनव वर्ष 2025 एवं भारतीय गणतंत्र दिवस, मकर संक्रान्ति की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

मा. आराधना मिश्रा 'मोना'
विधायक रामपुर-खास
धीरेन्द्र पाण्डेय
सदस्य क्षेत्र पंचायत अमावां
जनता शिक्षा समिति हाईस्कूल अमांवा
विकासखण्ड लालगंज, प्रतापगढ़

अभिनव वर्ष 2025 एवं भारतीय गणतंत्र दिवस, मकर संक्रान्ति की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार तिवारी

एडवोकेट
पूर्व महामंत्री
संयुक्त अधिवक्ता संघ
लालगंज प्रतापगढ़

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com